


आपकी बात, निर्भीकता के साथ

# प्रातःनागपुरी

आरएनआई पंजीयन सं. JHABIL/2023/86791

वर्ष : 01 अंक : 193 | रांची, बुधवार, 26 जून, 2024 (आषाढ़ कृष्ण 05, संवत 2081), पृष्ठ- 12, मूल्य- 3 रुपये | email : jharkhandwanitaudyog@gmail.com





## राहुल गांधी होंगे लोकसभा में विपक्ष के नेता, इंडिया गठबंधन ने किया एलान



**नई दिल्ली।** तमाम कयासों के बीच आखिरकार इंडिया गठबंधन ने राहुल गांधी को लोकसभा में नेता विपक्ष चुन लिया गया है। लोकसभा स्पीकर चुनाव से महज एक दिन पहले इंडिया गठबंधन की बैठक ने यह फैसला लिया है। इस तरह अगले पांच साल संसद में राहुल गांधी बनाम पीएम मोदी की बिसात बिछ गई है। हाल के चुनाव परिणामों के बाद कांग्रेस के हौसले बुलंद हैं। ऐसे में राहुल गांधी को लोकसभा में नेता विपक्ष चुना जाना उनके राजनीतिक करियर के लिए भी अहम पड़ाव है। फिलहाल इस बात के कयास पहले से ही थे। असल में इंडिया गठबंधन ने मंगलवार शाम को बैठक बुलाई थी। वैसे तो यह बैठक लोकसभा चुनाव के स्पीकर के लिए थी, लेकिन इन सबके बीच लोकसभा में विपक्ष के नेता पर चर्चा हुई और आखिरी निर्णय पर मुहर भी लग गई।

# जाट व सिख रेजिमेंट की तरह बने आदिवासी रेजिमेंटः चंपाई सोरेन

- भारतीय सेना के जनरल ऑफिसर, कमांडिंग-इन-चीफ रामचंद्र तिवारी ने सहयोग का दिलाया भरोसा

प्रातः नागपुरी संवाददाता, रांची



मंगलवार को झारखंड मंत्रालय में मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से भारतीय सेना के जनरल ऑफिसर, कमांडिंग-इन-चीफ (ईस्टर्न कमांड) और लेफ्टिनेंट जनरल रामचंद्र तिवारी ने शिष्टाचार मुलाकात की। सीएम ने आदिवासी रेजिमेंट बनाने की अपनी भावना से उन्हें अवगत कराया। उन्होंने कहा कि इससे देशभर के आदिवासियों को सेना में अलग पहचान मिलेगी। आर्मी की बहाली में राज्य के आदिवासियों को अधिक से अधिक अवसर दिए जाएं। सेना इसके लिए पहल करे। सेना को उन्होंने भरोसा दिया कि पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिकोण से झारखंड में इकोलॉजिकल टेरिटोरियल आर्मी के गठन में सरकार पूरा सहयोग करेगी। सीएम चंपाई सोरेन ने भारतीय सेना के जनरल ऑफिसर रामचंद्र तिवारी से कहा कि जाट रेजिमेंट, बिहार रेजिमेंट, पंजाब रेजिमेंट, सिख रेजिमेंट और मद्रास रेजिमेंट की तर्ज पर आदिवासी रेजिमेंट भी बनाया जाए। उन्होंने कहा कि आदिवासी रेजिमेंट के गठन से देशभर के आदिवासियों को सेना में अलग पहचान मिल सकेगी।

**इकोलॉजिकल टेरिटोरियल आर्मी बनाने में सरकार करेगी मदद** : लेफ्टिनेंट जनरल रामचंद्र तिवारी ने झारखंड में पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिकोण से इकोलॉजिकल टेरिटोरियल आर्मी के गठन का प्रस्ताव रखा। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस मामले में सेना द्वारा प्रस्ताव मिलने पर सरकार पूरा सहयोग करेगी। सेना के इकोलॉजिकल टेरिटोरियल आर्मी में भूतपूर्व सैनिक होते हैं, जो पर्यावरण के लिए कार्य करते हैं। झारखंड में इकोलॉजिकल टेरिटोरियल आर्मी के गठन से पर्यावरण संरक्षण की मुहिम में सेना भी बड़े स्तर पर अपना योगदान दे सकेगी। खासकर इस राज्य के भौगोलिक परिवेश को देखते हुए जंगलों और खनन क्षेत्र में वृक्षारोपण और अन्य माध्यमों से पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा।

**आर्मी बहाली में आदिवासियों को अधिक से अधिक मिले अवसर** : मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि भारतीय सेना में झारखंड के आदिवासी युवा अपनी सेवा देते आ रहे हैं। आर्मी बहाली में यहां के आदिवासियों को और ज्यादा से ज्यादा अवसर मिले। सेना आदिवासियों को आगे लाने की दिशा में पहल करे। लेफ्टिनेंट जनरल रामचंद्र तिवारी ने मुख्यमंत्री को भरोसा दिलाया कि इस दिशा में सेना की स्थानीय जीओसी के माध्यम से आदिवासियों को सेना बहाली के योग्य तैयार करने के लिए प्रशिक्षण समेत अन्य सभी सहयोग किया जाएगा।

**डूरंड कप के आयोजन में सहयोग करने के लिए जताया आभार** : लेफ्टिनेंट जनरल रामचंद्र तिवारी ने डूरंड कप फुटबॉल प्रतियोगिता के आयोजन में राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे सहयोग के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया। उन्होंने बताया कि डुरंड कप (प्रेसिडेंट कप) एशिया की सबसे पुरानी और विश्व की दूसरी सबसे पुरानी फुटबॉल प्रतियोगिता है। इस बार जमशेदपुर की मेजबानी में इस प्रतियोगिता का आयोजन होना है, जिसमें राज्य सरकार हर स्तर पर सहयोग कर रही है। मौके पर सीएम के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, लेफ्टिनेंट जनरल राजेंद्र पुरी, मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल, मेजर जनरल परमवीर सिंह डागर, कर्नल वीएस आडकर और मेजर जनरल एमपी सिंह मौजूद थे।

## आयुष्मान कार्ड से वंचितों को मिलेगी 15 लाख रुपये तक इलाज की सुविधा

- नई योजना शुरू करने की प्रक्रिया जल्द पूरी करने का सीएम ने दिया निर्देश

**रांची।** राज्य का कोई भी गरीब व्यक्ति इलाज से वंचित ना रहे, इसके लिए सरकार एक नई योजना शुरू करने जा रही है। इस योजना के तहत आयुष्मान कार्ड से वंचित वैसे सभी व्यक्ति, जिनका राशन कार्ड होगा, उन्हें 15 लाख रुपए तक की इलाज की सुविधा मिलेगी। ऐसे में इस योजना को जल्द से जल्द शुरू करने की सभी प्रक्रियाएं जल्द पूरी करने का निर्देश मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन ने अधिकारियों को दिया। वे 25 जून को स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग की योजनाओं की समीक्षा को लेकर उच्च स्तरीय बैठक कर रहे थे।

स्वास्थ्य उप केंद्रों को सुविधायुक्त बनाएं : मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के सभी स्वास्थ्य उप केंद्रों को बेहतर बनाया जाए, ताकि ग्रामीणों को यहां प्राइमरी इलाज की सुविधा उपलब्ध हो।

शेष पेज 08 पर

## गरीब और वंचित परिवारों को गैस सिलेंडर में मिलेगी सब्सिडी

- सीएम चंपाई ने रसोई गैस सब्सिडी योजना के लाभुकों के चयन का मानक यथाशीघ्र तय करने का अधिकारियों को दिया निर्देश
- मुख्यमंत्री ने की खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग की समीक्षा




**रांची।** झारखंड के गरीब और वंचित परिवारों को किफायती दर पर गैस सिलेंडर चंपाई सरकार देगी। सरकार घेरलू गैस सिलिंडर में सब्सिडी देगी। इसके लिए मुख्यमंत्री ने रसोई गैस सब्सिडी योजना के लाभुकों के चयन का मानक यथाशीघ्र तय करने का निर्देश अधिकारियों को दिया। यह निर्देश उन्होंने मंगलवार को खाद्य आपूर्ति विभाग की समीक्षा बैठक में दी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की यह एक अति महत्वपूर्ण योजना है।

शेष पेज 08 पर

### आज धनबाद को देंगे 400 करोड़ की सौगात

**रांची।** मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन बुधवार को धनबाद जाएंगे। सीएम दोपहर एक बजे हेलीकॉप्टर से बरवाअड्डा हवाई अड्डा पर उतरेंगे। वहां से वह सीधे कार्यक्रम स्थल मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री बनने के बाद वह पहली बार धनबाद में किसी सरकारी समारोह में शामिल होंगे। इस मौके पर वह 400 करोड़ रुपये से अधिक की योजनाओं का ऑनलाइन शिलान्यास व उद्घाटन करेंगे। साथ ही लाभुकों के बीच करोड़ों रुपये की परिसंपत्तियों का वितरण करेंगे। कुछ लोगों के बीच नियुक्ति पत्र भी बांटेंगे। दिन के तीन बजे सीएम रांची लौट जाएंगे। उनके दौरे को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारी पूरी कर ली है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री विभिन्न योजनाओं के लाभुकों के बीच परिसम्पत्तियों का वितरण करेंगे। इनमें अबुआ आवास, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि, व्हील चेयर वितरण, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत एक मनिहारी दुकान, एक राशन दुकान व एक स्कॉर्पियो वाहन का वितरण करेंगे। इसके साथ ही पशुधन योजना, साइकिल वितरण, वेद ब्यास आवास निर्माण, रंगीन मछली पालन, मिनी ट्रैक्टर व कृषि उपकरण, प्रधानमंत्री आवास (शहरी) योजना, स्वयं सहायता समूह को बैंक लिंकेज के माध्यम से ऋण, मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना, मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना व हिट एंड रन के दो मामले में लाभुकों को दो-दो लाख का वितरण करेंगे।

## संक्षिप्त

### अमरनाथ यात्रा 28 जून से, 52 दिनों की यात्रा के लिए त्रिस्तरीय सुरक्षा

**जम्मू।** जम्मू में वार्षिक अमरनाथ यात्रा की शुरूआत 28 जून से हो रही है। इस बार अमरनाथ यात्रा 52 दिनों तक चलेगी। जम्मू के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) विनोद कमार ने कहा कि यात्रा के लिए पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की गयी है। जम्मू के भगवती नगर इलाके में स्थित आधार शिविर के लिए त्रिस्तरीय सुरक्षा उपाय किये गये हैं। शिविर और इसके आस पास के क्षेत्र की 24 घंटे निगरानी के लिये बॉडी स्कैनर और सीसीटीवी कैमरा लगाया गया है, जिसमें 360 डिग्री पर घूमने वाला कैमरा भी शामिल है।

### भाजपा विधायक शंकर घोष होंगे विपक्ष के नये मुख्य सचेतक

**कोलकाता।** भाजपा के विधायक शंकर घोष को पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष का नया मुख्य सचेतक नियुक्त किया गया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। यह घोषणा भाजपा विधायक मनोज तिग्गा के मुख्य सचेतक पद से इस्तीफा देने और यह पद खाली होने के बाद की गयी। तिग्गा 18वीं लोकसभा के लिए अलीपुरद्वार सीट से भाजपा के टिकट पर निर्वाचित हुए हैं।

### कंगना रनौत की 'इमरजेंसी' सितंबर में

**मुंबई।** अभिनेत्री से सांसद बनीं कंगना रनौत की फिल्म 'इमरजेंसी' छह सितंबर को रिलीज होगी। रनौत ने 'इमरजेंसी' में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका निभायी है।

## अरबों रुपये के जीएसटी घोटाला में जमशेदपुर का स्क्रैप कारोबारी बबलू जायसवाल गिरफ्तार

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि, जमशेदपुर



जमशेदपुर के जाने माने स्क्रैप कारोबारी बबलू जायसवाल उर्फ ज्ञानचंद जायसवाल को जीएसपी घोटाला के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। जीएसटी विभाग बीते छह माह से बबलू की गतिविधि पर नजर बनाए हुए था। बबलू को सोमवार की देर शाम पहले जीएसटी के साकची स्थित इंटेलिजेंस विभाग के कार्यालय में बुलाया गया। उससे कई बार बातचीत की गयी, उसके बाद उसको हिरासत में ले लिया गया। मंगलवार को उसे जेल भेज दिया गया। इसके पूर्व इस मामले में जीएसटी विभाग ने विक्की भालोटिया, अमित गुप्ता, सुमित गुप्ता और शिवदौड़ा को गिरफ्तार कर जेल भेजा था, जिनसे पूछताछ में बबलू का नाम सामने आया था। इस मामले में मुख्य अभियुक्त रांची निवासी विवेक नरसरिया अब तक फरार है।

शेष पेज 08 पर

### भाकपा माओवादी तिलकमान साहू को आठ साल की सजा

रांची। रांची-न्यायायुक्त दिवाकर पांडे की अदालत ने पोटा अधिनियम-2002 के तहत दोषी भाकपा माओवादी तिलकमान साहू को आठ साल की सश्रम कारावास की सजा सुनायी। इसके साथ ही 50 हजार का जुर्माना लगाया। जुर्माने की राशि नहीं देने पर अतिरिक्त आठ माह सश्रम कारावास की सजा काटनी होगी। 22 साल पुराने मामले में अदालत ने फैसला सुनाया।रांची सिविल कोर्ट के न्यायायुक्त दिवाकर पांडे की अदालत ने मंगलवार को फैसला सुनाया और दोषी तिलकमान साहू को आठ साल की सजा सुनायी।

शेष पेज 08 पर

## सीबीआई ने विशेष अदालत को नीट पेपर लीक मामले में सौंपी अपनी एफआईआर

एजेंसियां, नई दिल्ली




नीट-यूजी 2024 के प्रश्नपत्र लीक मामले में सीबीआई ने अपनी दर्ज प्राथमिकी मंगलवार को पटना स्थित ब्यूरो की विशेष अदालत को सौंप दी। सीबीआई ने यह प्राथमिकी पटना के शास्त्री नगर थाने में दर्ज प्राथमिकी के आधार पर दर्ज की है, जिसमें उक्त प्राथमिकी में दर्ज अभियुक्तों के अलावा अन्य को भी अभियुक्त बनाया है। सीबीआई ने विशेष अदालत में मंगलवार दो आवेदन भी दाखिल किये हैं। एक आवेदन इस मामले में जेल में बंद अभियुक्तों की पेशी के लिए और दूसरा आवेदन जेल में बंद अभियुक्तों से पूछताछ के लिए पुलिस रिमांड के लिए दिया है। दोनों आवेदन पर सुनवाई 26 जून 2024 को होगी।

**दो जमानत याचिका वापस, दो और 15 जुलाई को सुनवाई** : इस बीच इस मामले के जेल में बंद अभियुक्तों की पटना के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेंद्र कुमार सिन्हा की अदालत में लंबित आठ जमानत याचिकाओं में से दो अभियुक्तों की जमानत याचिका मंगलवार वापस ले ली गयी है। बाकी बचे छह अभियुक्तों की जमानत याचिकाओं पर सुनवाई के लिए 2 जुलाई 2024 की तिथि तय की गयी है।

वहीं, इस मामले में अभियुक्त बनाये गये संजीव कुमार की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई के लिए 15 जुलाई 2024 की तिथि तय है।

शेष पेज 08 पर

## शपथ लेने के बाद असदुद्दीन ओवैसी ने लगाया फिलस्तीन के समर्थन में नारा



**नई दिल्ली।** लोकसभा में मंगलवार को सांसदों का शपथग्रहण हुआ। इस बीच तेलंगाना के हैदराबाद से एक बार फिर चुनकर सांसद बने असदुद्दीन ओवैसी ने लोकसभा में अपने शपथग्रहण से नए विवाद को जन्म दे दिया। दरअसल, ओवैसी ने शपथ लेने के आखिर में फिलस्तीन के समर्थन में नारा लगाया। इसे लेकर सत्तापक्ष के सांसदों ने विरोध दर्ज कराया। बाद में सभापति ने इसे रिकॉर्ड से हटाने का निर्देश दिया। अब चर्चा इस बात पर हो रही है कि इस घटना के बाद ओवैसी पर क्या कार्रवाई हो सकती है।

सदन में ओवैसी के नारा लगाने के बाद प्रोटेम स्पीकर भर्तृहरि महताब ने कहा कि केवल शपथ का मूल पाठ ही रिकॉर्ड में दर्ज किया जा रहा है।

शेष पेज 08 पर

## रातू थाना का घूसखोर सब इंस्पेक्टर सत्येंद्र सिंह 35 हजार रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार

- भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने की कार्रवाई

प्रातः नागपुरी संवाददाता, रांची



भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने रांची के रातू थाना में पदस्थापित सब इंस्पेक्टर सत्येंद्र सिंह को 35 हजार रुपये घूस लेते गिरफ्तार किया। झूठे केस से निकालने एवं अच्छी डायरी लिखने के लिए पैसे की मांग की थी। इस बाबत आवेदिका श्रीमती बबीता कुमारी ने ब्यूरो को आवेदन दिया था।

रातू के कृष्णा नगर कांठीटांड निवासी श्रीमती बबीता कुमार (पति-विजय कुमार) ने ब्यूरो को लिखित आवेदन दिया था। उसमें कहा था कि उनके पति विजय कुमार सिंह को झूठे केस (रातु थाना कांड सं0-175/24 एवं 176/24) में प्राथमिकी कर नामजद अभियुक्त बनाया गया है। केस के अनुसंधानकर्ता रातू थाना के सब इंस्पेक्टर सत्यन्द्र सिंह ने आवेदिका के पति को केस से निकालने एवं अच्छी डायरी लिखने के लिए 1 लाख रुपये की मांग की। वादी रिश्वत देकर काम नहीं कराना चाहती थी। इसके लिए वादी द्वारा कानूनी कार्रवाई के लिए ब्यूरो को लिखित आवेदन दिया गया।

शेष पेज 08 पर

## हजारीबाग में पांच गाड़ियां आपस में टकराईं, तीन लोगों की हुई मौत



**हजारीबाग।** झारखंड के हजारीबाग जिले की दनुवा घाटी को 'मौत की घाटी' क्यों कहा जाने लगा है? वजह है यहां आए दिन होने वाली सड़क दुर्घटनाएं और उनमें होने वाली मौत के आंकड़े। मंगलवार को एक बार फिर दनुवा घाटी में बड़ी दुर्घटना हो गई, जिसमें तीन लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। यह घटना हजारीबाग के चौपारण थाना क्षेत्र के दनुवा घाटी में हुई है। इस हादसे में पांच गाड़ियां आपस में टकरा गई, जिसमें तीन ट्रेलर और दो कंटेनर शामिल हैं। इस दौरान दो कंटेनर खाई में गिर गई। साथ ही दो गाड़ियों के परखच्चे उड़ गए। वहीं, इस घटना के समय एक बाइक कंटेनर की चपेट में आ गई, जिसमें दो बाइक सवार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

शेष पेज 08 पर

# आज 48 साल बाद होगा लोकसभा स्पीकर का चुनाव

एजेंसियां, नई दिल्ली

लोकसभा के अध्यक्ष पद के लिए कल यानी बुधवार (26 जून) को चुनाव होगा। एनडीए ने स्पीकर पद के लिए ओम बिरला को उम्मीदवार बनाया है। ओम बिरला राजस्थान के कोटा से बीजेपी सांसद हैं। वो तीसरी बार सांसद चुने गये हैं। अगर वो चुनाव जीत जाते हैं, तो वह दो दशक से अधिक समय में इस पद पर दोबारा आसीन होने वाले पहले व्यक्ति होंगे। उन्होंने राजस्थान के कोटा से कांग्रेस उम्मीदवार प्रह्लाद गुंजल को हराकर यह सीट जीती है। बता दें प्रह्लाद गुंजल बीजेपी से कांग्रेस में चले गये थे। बिरला ने गुंजल को 41 हजार से अधिक वोटों से हराकर कोटा लोकसभा सीट से जीत हासिल की है।



- ओम बिरला दूसरी बार बन सकते हैं अध्यक्ष

**एनडीए ने बनाया स्पीकर पद का उम्मीदवार**: ओम बिरला को मंगलवार को एनडीए ने सर्वसम्मति से लोकसभा अध्यक्ष का उम्मीदवार बनाया है।

शेष पेज 08 पर

### कौन हैं ओम बिरला

कोटा से सांसद ओम बिरला को पर्दे के पीछे रहकर संगठन के लिए काम करने वाला नेता के तौर पर जाना जाता है। उन्होंने साल 1991 से 2003 तक भाजपा की युवा शाखा के लिए काम किया और इस दौरान भाजपा के आम कार्यकर्ता से लेकर बड़े नेताओं के संपर्क में आए। 2019 में सबको चौंकाते हुए लोकसभा अध्यक्ष के लिए उनका नाम प्रस्तावित किया गया। बिरला पहले ऐसे लोकसभा अध्यक्ष हैं जिनके कार्यकाल में कोई लोकसभा उपाध्यक्ष नहीं चुना गया। बिरला के नाम संसद के पुराने और नये दोनों भवनों में लोकसभा की अध्यक्षता करने का रिकॉर्ड भी दर्ज है।

### इंडिया गठबंधन में दरार? स्पीकर चुनाव को लेकर टीएमसी बोली- कांग्रेस ने हमसे नहीं ली सलाह



**नई दिल्ली।** 18वीं लोकसभा के लोकसभा स्पीकर पद के लिए विपक्षी गठबंधन इंडिया ने के सुरेश को उम्मीदवार बनाया है। लेकिन इस फैसले के बाद ऐसा लग रहा है कि इस फैसले के बाद विपक्षी खेमे में सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। टीएमसी और कांग्रेस के बीच फिर से अनबन देखने को मिल रही है। तृणमूल कांग्रेस ने मंगलवार को दावा किया कि लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए कांग्रेस के उम्मीदवार को समर्थन देने के बारे में उनसे सलाह नहीं ली गई। वहीं, कांग्रेस पार्टी ने दावा किया कि उसने अपने सांसद के. सुरेश को भाजपा के ओम बिरला के खिलाफ अध्यक्ष पद के लिए उम्मीदवार बनाने का एलान करने से पहले टीएमसी को फोन किया था। लोकसभा स्पीकर का चुनाव बुधवार को होना है। इसमें एनडीए ने फिर से ओम बिरला को ही अपना उम्मीदवार बनाया है और इंडिया अलायंस ने सुरेश को मैदान में उतारा है।

शेष पेज 08 पर

## अनशन पर विरामः आतिशी की बिगड़ी तबीयत

एजेंसियां, नई दिल्ली

दिल्ली में जल संकट को लेकर भूख हड़ताल कर रहीं जल मंत्री आतिशी की 24-25 जून की दरम्यानी रात तबीयत बिगड़ गई। जिसके बाद आम आदमी पार्टी (आप) नेता संजय सिंह और अन्य पार्टी नेता-कार्यकर्ता आतिशी को देर रात लोक नायक जयप्रकाश नारायण अस्पताल (एलएनजेपी) के डॉक्टरों के पास लेकर पहुंचे।

**आतिशी का हेल्थ बुलेटिन** : मंत्री आतिशी के स्वास्थ्य पर एलएनजेपी अस्पताल के चिकित्सा निदेशक सुरेश कुमार ने कहा कि जब आतिशी को अस्पताल लाया गया, तो उनका ब्लड शुगर कम था। उनका सोडियम लेवल भी कम था। उन्हें इमरजेंसी आईसीयू में भर्ती कराया गया है। उन्हें अभी IV फ्लूइड पर रखा गया है। उनके महत्वपूर्ण पैरामीटर अभी स्थिर हैं। कुछ ब्लड टेस्ट किए गए हैं, रिपोर्ट का इंतजार है।



**अनशन पर लगा विराम** : आप सांसद संजय सिंह ने कहा कि अब अनशन की लड़ाई को विराम दिया जा रहा है। सारी विपक्षी पार्टियों को लामबंद करके संसद के अंदर पानी की आवाज को बुलंद करेंगे। दिल्ली में पानी की उपलब्धता होगी। मौसम भी ठीक हुआ है। पानी की मात्रा भी बढ़ी है। 10 एमजीडी पानी बढ़ा है। स्थिति बेहतर होंगी। अब 90 एमजीडी पानी रोजाना कम आ रहा है। दिल्ली सरकार में मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा, 'रात से ही उनका (अतिशी) ब्लड शुगर लेवल गिर रहा था। जब हमने उनका ब्लड सैंपल दिया, तो शुगर लेवल 46 निकला था।

शेष पेज 08 पर

## संक्षिप्त

### सिल्ली कॉलेज में स्नातक की परीक्षा शुरू

**सिल्ली।** सिल्ली कॉलेज सिल्ली में बीए, बीएससी एवं बीकॉम सत्र (2021-24) की फाइनल परीक्षा मंगलवार से शुरू हो गई। पहले दिन पेपर 13 की परीक्षा शांति पूर्ण तरीके से संपन्न हो गई। तीनों संकायों में कुल 1050 विद्यार्थी परीक्षा दे रहे हैं। परीक्षा आगामी दो जुलाई तक चलेगी। कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य अनंत कुमार महतो समेत कॉलेज परिवार ने सभी परीक्षार्थियों को शुभकामनाएं दी हैं।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आकर युवक की मौत

**लापुंग।** लापुंग प्रखंड क्षेत्र के ककरिया से बेड़ो जाने वाली मुख्य सड़क पर जौनी टोली से कुछ दुर आगे अज्ञात वाहन की चपेट में आने से चंपाडिह चापाटोली निवासी 17 वर्षीय गुलाब टोप्पो उर्फ गुल्लू नामक युवक की दर्दनाक मौत देर-रात हो गई है । घटना में युवक का सिर बुरी तरह से कुचल गया । सवेरे में मॉर्निंग वॉक पर निकले युवकों ने सड़क किनारे उसका शव देखा । इसके बाद घटना की जानकारी लापुंग थाना पुलिस को दी गई। पुलिस में घटनास्थल में पहुंचकर सबको कब्जे में लेकर प्राथमिक छानबीन करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार युवक शादी समारोह में शामिल होने कोयसारा गांव गया था।

### नाली निर्माण कार्य का हुआ शिलान्यास

**लापुंग।** लापुंग प्रखंड क्षेत्र के कारुम गांव में 15 वें वित्त योजना के तहत नाली निमार्ण का शिलान्यास जिप सदस्य हिंदीया टोप्पो ने किया । मौके पर हिन्दीया टोप्पो ने कहा कि यहां पर नाली निर्माण की मांग ग्रामीण काफी दिनों से कर रहे थे। नाली निर्माण होने से अब सड़क पर पानी नहीं बहेगा साथ ही ग्रामीणों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा।

# आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर डीसी ने की बैठक

संवाददाता

**रामगढ़।** आगामी विधानसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर मंगलवार जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया।



बैठक के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता द्वारा जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त सहित बैठक में उपस्थित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों आदि को आगामी विधानसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर मंत्रिमंडल (निर्वाचन) विभाग झारखंड रांची से प्राप्त निर्देश के आलोक में 1 जुलाई 2024 को अर्हता तिथि मानते हुए मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 एवं विभिन्न गतिविधियों पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने उपस्थित अधिकारियों व राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ मतदाता सूची द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुरीक्षण कार्यक्रम के दौरान किए जाने वाले विभिन्न कार्यों, आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर विभिन्न कारणों से मतदान केंद्रों के भवन में परिवर्तन आदि को लेकर सभी राजनीतिक दलों के साथ चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मौके पर सभी राजनीतिक दलों को जानकारी दी गई की वैसे मतदान केंद्र जहां 1400 से अधिक मतदाता है उन मतदान केन्द्रों को दो भागों में विभाजित किया जाएगा साथ ही जर्जर हुए मतदान केन्द्रों को परिवर्तन किया जाएगा । जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने अधिकारियों एवं राजनीतिक दलों के साथ मतदान केंद्रों भवन को परिवर्तित करने संबंधित मामलों में चर्चा के क्रम में महत्वपूर्ण निर्णय लिए।

गौरतलब है की द्वितीय मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत 25 जून 2024 से 27 अगस्त 2024 तक बीएलओ द्वारा हाउस टू हाउस सर्वे का कार्य किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से अनुमंडल पदाधिकारी आशीष गंगवार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी प्रभात शंकर, भारतीय जनता पार्टी से रंजन फौजी, जेएमएम से अरुण बैनर्जी, सीपीआई से लोविंद महतो, आजसू से अनुष तिवारी, आरजेडी सहित अन्य राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## झामुमो ने ग्राम प्रधानों और पंचायत के प्रतिनिधियों को किया सम्मानित



संवाददाता

**खूंटी।** झारखंड को लूटने से रोका, तो हेमंत सोरेन को जेल में डाल दियाः जुबैर अहमद खूंटी। झारखण्ड मुक्ति मोर्चा प्रखंड समिति ने मंगलवार को प्रखंड के जरियागढ़ मंडा मैदान में कार्यक्रम आयोजित कर क्षेत्र के विभिन्न गांव के ग्राम प्रधान, ग्राम अध्यक्ष, पंचायत के प्रतिनिधि, मुखिया तथा वार्ड मेंबर को सम्मानित किया। इस अवसर पर झामुमो के पंचायत अध्यक्ष सहित अन्य गणमान्य लोगों को भी सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद, झामुमो के केंद्रीय समिति सदस्य सुदीप गुड़िया आदि ने सभी को अंगवस्त्र देकर उन्हें सम्मानित किया।जुबैर अहमद ने कहा कि दिशुम गुरु शिबू सोरेन के लंबे संघर्ष के बाद झारखंड अलग राज्य बना। उनका बेटा हेमंत सोरेन ने झारखंड को संवारने का काम किया। हेमंत सोरेन ने पूंजीपतियों को झारखंड को लूटने से रोका, तो पूंजीपतियों के इशारे पर एक साजिश तहत उन्हें एक झूठे मुकदमे में जेल भेज दिया गया। उन्होंने कहा कि झारखण्ड में अबुआ दिशुम अबुआ राज का सपना साकार हो रहा है। सुदीप गुड़िया ने राज्य सरकार द्वारा झारखंडियों के हित में किये जा रहे कार्यों की चर्चा करते हुए कहा कि झामुमो की अगुवाई में झारखण्ड का विकास तेजी से हो रहा है।

## 10 दिवसीय मुर्गीपालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन



**सिल्ली।** रुडसेट संस्थान रामडेरा सिल्ली में 10 दिवसीय मुगीर्पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह आयोजित किया गया।समापन समारोह में मुख्य अतिथि डॉ. संजय कुमार प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी उपस्थित थे। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए विभिन्न सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही उन्होंने कहा कि इन योजनाओं का लाभ लेकर अपना खुद का रोजगार शुरू करें। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक संजीत कुमार ने भी विभिन्न बैंक लोन की जानकारी देकर स्व रोजगार के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर वरिष्ठ संकाय जगदीश चंद्र महतो, वरिष्ठ कार्यालय सहायक दशरथ महतो, कार्यालय सहायक महेश रुहीदास आदि उपस्थित थे।

## खूंटी में मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम शुरू

- 24 जुलाई तक घर-घर सर्वे कर किया जाएगा सत्यापन

संवाददाता

**खूंटी।** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर एक जुलाई 2024 को अहर्ता तिथि मानते हुए खूंटी जिले में मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम मंगलवार को शुरू हो गया। कार्यक्रम के तहत 24 जुलाई तक बूथ लेवल ऑफिसर्स (बीएलओ) घर-घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन करेंगे। इस दौरान एक जुलाई 2024 को 18 वर्ष पूरा करने वाले युवा मतदाताओं का सूची में नाम शामिल करने, मृत अथवा स्थाई रूप से विस्थापित हो चुके मतदाताओं का सूची से नाम



हटाने तथा पुराने मतदाता फोटो पहचान पत्र को अपडेट करने व फोटो में सुधार करने के संबंध में कार्य किए जाएंगे।

यह जानकारी जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने मंगलवार को समाहरणालय सभागार में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जिला में 25 जून से 24 जुलाई तक मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम का प्री-रिवीजन एक्टिविटीज की जा रही है। इसके तहत बीएलओ घर-घर जाकर मतदाता सूची का पुनरीक्षण करेंगे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि 25 जुलाई को मतदाता सूची का ड्राफ्ट प्रकाशन होगा, जिसके बाद नौ अगस्त तक मतदाता इसमें सुधार के लिए दावा और आपत्ति समर्पित कर सकेंगे। 19 अगस्त को प्राप्त दावों और आपत्तियों का निपटारा किया जाएगा और 20 अगस्त को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। उपायुक्त ने बताया कि मतदाता सूची में कोई भी योग्य मतदाता का नाम ना छूटे इसे लेकर 27 व 28 जुलाई तथा तीन और चार अगस्त को विशेष अभियान दिवस चलाया जाएगा।

इसके अलावा 29 जुलाई को दूरस्थ क्षेत्र में रहने वाले जनसमूह को मतदाता सूची में निबंधन की कार्रवाई की जाएगी। 30 जुलाई को जिलांतर्गत सभी रैन बसेरों व आश्रय गृह में रहने वाले योग्य लोगों के निबंधन के लिए अभियान चलाया जाएगा। 31 जुलाई को पात्र दिव्यांग जनों का निबंधन एवं मतदाता सूची में मार्किंग के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा तथा एक अगस्त को 85 प्लस आयु वर्ग के मतदाताओं के निबंधन के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा।

## सिल्लीः जलमीनार निर्माण कार्य का हुआ शिलान्यास



संवाददाता

**सिल्ली।** सिल्ली प्रखंड की लोवादाग पंचायत के रांची-पुरुलिया पथ सारजमडीह के महतो होटल के समीप मंगलवार को जल मीनार निर्माण कार्य का शिलान्यास विधायक प्रतिनिधि जयपाल सिंह, जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी, प्रमुख जितेंद्र बड़ाईक एवं उपप्रमुख आरती देवी ने संयुक्त रूप से किया।

4 हजार लीटर क्षमता वाली जलमीनार का निर्माण कार्य 15 वें वित्त निधि (जिला परिषद) से किया जाना है। जिप उपाध्यक्ष ने ग्रामीणों से कार्य में सहयोग करने का आग्रह किया तथा संवेदक को गुणवत्तापूर्ण कार्य करने की निर्देश दिया।

इस मौके पर शंभू नाथ महतो, बुधराम महतो, सरवन मुंडा, शशि रंजन महतो, शैलेश महतो, तुलसी महतो, भृगु राम महतो, अशोक महतो, लतिका देवी, सविता देवी, बिंदु देवी, रीना देवी, पुष्पा देवी, प्रतिमा महतो, भाग्यश्री देवी, बबलू महतो, घासी राम महतो, ग्राम प्रधान रंजीत महतो, प्रेमनाथ महतो, आजसू कार्यकर्ता समेत ग्रामीण उपस्थित थे।

## पंचायत समिति सदस्य रूप कुमार साहू ने अपने स्तर से कराई चापानलों की मरम्मत

**सोनाहातू।** सोनाहातू प्रखंड की जामुदाग पंचायत के पंचायत समिति सदस्य रूप कुमार साहू ने मंगलवार को अपने स्तर से गांव में खराब पड़े दो चापानलों की मरम्मत करायी। जल स्तर नीचे जाने से गांव में पेयजल की गंभीर समस्या उत्पन्न हुई थी। सूचना मिलने पर पंचायत समिति सदस्य रूप कुमार साहू गांव पहुंचे और अपने स्तर से मिस्त्री को बुलाकर दोनों चापानलों की मरम्मत करवायी। दोनों चापाकल सही हो गए। फिर से ग्रामीणों में खुशी का माहौल है।



## डे बोर्डिंग खूंटी ने दोनों वर्गों में जीते मैच

**खूंटी।** हॉकी खूंटी और सीनी संस्था के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित जूनियर बालक बालिका हॉकी लीग चौंपियनशिप के दूसरे दिन मंगलवार को दोनों वर्गों में कुल आठ मैच खेले गए। बालक वर्ग के पहले मैच में डे बोर्डिंग खूंटी ने डे बोर्डिंग गोविंदपुर सेंटर को 2 - 0 गोल से पराजित कर पूरा अंक प्राप्त किया। दूसरा मैच आरडीसी बिचना और डे बोर्डिंग तोरपा के बीच 1-1 गोल की बराबरी पर समाप्तत हुआ। तीसरे मैच में एसएस प्लस टू खूंटी को वॉकओवर मिला।चौथा मैच आरडीसी बिचना और हॉकी खूंटी का 2-2 गोल की बराबरी पर समाप्त हुआ। दूसरी ओर बालिका वर्ग के पहले मैच में आरडीसी बिचना ने रूट फाउंडेशन को 5-1 गोल से पराजित कर पूरे अंक प्राप्त किए। दूसरे मैच में हॉकी खूंटी ने डे बोर्डिंग गोविंदपुर को 2-0 गोल से हराया। तीसरे मैच में डे बोर्डिंग खूंटी ने रूट फाउंडेशन को 2-0 गोल से हराया तथा चौथे और आखिरी मैच में हॉकी खूंटी ने डे बोर्डिंग तोरपा को 1-0 गोल से पराजित कर पूरे अंक हासिल किए। चार दिवसीय प्रतियोगिता के दूसरे दिन मंगलवार को मुख्य अतिथि के रूप में बोव्लेंडर फाउंडेशन नीदरलैंड के हॉकी कोच एरिक जैन एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम में मौजूद रहे और मैच खेल रहे बच्चों का उत्साह बढ़ाया। यह जानकारी हॉकी खूंटी के दशरथ महतो ने दी।

## आजसू ने प्रखंड कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार व अनियमितता के खिलाफ बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता

**राहे।** आजसू पार्टी राहे प्रखंड अध्यक्ष रंग बहादुर महतो के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय में फैले भ्रष्टाचार, अनियमितता और जनहित के मुद्दे को लेकर बीडीओ सह सीओ मनोज कुमार महथा को ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल के मुख्य अतिथि पार्टी के केंद्रीय सचिव सह प्रखंड प्रभारी संजय सिद्धार्थ ने ज्ञापन देकर बिंदु बार उल्लेख करते हुए समय पर समाधान की मांग की।



बीडीओ एवं सीओ ने सभी 12 सूत्री मांगों का क्रमबद्ध रूप से जबाब देते हुए आश्वस्त किया कि ज्ञापन के अनुरूप कार्य होगा। दिए गए ज्ञापन में आजसू ने लंबित दाखिल खारिज का निष्पादन, पंजी 2 सुधार के लंबित मामले का समाधान, अबुआ आवास चयन में पारदर्शिता लाया जाए तथा जरूरत मंद एवं गरीबों को इसका समुचित लाभ मिले। जाति, आय, आवासीय, मृत्यु एवं जन्म प्रमाणपत्र निर्गत करने में शीघ्रता लाया जाए, आंचल एवं प्रखंड कार्याल में पदस्थापित सभी कर्मियों की उपस्थिति सरकारी नियम अनुसार सुनिश्चित किया जाए, जंगली हाथियों के द्वारा ग्रामीणों के किए गए नुकसान का आकलन कर समय पर मुआवजे का भुगतान का अविलंब निराकरण, सभी प्रकार के पेंशन का भुगतान नियमित रूप से किया जाए, किसानों को खाद एवं बीज की आपूर्ति समय पर किया जाए?, मनरेगा अंतर्गत संचालित सिंचाई कूप एवं अन्य योजनाओं का क्रियान्वयन एवं भुगतान तथा शीघ्र किया जाए ताकि बर्षा से पहले कार्य पूर्ण किया जा सके, सरकारी योजनाओं में झारखंड आंदोलनकारियों एवं उनके परिवार के आश्रितों को प्राथमिकता दिया जाए। वहीं ज्ञापन में कहा गया कि 15 दिनों में मांगों पर विचार नहीं करने पर प्रखंड सह अंचल कार्यालय में आजसू पार्टी उग्र आंदोलन करेगी, इसकी जिम्मेदारी प्रखंड सह अंचल कार्यालय की होगी। इस मौके पर महिला अध्यक्ष मीरा महतो, किरीटि महतो, धनंजय महतो,रमेश सिंह मुंडा,दीपक हरिजन, वीरेंद्र महतो, चरण सिंह मुंडा,अमूल्य मेहता,मयुकभूषण महतो, सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

# भाजपा ने आपातकाल के विरोध में मनाया काला दिवस

**देश में आपातकाल लगाकर संविधान को कुचलने वाले फिर संविधान के नाम पर कर रहे दुष्प्रचारः बालमुकुंद सहाय**

संवाददाता

**खूंटी।** देश में आपातकाल लगाने के 50 वर्ष पूरे होने पर मंगलवार को भाजपा जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में आपातकाल के विरोध में काला दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय ने 50 वर्ष पूर्व आज ही के दिन देश में थोपे गए आपातकाल की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जब इलाहाबाद हाईकोर्ट ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को चुनाव में मिली जीत को असंवैधानिक करार देते हुए उन्हें छह साल चुनाव लड़ने पर प्रतिबंध लगा दिया तो सत्ता में बने रहने के उद्देश्य से इंदिरा गांधी ने 25 जून की मध्य रात्रि को राष्ट्रपति से हस्ताक्षर करा कर देश में आपातकाल घोषित कर दिया। आपातकाल घोषित होने के बाद




सभी विपक्षी नेताओं सहित लाखों लोगों को गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया गया और उन्हें यातनाएं दी गई। उन्होंने कहा कि

1975 में जो मानसिकता कांग्रेस की थी वही मानसिकता आज भी है। इस लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस ने लोगों को छलने का काम किया है। महिलाओं को 8500 रुपया प्रति माह देने का वादा किया गया लेकिन जिस राज्य में कांग्रेस की सरकार है वहां की महिलाओं को खटाखट 8500 रुपए क्यों नहीं दिए जा रहे हैं। तोरपा विधायक कोचे मुंडा ने कहा कि 50 वर्ष पूर्व निजी स्वार्थ के लिए देश में आपातकाल लागू कर संविधान को कुचलने वाले लोग इस लोकसभा चुनाव में संविधान को बदलने का दुष्प्रचार करते रहे। उन्होंने कहा कि आपातकाल के समय सरना समाज के द्वारा चलाए जा रहे संस्था को भी बंद कर दिया गया था। कांग्रेस शुरू से ही आदिवासी विरोधी रही है।

भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष काशीनाथ महतो ने भी आपातकाल पर प्रकाश डाला। जनसंघी कैलाश महतो ने आपातकाल के समय किए गए जेल यात्रा का अनुभव साझा किया। मौके पर आपातकाल के दौरान जेल यात्रा करने वाले सभी वरिष्ठ कार्यकताओं को अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। स्वागत भाषण कार्यक्रम संयोजक संजय साहू, मंच संचालन जिला महामंत्री बिनोद नाग एवं धन्यवाद ज्ञापन मंडल अध्यक्ष मदन मोहन गोप ने किया। कार्यक्रम के बाद एक वृक्ष मां के नाम अभियान के तहत एक वृक्ष का पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष सह खूंटी विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा, प्रखंड प्रमुख छोट राय मुंडा, जिला उपाध्यक्ष कैलाश राम, रूपेश जायसवाल, महावीर राम, जनार्दन मिश्रा, गुलाब महतो, बालकिशुन महतो, मदन मोहन गोप, सुरेश जायसवाल , निखिल कंडुलना, प्रशांत कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## 50 प्रतिशत अनुदान पर धान बीज का वितरण

**बुढ़मू।** ठाकुरगांव लैंप्स परिसर में मंगलवार को प्रखंड क्षेत्र के किसानों के लिए 50 प्रतिशत अनुदान में धान बीज वितरण का शुभारंभ किया गया। शुभारंभ ठाकुरगांव मुखिया सचिन पाहन, गुरुगाई मुखिया जयंती देवी, अध्यक्ष बिगन मुंडा, प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी मुकेश कुमार, कृषि पदाधिकारी कमल कुमार उरांव, एटीएम शुक्ला सरकार आदि ने संयुक्त रूप से किया। लैंपस के सचिव डीआरआरएच 2 व डीआरआरएच 3 हाइब्रिड धान बीज उपलब्ध है जो 110.50 रुपया प्रति किलो की दर से किसानों को दिया जा रहा है। ठाकुर ने बताया की ये दोनो किस्म के धान एक नंबर व दो नंबर खेतों के लिए उपयुक्त है जो 110 दिन से 125 दिनो के अंदर तैयार हो जाता है।

## पूजन और हवन का आयोजन



संवाददाता

**रामगढ़ ।** राधा कृष्ण कॉलोनी स्थित आनंद साईं दरबार के के 14 वें स्थापना दिवस समारोह के दूसरे दिन 25 जून को पूजन एवं हवन का आयोजन किया गया । पुजारी राजेश पांडे कि देखरेख में यजमान नंदकिशोर गुप्ता सपत्नीक एवं शैलेन्द्र ठाकुर सपत्नीक ने विधिवत रूप से पूजन एवं हवन सम्पन्न किया । साथ ही क्षेत्र की खुशहाली और सुख समृद्धि की कामना की । वहीं, पूजन एवं हवन के उपरांत उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया ।

आनंद साईं दरबार के स्थापना दिवस समारोह के तीसरे दिन 26 जून को मंदिर परिसर में अटूट भंडारे का आयोजन किया जाएगा। जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे और भंडारे का महाप्रसाद ग्रहण करेंगे । भंडारे पूर्व पुजारी राजेश पांडे द्वारा साईं बाबा की विधिवत रूप से पूजा अर्चना की जाएगी । मौके पर अजीत जायसवाल, सुबोध सिन्हा, मुन्ना सिन्हा, सन्नी सिन्हा, अरुण कुमार महतो, आनंद प्रताप सिंह, शरद सिन्हा, शशि पांडे, विनोद साव, विनोद जायसवाल, आयुष कुमार गुप्ता, मल्लिका दत्ता, ज्योति मानसाता, नीलम केसरी, संध्या शर्मा, लक्ष्मी पटेल, ललिता कुमारी, मालरी देवी, उषा देवी, सुशीला देवी, मीना देवी आदि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त

### आजसू की हेल्प डेस्क की शुरुआत डॉ. श्यामा प्रसाद विश्वविद्यालय से हुई प्रारम्भ

रांची : मंगलवार को अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) की हेल्प डेस्क (सहायता केंद्र) छात्र छात्राओं के लिए उनकी समस्या संबंधी सभी तरह की जानकारी हेतु हेल्प डेस्क की शुरुवात डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय से शुरू की गई और ये अभियान पूरे राज्य भर के कॉलेजों एवं विश्वविद्यालय में हेल्प डेस्क प्रारंभ की जाएगी तथा छात्र छात्राओं के समस्याओं का निराकरण किया जाएगा और छात्र हित में उनको सही मार्गदर्शन दिया जाएगा। इस आनंद यादव, बबलू मंडल, राजकुमार, आदित्य पटेल, आर्यन राज, अभय कुमार, करिश्मा झा, संजना राठौड़, दीपा कुमारी इत्यादि उपस्थित थे।

### 107वां श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा पाठ

रांची : रामदूत अतुलित बल धामा अंजनि पुत्र पवनसुत नामा के सुरताल से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। अवसर था 107 वा श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा के संगीतमय पाठ का। श्री श्याम मित्र मंडल के द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में प्रत्येक मंगलवार को होने वाला 107 वा कार्यक्रम आज भक्तिमय माहौल में संपन्न हुआ। राजेश जयसवाल धर्मपत्नी रेशम जायसवाल ने परिवार के संग हनुमान जी महाराज की दिव्य अखंड पावन ज्योति प्रज्वलित करके केसरिया पेड़ा गुड़ चना फल का प्रसाद अर्पित कर परिवार की खुशहाली की प्रार्थना की। मंडल के उपमंत्री अनिल नारनोली ने पूजन अनुष्ठान विधिवत संपन्न करवाया। श्रवण ढानढनिया ने चना प्रसाद की सेवा केसरिया पेड़ा सेवा श्रीमती पुष्पा देवी पोद्दार फल प्रसाद सेवा राजेश जयसवाल एवम गिरिगोला सेवा मुकेश मित्तल ने निवेदित की।

### मादक पदार्थों के विरुद्ध जन जागरूकता अभियान

रांची : मंगलवार को झारखंड सरकार द्वारा मादक पदार्थों के विरुद्ध जनजागरूकता अभियान 19 जून 2024 से लेकर 26 जून 2024 तक आयोजित है। उसी क्रम में गवर्नमेंट टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज कांके के प्रशिक्षु शिक्षकों को डॉ. ओम प्रकाश के संयोजन में मिलकर करेंगे नशे पर वार विषय पर महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ रमण झा ने शपथ ग्रहण करवाया। इस अवसर पर महाविद्यालय के पूर्व छात्र एवं मनोहर लाल टेकरीवाल कालेज सहरसा के सहायक प्राध्यापक डॉ रुपेश कुमार मुख्य रूप से उपस्थित रहे।शपथ ग्रहण में महाविद्यालय के शिक्षक डॉं मजहरुल हक, प्रो धनंजय, डॉ रीतेश, प्रो समीर, प्रो दुलाल, प्रो राकेश, प्रो भगीरथ सहित सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहें।

### वार्षिकोत्सव सह कल्याणोत्सव की हुई समीक्षा बैठक

रांची : श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर के 17 वें अद्वितीय वार्षिकोत्सव सह कल्याणोत्सव के समापन के बाद समीक्षा बैठक की गई। समीक्षा बैठक की अध्यक्षता श्रीस्वामी अनिरुद्धाचार्य जी महाराज ने की। भगवान के नगर भ्रमण से लेकर कल्याणोत्सव और इसके भंडारे तक के सारे कार्यक्रमों पर व्यापक चर्चा की गई। श्रीस्वामी जी ने कहा कि अगले वार्षिकोत्सव के बारे में अभी से सोचना शुरू कर दें। भगवान वेंकटेश सभी देवता के देव हैं इनके प्रसन्न होने से सभी देवता प्रसन्न हो जाते हैं और राहु केतु और शनि जैसे वक्री ग्रह भी अनुकूल हो जाते हैं। यह भगवान की असीम कृपा है कि अपने उत्सव, अपने कल्याणोत्सव की कोई भी व्यवस्था हमारे माध्यम से करवाते हैं। श्रीस्वामी जी ने सभी यजमानों सहित झारखंड के सभी निवासियों को शुभकामना दी। मीडिया के लोगों के प्रति प्रशासन के प्रति मंदिर की तरफ से आभार प्रकट किया। बैठक में मुख्य रूप से श्री गोविन्द दासजी महाराज मंदिर संचालन समिति के कार्यकारी अध्यक्ष श्री रामअवतार नारसरिया सचिव श्री गोपाल लाल चौधरी कोषाध्यक्ष श्री नारायण प्रसाद जालान सदस सर्वश्री रमेश धरनीधरका घनश्याम दास शर्मा महावीर प्रसाद नारसरिया अनीष अग्रवाल रामवृक्ष साहू सुशील लोहिया मुरारी मंगल आनंद प्रकाश अग्रवाल आदि।

# तीन शहरों की जलापूर्ति योजना के लिए टेंडर जल्द

## रांची सिवरेज निर्माण में सचिव ने विश्वबैंक से मांगा सहयोग



संवाददाता

रांची। नगर विकास एवं आवास सचिव अरवा राजकमल ने विश्व बैंक के अधिकारियों से रांची के प्रतिष्ठित सिवरेज सिस्टम के निर्माण में वित्तीय सहयोग देने का आग्रह किया है। सचिव ने 25 जून को कार्यालय कक्ष में मिलने आये विश्व बैंक के प्रतिनिधिमंडल से यह आग्रह किया। सचिव के अनुरोध पर विश्व बैंक के अधिकारियों ने सकारात्मक रूख दिखाए।

इसके अलावा सचिव ने विश्व बैंक के सहयोग से शुरू की जाने वाली गुमला, लोहरदगा एवं कपाली शहरी जलापूर्ति योजना की स्थिति पर भी चर्चा की। उन्हें बताया गया कि इन तीनों योजनाओं का टेंडर जल्द निकाला जायेगा। इन योजनाओं को धरातल पर उतार कर लगभग 1.60 लाख लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जायेगा। इन योजनाओं पर 330 करोड़ रुपये खर्च होंगे। विश्वबैंक के वित्तीय सहयोग से धनबाद में स्मार्ट रोड बन रहा है। विश्वबैंक के सहयोग खूंटी जलापूर्ति योजना को पूरा कर जलापूर्ति शुरू की जा चुकी है। दोनों योजनाओं पर विश्वबैंक ने संतोष जताया।

रांची और धनबाद सिवरेज योजना लगभग 5500 करोड़ की है। यह एशियाई विकास बैंक के वित्तीय सहयोग से प्रस्तावित है। रांची सिवरेज सिस्टम के निर्माण की योजना लगभग 3000 करोड़ की है। राजधानी के सभी 53 वार्ड को चार जोन में बांटकर सिस्टम को स्था पित किया जायेगा। डीपीआर तैयार है। स्टेकहोल्डर्स की मीटिंग हो चुकी है। सचिव से विश्व बैंक की टीम लीडर वसुधा थावाकर और रोबिन ठाकुर ने मुलाकात की। इस अवसर पर जुडको की ओर से पीडीटी गोपाल जी, डीपीडी उत्कर्ष मिश्र और डीजीएम आलोक मंडल उपस्थित थे।

## नशा मुक्ति को लेकर जी.बी मेमोरियल पब्लिक स्कूल ने निकाली प्रभातफेरी




संवाददाता

रांची : जी.बी मेमोरियल पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य चंदन भारती के अगुवाई में सोमवार को पर्यावरण संरक्षण और नशा मुक्ति जागरुकता को लेकर प्रभातफेरी निकाली गई।जिस प्रभातफेरी में स्कूली बच्चों ने हाथों में तख्तियां थामे पर्यावरण संरक्षण से संबंधित गगनभेदी नारों के साथ लोगों को नशा न करने का संदेश दिया। आगे उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि नशा नाश का द्वार है ।और पर्यावरण हमारी जान है सदा रखें इसका ध्यान का संदेश दिया। इतना ही नहीं हर एक व्यक्ति एक पेड़ लगाने का भी आग्रह किया और पर्यावरण के प्रति लोगों को प्रेरित किया। प्रभातफेरी सुकुरहुटू, बाजार टांड़ रींग रोड भ्रमण कर पुनः विधालय पहुंचा। प्रभातफेरी को सफल बनाने में प्रधानाचार्य के आलवा शिक्षक शिक्षिकाओं में अजय कुमार पुण्डरीयार, अंजना झा, कुंदन कुमार सिंह, सहादेव महतो, कुंदन यादव, सौरभ अधिकारी शामिल हैं। साथ स्थानीय प्रबुद्ध लोगों का भी भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ।

## संघ की मुख्यमंत्री से गुहार, शिक्षकों के लिए भी लागू हो एमएसीपी



संवाददाता

रांची। अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ ने मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन से शिक्षकों के लिए एमएसीपी लागू करने की गुहार लगाई है। संघ ने कहा कि राज्य के अधिकांश शिक्षक अपनी पूरी सेवाकाल में बिना किसी वित्तीय उन्नयन के सेवानिवृत हो जाने को विवश हैं। हालांकि राज्य सरकार के अन्य कर्मियों के लिए सुनिश्चित वृति उन्नयन योजना की व्यवस्था है। पूरे सेवाकाल में उनके लिए दस, बीस और तीस साल पर वित्तीय उन्नयन का प्रावधान है।

संघ ने कहा कि पूर्व में बिहार में भी शिक्षकों को इस योजना से अलग रखा गया था। जब शिक्षकों के वित्तीय उन्नयन के बिना ही सेवानिवृत होने के मामले सामने आए, तब बिहार सरकार ने अपने शिक्षकों के लिए भी सुनिश्चित वृति उन्नयन योजना लागू कर दी। हालांकि झारखंड में सरकार के स्तर से कोई कार्रवाई अभी तक नहीं की जा रही है।

शिक्षक संघ विगत दो वर्षों से लगातार इस ओर विभाग और सरकार का ध्यान आकृष्ट करा रहा है। बार-बार मांग और आंदोलन किए गए। आश्वासन मिले, लेकिन आदेश जारी नहीं किया जा सका। इसके कारण प्राथमिक से लेकर माध्यमिक तक के लगभग पचास हजार शिक्षक इस योजना से वंचित हैं। प्रत्येक माह विभिन जिलों में शिक्षक बिना किसी वित्तीय उन्नयन के ही अपने मूल कोटि के ही वेतनमान में सेवानिवृत होते जा रहे हैं।

वर्तमान में भी ज्ञापनों के माध्यम से मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन और मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव से शिक्षकों के लिए सुनिश्चित वृति उन्नयन योजना लागू करने की मांग की गई है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष अनूप केसरी, महासचिव राम मूर्ति ठाकुर, मुख्य प्रदेश प्रवक्ता नसीम अहमद, उपाध्यक्ष दीपक दत्ता, संतोष कुमार, सलीम सहाय तिग्गा आदि ने कहा है कि यदि 15 दिनों में सरकार की ओर से शिक्षकों की इस मांग पर कार्रवाई शुरू नहीं की जाती है, तो मुख्यमंत्री के समक्ष विशाल प्रदर्शन के माध्यम से शिक्षक आंदोलन पर उतरेंगे।

## चित्रकला व निबंध के माध्यम से युवाओं ने नशा मुक्ति का दिया संदेश

संवाददाता

रांची। रांची विश्वविद्यालय की एनएसएस इकाई के तत्वावधान में मादक पदार्थों के विरुद्ध जागरुकता अभियान चलाए जा रहे हैं। इसके अंतर्गत 25 जून को चित्रकला एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता आरयू के आर्यभट्ट सभागार में आयोजित किया गया। एनएसएस के कार्यक्रम समन्वयक डॉ ब्रजेश कुमार ने इसकी अध्यक्षता की।




चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता में एनएसएस के स्वयंसेवकों द्वारा मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों एवं जागरुकता को लेकर बहुत ही सुंदर संदेश दिए। उन्होंने अपनी प्रतिभा प्रदर्शित की। चित्रकला एवं निबंध के माध्यम से युवाओं ने यह बताने का प्रयास किया कि कैसे मादक पदार्थों का हमारे जीवन में प्रवेश होता है। अंत बड़ा दुखदायी होता है।

दोनों प्रतियोगिताओं की निर्णायक मंडली में डॉ जयप्रकाश रजक, डॉ किशोर सुरीन, डॉ सुजाता टेटे, डॉ आनंद कुमार भगत, डॉ संदीप कुमार, डॉ हैप्पी भाटिया आदि शामिल थे।

**चित्रकला में शामिल प्रतिभागी**

सोमनाथ भगत, रुक्मिणी, बबलू, श्रेया, प्रज्ञा भारती, कनकलता कुमारी, काजल कुमारी, अनिशा वर्मा, ऋतु चौधरी, लक्की कुमारी, सुमन कुमारी, विवेक लकड़ा, राहिल मुंडेरी, फैज अहमद, ईशा मुस्कान केरकेट्टा, लवली गाड़ी, सुनंदा भगत, स्मृति वर्मा, नायब फरीदी, करुणा कुमारी, अमन सोनी आदि शामिल रहें।

**निबंध प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागी**

दीक्षा कुमारी, इंशा कायनात, मोहम्मद लतीफ, कोमल केशरी, निवेदिता भेंगरा, प्रियांशु कुमार, अनुष्का कुमारी, अभिजीत कुमार दुबे, नेहा लकड़ा, अभिमन्यु कुमार, नम्रता कुमारी, निधि नम्रता कुजूर, माधुरी कुमारी, अंशु कुजूर, तनु गोयल, स्मिता चंदा, सफा कुमारी, अनु कुमारी, सुमन कुमारी, निक्की नाजिया, गणेश कुमार, रितिका कुमारी, संजीता रंजन, श्रुति कुमारी आदि शामिल रहे।

## जल जमाव की समस्या का निदान करे रांची नगर निगम : अभिषेक

संवाददाता

रांची : मंगलवार को युवा आजसू के एक प्रतिनिधिमंडल ने अभिषेक शुक्ला के नेतृत्व में रांची नगर निगम के नगर प्रशासक अमित कुमार से मुलाकात कर उन्हें रांची में मानसून के दौरान जल जमाव की समस्या अवगत कराया। मांग पत्र सौंपते हुए युवा आजसू के अभिषेक शुक्ला ने कहा रांची में मानसून की दस्तक होते ही पूरे शहर समेत रांची नगर निगम के अंतर्गत आने वाले 55 वार्ड के गली मोहल्ले में जल जमाव की भारी समस्या उत्पन्न हो जाती है जिससे इन वार्डों में निवास करने वाले आम जनता को काफी समस्या का सामना करना पड़ता है एवं आए दिन जल जमाव के कारण किसी न किसी बड़ी दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। शहर के नालियों की सफाई नियमित रूप से नहीं होना एवं ड्रेनेज सिस्टम के खराब स्थिति जल जमाव के मुख्य कारणों में से एक है। अभिषेक शुक्ला ने आगे कहा जल जमाव की समस्या को देखते हुए नगर निगम युद्ध स्तर पर शहर के तमाम नाले की सफाई एवं ड्रेनेज सिस्टम को दुरुस्त करने की व्यवस्था करें और शहर वासियों को इन समस्याओं से निजात दिलाये।

अन्यथा युवा आजसू के पधाधिकारी एवं सदस्य घेराव धरना प्रदर्शन आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

मौके पर मौजूद रांची नगर निगम के नगर आयुक्त श्री अमित कुमार ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया की सभी वार्ड में नाली की सफाई एवं ड्रेनेज सिस्टम को सही करने का काम युद्ध स्तर पर जारी है रांची नगर निगम अंतर्गत आने वाले किसी गली मोहल्ले वार्ड में कोई भी परेशानी हो तो वह( कंट्रोल रूम)हेल्पलाइन नंबर 9431104429 पर संपर्क कर सकते हैं।

प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से: राहुल तिवारी, रोहित चौधरी, प्रियांशु शर्मा,विशाल कुमार यादव रोशन नायक, सुमित कुमार, मनोज कुमार, अमरजीत विक्रम सिंह मुकेश, सौरभ के अलावा अलावा कई अन्य सदस्य मौजूद थे।

## बीएमएस ने केंद्रीय कोयला मंत्री से की मुलाकात, कई मुद्दों पर चर्चा



रांची/नई दिल्ली। अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ (बीएमएस) का प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय कोयला मंत्री किशन रेड्डी से 25 जून को कोयला मंत्रालय, दिल्ली में भेट की। इसका नेतृत्वा संघ के प्रभारी के लक्ष्मा रेड्डी ने किया। केंद्रीय कोयला मंत्री का अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।

मौके पर कोल उद्योग की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की। उसके निराकरण पर चर्चा की। संघ के मुताबिक कोयला मंत्री ने सभी विषयों को गंभीरता से लेकर जल्द ही उचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

**इन मुद्दों पर चर्चा**

ईपीएस की तर्ज पर सीएमपीएस में भी 15,000 रुपये वेतन पर भारत सरकार के वित्त मंत्रालय द्वारा 1.16% प्रतिशत की दर से निधि का अंशदान दी जाए।

कोल उद्योग में कार्यरत ठेका मजदूर को हाई पावर कमेटी वेजेस, पीएलआर बोनस, सामाजिक सुरक्षा, जॉब सिक्युरिटी यथाशीघ्र प्रदान की जाय।

कोल उद्योग में कार्यरत कर्मचारी के सीएमपीएफ को ऑनलाइन करें। पीएचएफएल घोटाला की जांच हो। कल्याणकारी गतिविधियों में हो रही धांधली की जांच कर पूरी तरह से अंकुश लगाई जाए।

कोयला, डीजल, स्क्रैप चोरी पर रोक लगाई जाए। खदानों में सुरक्षा नियमों का धड़ल्ले से हो रहे उल्लघंन पर रोक लगाई जाए।

## विशेष मध्यस्थता अभियान के दूसरे दिन 17 मामलों को सुलझाया गया

संवाददाता

रांची : झारखण्ड उच्च न्यायालय के न्यायामूर्ति-सह-कार्यपालक अध्यक्ष, झालसा, सुजित नारायण प्रसाद के दिशा-निर्देश तथा न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष डालसा, रांची के मार्गदर्शन में व्यवहार न्यायालय, रांची में पांच दिवसीय विशेष मध्यस्थता अभियान दिनांक 24.06.2024 से शुरू हो गया है। यह मध्यस्थता अभियान दिनांक 28.06.2024 तक चलेगा। वादकारी 28.06.2024 तक मध्यस्थता केंद्र, रांची में आकर मध्यस्थता के माध्यम से वादों को सुलझा सकते है। विशेष मध्यस्थता अभियान में तलाक संबंधी मामले, वैवाहिक पुर्नस्थापना के मामले, दत्तक ग्रहण के मामले, भरण-पोषण के मामले, बच्चों के संरक्षकता एवं अभिरक्षा के मामले, परिवार न्यायालय में लंबित अन्य मामले, दहेज प्रतिषेध अधिनियम के मामले, भा0द0वि0 की धारा-498ए के मामले, घरेलू हिंसा के मामले, घरेलू हिंसा अधिनियम के अन्य मामलों का निस्तारण मध्यस्थों व अधिवक्ताओं के द्वारा किया जायेगा। उक्त तिथि को वादकारी उपस्थित होकर अपने वादों का निस्तारण करा सकेते हैं।

ज्ञात हो कि विशेष मध्यस्थता अभियान के दूसरे दिन कुल 28 (अठाईस) मामले विभिन्न न्यायालय से स्थानांतरित होकर मध्यस्थता केंद्र रांची में आये थे। इनमें से कुल 17 (सतरह) मामलों को सुलझाने में सफलता मिली और दोनों पक्ष राजी-खुशी से अपने मामले को समाप्त करने के लिए तैयार हो गये। अन्य मामलों में अभी अंतिम स्तर की बातचीत बाकी है, इसलिए वे मामले विशेष मध्यस्थ के पास अगले स्तर के सुनवाई के लिए लंबित है। उक्त मध्यस्थता अभियान दिनांक 24.06.2024 से 28.06.2024 तक चलेगा, जिसमें वादकारी अपने वाद को मध्यस्थता के माध्यम से सुलझा सकते हैं।

यह जानकारी डालसा सचिव ने दी।

### एलएडीसी अधिवक्ता राजेश कुमार सिन्हा ने संविधान के अनुच्छेद 47 पर किया फोकस

## नशा से होता है जन, जीवन और समाज प्रभावित : राजेश कुमार

संवाददाता

रांची : झालसा के निर्देश पर न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष के मार्गदर्शन में मंगलवार को संत जेवियर स्कूल, डोरण्डा में नशा उन्मुलन पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एलएडीसी अधिवक्ता राजेश कुमार सिन्हा, मध्यस्थ पी.एन. सिंह, लाईफ सेवर्स एनजीओ के अतुल गेरा, सीआईडी-डीएसपी, नेहा बारला, संत जेवियर स्कूल के प्रधानाध्यापक, शिक्षक-शिक्षिकाए एवं राजा वर्मा व अन्य उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एलएडीसी अधिवक्ता राजेश कुमार सिन्हा ने मानव औषधियां और मनःप्रभावी पदार्थ-1985 के अधीन अफीम, गांजा, हिरोईन, ब्राउन शुगर का व्यापार करना तथा अफीम की



खेती करने से संबंधित अपराध के बारे में जानकारी दी एवं औषधि और प्रसाधन सामाग्री अधिनियम 1940 के बारे में छात्र-छात्राओं को बताया। इसके अलावा एनडीपीएस, एनसीबी तथा संविधान के अनुच्छेद - 47 के संबंध में फोकस किया। मध्यस्थ पी.एन. सिंह ने कहा कि नशा हम सब के लिए एक अभिशाप है, जो हमारे समाज में आम है। अच्छी शिक्षा के अभाव में लोग कम उम्र में ही नशा जैसे अन्य शारीरिक परिणामों का शिकार हो जाते हैं और आजीवन नशे की लत में रहते हैं। नशा मुक्ति का अर्थ होता है किसी व्यक्ति या समाज को नशे से मुक्त करना, अर्थात नशे का सेवन करने से बचाव या उसकी नशा को दुर करने का प्रयास है।

सीआईडी-डीसपी, नेहा बारला ने संबोधित करते हुए कहा कि नशा के चपेट में आकर नशीली पदार्थों का सेवन कर युवा वर्ग अपने अनमोल जीवन को नष्ट कर रहे है। नशा से पूरा घर-परिवार बरबाद हो जाता है। नशा के रोकथाम के लिए कई कार्य विभिन्न संस्थाओं द्वारा किया जा रहा है। लाईफ सेवर्स एनजीओ के अतुल गेरा के द्वारा भी नशा उन्मूलन पर प्रकाश डाला गया, उन्होंने नशा से होने वाले प्रभाव के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि नशा न कर मनुष्य स्वस्थ रहता है। नशा शरीर की गुणवत्ता को समाप्त कर देता है।

इसका प्रभाव पूरे परिवार पर पड़ता है। नशा से परिवार का आर्थिक, मानसिक और शारीरिक क्षति होता है, जिसका भरपाई कदापी नहीं किया जा सकता है। उन्होंने आगे कहा कि नशा के आदि व्यक्ति का पूरा पैसा नशा करने में खर्च होता है, जिसका प्रभाव उसके परिवार पर पड़ता है और परिवार नष्ट हो जाता है।

## राउंडटेबल इंडिया और लेडीज सर्कल ने बच्चों को कराया हवाई सफर

संवाददाता

रांची। राउंडटेबल इंडिया और लेडीज सर्कल की रांची समारीटंस शाखा ने पारसनाथ पब्लिक स्कूल के 12 बच्चों को पहली बार हवाई जहाज से सफर कराया। यह सफर रांची से भुवनेश्वर तक कराया गया। उन्हें पुरी एवं भुवनेश्वर का भ्रमण भी कराया गया। यह सफर 25 जून, 2024 को कराया गया। रांची एसडीएम उत्कर्ष कुमार ने कार्यक्रम को फ़्लैग ऑफ किया।




राउंडटेबल का मुख्य उद्देश्य फ्रीडम थ्रू एजुकेशन है, जिसके तहत जरूरतमंद बच्चों के लिए अपने खर्च पर स्कूल, क्लासरूम एवं लाइब्रेरी का निर्माण किया जाता है। राउंडटेबल ने पारसनाथ पब्लिक स्कूल (हजाम बस्ती, हटिया, रांची) में पिछले 4 वर्षों में 8 क्लासरूम का निर्माण और टॉयलेट ब्लॉक का निर्माण किया है। इस स्कूल में आस पास के तीन सौ से ज्यादा बच्चें शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं।

इस कार्यक्रम में राउंडटेबल एवं लेडीज सर्कल के सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम के आयोजन में राहुल सिंघानिया, स्नेहा जैन, आकाश खोसला, आकाश सेठी, मनीष जैन, निखिल जैन, आदित्य कटारुका, संदीप खेमका, देवांश, संचित राजगढ़िया, आयुष मोदी, सिद्धांत सुमन, साकार मोहता, प्रीयंका, अनीश एवं प्रीति सर्राफ, खुश्बू सिंघानिया, अविनाश जैन, चेतन, नीतीश जयसवाल, पीयूष सरावगी, विवेक जैन, अनिरुद्ध सरावगी एवं अन्य सदस्यों की भूमिका रही।

## संक्षिप्त

### अज्ञात शव मिलने से फैली सनसनी

**लातेहार** : जिले के छिपादोहर थाना क्षेत्र के हेहेगड़ा रेलवे स्टेशन के नजदीक जंगल से एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी पहिल गई। सूचना के बाद पुलिस की टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया। डीएसपी वेंकटेश प्रसाद ने बताया कि पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है ज्ञात हो कि कुछ ग्रामीणों ने एक व्यक्ति का शव जंगल में देखा। शव से काफी दुर्गंध आ रही थी। उसके बाद स्थानीय ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद थाना प्रभारी धीरज कुमार के निर्देश पर पुलिस की टीम घटना स्थल पर पहुंची और शव का पंचनामा करने के बाद उसे कब्जे में ले लिया। वहीं घटनास्थल से कुछ दैनिक उपयोग सामग्री भी बरामद हुई हैं। इधर इस संबंध में डीएसपी वेंकटेश प्रसाद ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल पायेगा कि यह हत्या का मामला है या फिर आत्महत्या का। समाचार लिखे जाने तक मृतक की पहचान प्रयास किया जा रहा था।

### बनवारी साहू महाविद्यालय में इग्नू में नामांकन शुरू

**लातेहार** : जिला मुख्यालय के बनवारी साहू महाविद्यालय में इस वर्ष से इग्नू में नामांकन शुरू हो गया है। साथ ही वैसे लोगों के लिए जो सरकारी/अर्धसरकारी विभाग में कार्यरत है और अपना योग्यता बढ़ाना चाहते है उनके लिए भी यह सुनहरा अवसर है। अपने विभाग में कार्य करते हुए स्नातक/स्नातकोत्तर का डिग्री हासिल कर सकते है। इस संबंध में जानकारी देते हुए कॉलेज के प्राचार्य प्रदीप तिवारी ने कहा कि कॉलेज प्रबंधन के अथक प्रयास के बाद यहाँ केन्द्र की स्थापना हो पाया है। जिसका श्रेय स्थानीय विधायक वैद्यनाथ राम एवं महाविद्यालय प्रबन्धन को जाता है। इग्नू केन्द्र खुल जाने से महाविद्यालय के शिक्षक / शिक्षकेत्तर कर्मी एवं लातेहार के जनता में हर्ष का माहौल है। इस केन्द्र का कोड 32054 है तथा केन्द्र के कॉ–ऑर्डिनेनटर महाविद्यालय के इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. शतुघ्न मेहता तथा डायरेक्टर प्राचार्य प्रो. प्रदीप कुमार तिवारी है।

### छत से गिर कर मजदूर दुर्गा उरांव की मौत

**गुमला** : जिला के रायडीह थाना क्षेत्र के सिलम गांव के मजदूर युवक की मौत। जानकारी के अनुसार मृतक मजदूर दुर्गा उरांव उम्र लगभग 35, हिमाचल प्रदेश के कुल्लू मनाली में काम करने के दौरान अचानक छत से गिरने से तीन दिन पहले गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे वहां मौजूद रिश्तेदारों ने उठा I.G.M.C.अस्पताल शिमला लाया गया जहां इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गया। परिवार वाले का आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं होने के कारण मृत मजदूर दुर्गा उरांव का दाह संस्कार शिमला में ही कल 24/6/24/को कर दिया गया। जिसकी सुचना परिजनों ने मजदूर संघ सीएफ टी यु आई प्रदेश सचिव जुम्मन खान को देते हुए जिला प्रशासन वा श्रम विभाग से सहयोग दिलाने की गुहार लगायी है।

### सामाजिक सुरक्षा योजना से जुड़े पेंशनर्स का भौतिक सत्यापन जरूरी

**गुमला** : सामाजिक सुरक्षा पेंशन नियमों के अनुसार सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनांतर्गत वर्ष 2024 के लिए पेंशनर्स का वार्षिक भौतिक सत्यापन दिनांक 19 जून से 10 जुलाई 2024 तक सभी पंचायत कार्यालयों में किया जा रहा है। सहायक निदेशक जिला सामाजिक सुरक्षा पदाधिकारी ,ललन कुमार रजक ने बताया कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिए पेंशनर के लिए पेंशनर का जीवित प्रमाण बाबत वार्षिक भौतिक सत्यापन करवाना आवश्यक है ताकि पेंशन धारकों को बिना किसी समस्या के नियमित रूप से पेंशन योजना का लाभ मिल सके। पेंशनर अपने वार्षिक भौतिक सत्यापन के लिए अपने नजदीकी पंचायत कार्यालय में अपना आधार कार्ड लेकर जाएंगे जिससे उनका भौतिक सत्यापन किया जाएगा।

## अवैध बालू भंडार को लेकर डीएमओ आनन्द कुमार की कार्रवाई

# अवैध रूप से रखा 1 लाख 50 हजार घनफूट बालू जप्त

**संवाददाता**

**लातेहार** : उपायुक्त गरिमा सिंह के निर्देश पर अवैध बालू भंडारण को लेकर लातेहार डीएमओ आनंद कुमार ने कार्रवाई की है एवं बालूमाथ में रेलवे निर्माण कार्य कर रहे उपकार इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्राईवेट लिमिटेड एवं संलिप्त व्यक्तियों पर बालूमाथ थाना में प्राथमिकी दर्ज की करवाई गई। साथ ही अवैध बालू भंडारण में संलिप्त व्यक्तियों को चिहिंत करते हुए कार्रवाई का निर्देश दिया इस सम्बन्ध में डीएमओ आनंद कुमार ने बताया कि 20 जून को छापेमारी के दौरान खान निरीक्षक पदमलोचन ओहदार एवं पुलिस बल के द्वारा मकईयाटांड



के रेलवे कैंप में अवैध रूप से 1 लाख 50 हजार घनफूट बालू पाया गया जिसे जप्त कर लिया गया एवं जांच में पाया गया कि रेलवे निर्माण कार्य में लगे उपकार इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्राईवेट लिमिटेड कंपनी की संलिप्ता उजागर हुई, जांच के दौरान पाया गया कि कंपनी द्वारा किसी प्रकार के बालू भंडारित संबंधित लाईसेंस नहीं लिया गया और नहीं आवेदन ही दिया गया है। जिसके बाद कंपनी से 24 घंटे के अंदर स्पष्टीकरण करते हुए अपना पक्ष रखने का निर्देश दिया गया। कंपनी के द्वारा 1 लाख 8 हजार घनफुट का ही कागजात उपलब्ध कराए गए एवं बालू भंडारण में भिन्नता पाई गयी वही बालू भंडारण लाईसेंस या डीलर संबंधित कोई भी कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया। जिसके बाद डीएमओ के द्वारा अवैध बालू भंडारण को लेकर उपकार इन्फ्रा प्रोजेक्ट प्राईवेट लिमिटेड कंपनी एवं संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ बालूमाथ थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गयी। वहीं जिला खनन पदाधिकारी आनद कुमार ने कहा है कि जिले में अवैध खनिज कारोबारियों को बख्सा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि अवैध खनिज संपदा के कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों को चिहिंत कर कार्रवाई करते हुए जेल भेजा जायेगा।

## तालाब में डूबने से दो मासूम की मौत, गांव में पसरा सन्नाटा

**संवाददाता**

**इचाक** : इचाक थाना क्षेत्र के डाढ़ा गांव में दिल दहलाने वाली घटना सामने आया है। तालाब मे डूबने से एक ही परिवार के दो मासूम सगे भाई की मौत हो गयी। मृतक बच्चे अपनी दादी के दशकर्मा घाट में नहाने गए थे। नहाते समय दोनों सगे भाई आइराज (9) वर्ष और यशराज (7) वर्ष रामसागर तालाब गए थे। जिससे दोनो मासूमो की मौत हो गयी। इस सम्बंध में स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि दयानंद कुमार ने बताया की नहाने के कर्म मे अचानक दोनों बच्चे पानी मे डूब गए' किसी को नजर तुरंत नहीं पड़ी,बताया कि आज से दस दिन पूर्व मृतक बच्चे की दादी और शिवकुमार मेहता की माता संकरी देवी का आम तोड़ने के क्रम में पेड़ से फिसलकर गिरने से मौत हो गयी थी। जिसकी दशकर्मा कार्य मंगलवार को था। बच्चे घाट से हजामत बनाकर घर लौटे घर मे नास्ता किये और फिर अन्य लोगो को देखकर पुनः तालाब चले गए और नहाने के लिए तालाब में कूद गए। बच्चे बाहर नही निकल सके, बाहर खडा बच्चा शोर किया। तब आस पास के लोग बच्चों को बाहर निकालने के लिए दौड़ पड़े। करीब 20 मिनट में एक बच्चा आइराज (9) वर्ष को निकाला गया। और सीएचसी इचाक लाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जबकि दूसरा बच्चा यशराज (7) को निकालने में बहुत मसक्कत करनी पड़ी तब तक वह पानी मे ही दम तोड़ चुका था। घटना की सूचना से डाढ़ा गांव समेत पूरे क्षेत्र में कोहराम मच गया। बतादें कि शिवकुमार मेहता के दो बेटा और एक बेटी है।

जिसमे दोनो बेटा आइराज और यशराज की दादी के दशकर्मा घाट में हृदय विदारक घटना में मृत्यु हो गयी। स्थानीय मुखिया सुनीता देवी, विधायक प्रतिनिधि सचिदानंद अग्रवाल, मुखिया संघ के जिला सचिव नंदकिशोर कुमार, भाजपा के मण्डल अध्यक्ष जयनंदन मेहता, हरिहर मेहता, प्रकाश यादव समेत कई लोग डाढ़ा गांव पहुंचे और पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया। इस घटना से पूरा गांव सदमे है। किसी के घर चूल्हा तक नहीं जला है, पुरे गांव सनाटा पसरा हुआ है।

## नगर भवन गुमला में निपुण समागम 2024 का हुआ आयोजन

## मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त रहे मौजूद



**संवाददाता**

**गुमला** : झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के निदेर्शानुसार जिला शिक्षा विभाग द्वारा निपुण समागम 2024 का आयोजन करते हुए नगर भवन गुमला में टीएलएम मेला का आयोजन किया गया। आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप से उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में उप विकास आयुक्त गुमला, दिलेश्वर महतो, तथा अपर समाहर्ता शशिंद्र बड़ाइक, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, आरती कुमारी, जिला कल्याण पदाधिकारी आलोक रंजन उपस्थित थे। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन करते हुए कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया तथा जिला शिक्षा पदाधिकारी नूर आलम खां द्वारा स्वागत भाषण देते हुए कार्यक्रम की जानकारी दी गई। जिले के चयनित 100 शिक्षकों के द्वारा केजी से कक्षा तीन तक के बच्चो के बीच भाषा एवम गणित के साथ खेल खेल में पढ़ाई के लिए पिछले चार दिन तक कार्यशाला कर मॉडल बनाए गए थे जिसके प्रदर्शन के लिए प्रखंडवार स्टाल लगाया गया था। उपायुक्त तथा अन्य विशिष्ट अतिथियों द्वारा प्रखंडवार स्टॉल का भ्रमण किया गया । इस मौके पर उपायुक्त द्वारा कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा गया कि ऐसे गतिविधियों का निरंतर आयोजन किया जाना चाहिए।

आज के इस टीएलएम मेले से चयनित मॉडल को राज्य स्तरीय निपुण समागम में भेजा जाएगा तथा सभी लोग 4 से 6 जुलाई तक राज्य स्तरीय कार्यक्रम में भाग लेंगे । गुमला से कुमार सुंदरम भारद्वाज तथा शिक्षिका सोनाली त्रिपाठी द्वारा मंच संचालन किया गया। आज के इस मेला में रोबो रेस तथा रोबो फाइट गतिविधियों का भी प्रदर्शन किया गया। इस मेले में शहरी क्षेत्र के विद्यालयों के बच्चों द्वारा भाग लिया गया। आज के कार्यक्रम में एडिपीओ पियूष कुमार के साथ सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी आदित्य राज ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आज के कार्यक्रम में चयनित 100 शिक्षकों के साथ सभी प्रखंड से प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, बिआरपी, सीआरपी आदि मौजूद थे।

## अदरा के महीने में पानी की एक बूंद के लिए तरस रहे पलामू वासी : रूचिर तिवारी

**संवाददाता**

**पलामू** : भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह डाल्टनगंज चैनपुर भंडरिया के भावी विधायक उम्मीदवार रूचिर कुमार तिवारी ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि बरसात का महीना वह भी अदरा का महीना आकाश की ओर टकटकी लगाए बैठे हैं पलामू के किसान लेकिन बारिश की एक बूंद पलामू को नसीब नहीं। पलामू जिला में बहुत सारे प्रतिष्ठित नेता मंत्री और स्पीकर भी रहे जैसे इंदर सिंह नामधारी, केएन त्रिपाठी त्रिपाठी, भाजपा के दो बार के बिधायक, एवं तीन बार के सांसद रहने के बावजूद वैकल्पिक कृषि हेतु नदी- नालों को बांधकर किसानों के खेतों में पानी पहुंचाने की कोशिश कभी नहीं किया। केवल नाम बड़े और दर्शन छोटे का कहावत चरितार्थ होता है।

जब स्व विदेश सिंह विधायक थे तो पांकी में बराज का काम पूरा हुआ लेकिन नाहर पूरा नहीं हुआ जिसके कारण फाटक नहीं लग पाया वही मलय डैम योजना के तहत बना नहर तो बन गया लेकिन आज तक उसमें पानी नहीं आया प्रधानमंत्री मोदी का दो-दो बार का मंडल डैम का घोषणा अधूरे काम का पूरा करने के लिए काम शुरू नहीं हुआ। दूसरी और निगम क्षेत्र में तो आम नागरिकों को पीने का पानी मिलना भी मुश्किल हो गया।

पेयजल योजना के तहत पूर्व मंत्री केंद्र त्रिपाठी ने चियांकी पहाड़ पर टंकी भी बनवाया लेकिन उसका लाभ आम जनता को नहीं मिला बल्कि लाभार्थी केवल ठेकेदार हुए। इस तरह देखा जाए तो पूरे पलामू जिला में किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाने का एक भी सिंचाई परियोजना पूर्व के किसी सरकार और मंत्री ने पूरा नहीं किया बल्कि बड़े रसूखदारों के द्वारा तालाब नदी नालों का अतिक्रमण भी कर लिया गया लेकिन इन मंत्रियों विधायक को एवं सांसदों को उनके खिलाफ एक्शन तो दूर एक शब्द बोली भी नहीं निकलती है जिसके चलते आज पलामू के किसान भगवान भरोसे पानी पर निर्भर है। वहीं दूसरी सबसे बड़ी समस्या किसानों के समीप नीलगाय की समस्या आज नीलगाय पलामू जिला के सभी गांव में झुंड के झुंड पाए जाते हैं लेकिन इससे निदान अभी तक फॉरेस्ट विभाग के पास और न हीं किसी नेता मंत्री के पास है चुनावी मौसम आ रहा है ऐसे नेताओं से जनता सावधान रहे। और ऐसे नेताओं और उनके बारिशानो से पूछे कि आपने पलामू को पानी देने के लिए क्या किया और क्या करेंगे।

## भारी मात्रा में अफीम शराब के साथ एक गिरफ्तार

**चौपारण** : सोमवार रात्रि मे पुलिस अधीक्षक हजारीबाग द्वारा चौपारण पुलिस को गुप्त सुचना मिली की ग्राम चोरदाहा स्थित झोपडी लाइन होटल में तस्करी करने के लिए भारी मात्रा में अवैध शराब एवं अफीम छुपाकर रखा हुआ है। सुचना का सत्यापन एवं कार्रवाई हेतु थाना प्रभारी छापामारी दल के साथ चोरदाहा स्थित झोपडी लाइन होटल के पास पहुँचे तो देखा की होटल के पीछे से कुछ व्यक्ति निकल कर भाग रहे है जिसे सशस्त्र बल के सहयोग से भाग रहे एक व्यक्ति को पकड़ लिया गया,पकडाए व्यक्ति महावीर यादव पिता देवधारी यादव ग्राम तेतरिया थाना बाराचट्टी



जिला गया बिहार के रूप मे पहचान हुई। तत्पश्चात होटल में आकर विधिवत तलाशी लिया तलाशी के क्रम में होटल के अन्दर एक कमरा के पलंग के बॉक्स में प्लास्टिक में रखा अफीम 1.8 किग्रा, पिसा हुआ डोडा- 02 किग्रा 0, अलग-अलग कम्पनी का अंग्रेजी शराब कुल 101 पीस, केन बियर- 72 पीस एवं बोतल बियर 60 पीस बरामद किया गया। इस संबंध में चौपारण थाना कांड सं0-213/24 दिनांक-25/06/24 धारा-272/273/290/भा0 द० वि०, 17(उ) /18(उ) N. D. P. S. ACT एवं 47 ( ) उत्पाद अधि० अंकित कर पकड़ाये व्यक्ति को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजी गयी। छापामारी दल मे थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह,निलेश कुमार रंजन, बिन्देश्वर महतो एवं चौपारण थाना सशस्त्र बल शामिल थे।

## भाजपा ने आपातकाल को काला दिवस के रूप में मनाया

**संवाददाता**




**लातेहार** : भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय लातेहार में जिला अध्यक्ष पंकज सिंह के अध्यक्षता में 25 जून 1975 को लगाए गए आपातकाल के विरोध में काला दिवस पर गोष्ठी एवं काला बिल्ला लगाकर पैदल विरोध मार्च किया गया।तत्पश्चात आपातकाल के समय में बंदी बनाए गए मनबहाल सिंह को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के महामंत्री मनोज सिंह उपस्थित थे।इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि 25 जून 1975 को कांग्रेस के द्वारा आपातकाल लागू कर आम नागरिकों का मौलिक अधिकार को छीना गया, प्रेस मीडिया की स्वतंत्रता छीनी गई, कांग्रेस के द्वारा देश में चुनी गई सरकार को 90 बार हटाया गया, आपातकाल के समय 140000 लोगों को जेल में डाला गया,जिनमें लगभग 22 लोगों की मृत्यु हो गई,आपातकाल के दौरान 42 वां संविधान संशोधन संसद को संविधान के नष्ट करने, जोड़ने बदलने या निरस्त की निरंकुश शक्ति प्रदान की गई, न्यायपालिका की शक्तियों में कटौती न्यायपालिका किसी भी आधार पर संविधान में संशोधन पर सवाल नहीं उठा सकती मौलिक अधिकारों में संशोधन को न्यायिक समीक्षा से परे रखा गया, इंदिरा गांधी ने 25 जून 1975 को आधी रात में मंत्री परिषद को सूचित किए बिना राष्ट्रपति को आपातकाल की घोषणा पर हस्ताक्षर करने के लिए मजबूर किया, आपातकाल के दौरान प्रमुख नेताओं जैसे अटल बिहारी वाजपेई राजनाथ सिंह जेपी नारायण जैसे विपक्षी नेताओं को तुरंत जेल में डाल दिया गया ।जिला अध्यक्ष पंकज सिंह ने कहा कि प्रदेश के द्वारा निर्देशित कार्यक्रम 23 जून श्रद्धेय डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के पुण्यतिथि को जो बलिदान दिवस के रूप में हम लोग मानते हैं उसे पखवाड़ा के रूप में 23 जून से 6 जुलाई तक अनवरत चलेगा, जिसमें विभिन्न कार्यक्रम जिला से लेकर भूत स्तर पर चलाया जाएगा, 5 जून को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा घोषित पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन कार्यक्रम के तहत पार्टी के सभी नेताओं को एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम चलाना है, एवं सरल एवं सोशल मीडिया पर अपलोड करना है, तथा 30 जून को माननीय प्रधानमंत्री जी का मन की बात भूत स्तर पर सुनने और सुनने का कार्य करना है एवं सरल पर अपलोड करना है।

## साइबर ठगी मामले का उद्‌भेदन, दो गिरफ्तार



**कोडरमा** : कोडरमा पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह ने बताया कि उन्हें सूचना मिली कि जिले के सतगांवा थानान्तर्गत कुछ व्यक्तियों द्वारा लोगो को लोन दिलाने के नाम पर साईबर ठगी किया जा रहा है। उन्होंने सूचना पर सतगांवा के थाना प्रभारी को कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। गठित टीम द्वारा छापामारी करते हुए दो साइबर अपराधी क्रमश टुन्नी कुमार ( 20 ) तथा मनीष कुमार ( 30 ) को पकड़ा गया। एसपी मंगलवार को प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। एसपी ने बताया कि छापामारी के क्रम में इन दोनों के पास से भारी संख्या में मोबाईल फोन, सीम कार्ड, एटीएम, कार्ड, बैंक पासबुक, लाईन वाला पेज, हस्तलिखित संदिग्ध दस्तावेज बरामद हुआ। इनलोगो के द्वारा स्वीकार किया गया कि ये लोग आम लोगो को लोन दिलाने के नाम पर ठगी करते थे।

### ग्रीन व आधार कार्ड सीडिंग के लिए विशेष शिविर

**लातेहार** : जिले के सभी पंचायतों में ग्रीन कार्ड इश्यू करने और आधार कार्ड सीडिंग करने को लेकर 24 जून से शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जो 10 जुलाई तक चलेगा। इसके तहत बुधवार 26 जून को लातेहार प्रखंड के धनकारा व शीशी, चंदवा के कामता व सेरक, हेरहंज के चीरू व तासू, मनिका के नामूदाग, बरवाडीह के खूरा व बरवाडीह, बालुमाथ के मासियातू व रजवार और महुआडांड़ प्रखंड के ओरसा पंचायत में शिविर लगेगा।

# बिरसा फोर्स की विशाल जनसभा 07 जुलाई को तोपचांची में

**संवाददाता**

**तोपचांची/धनबाद** : झारखंड सरकार खेल चयन समिति के सदस्य, बिरसा फोर्स के संस्थापक, झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता अजमुल भाई अपने समर्थकों के साथ पूर्वी टुंडी के विभिन्न पंचायत और गांव का दौरा कर आने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर विचार विमर्श किया, साथ ही उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि अगर मुझे टुंडी विधानसभा क्षेत्र में आम मतदाताओं ने सेवा करने का अवसर प्रदान किया तो निश्चित तौर पर लोगों के भावनाओं के अनुरूप मै कार्य करूंगा और टुंडी विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए, महिलाओं, छात्र, नौजवानों, किसानों के उत्थान के लिए, बुजुर्गों के सम्मान के लिए धरातल पर ऐसे कार्य किए जाएंगे जिससे यहां के लोगों को ज्यादा से ज्यादा लाभ मिल सके। अजमल भाई ने कहा कि टुंडी विधानसभा क्षेत्र में सबसे बड़ी समस्या पलायन की समस्या है, झारखंड राज्य खनिज संपदा से भरा होने के बावजूद यहां के नौजवानों को, बेरोजगारों को दूसरे राज्यों में रोजगार की तलाश में जाना पड़ता है। अगर मुझे अवसर प्रदान हुआ तो सबसे पहले में टुंडी विधानसभा क्षेत्र में रोजगार के अवसर पैदा करूंगा, यहां के नौजवानों को दूसरे राज्यों में कार्य करने के लिए न जाना पड़े इस तरह का कार्य किया जाएगा उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए इस तरह का व्यवस्था किया जाएगा जिससे यहां के लोगों को उच्च शिक्षा ग्रहण करने के लिए दूसरी जगह पर जाने की आवश्यकता ना पड़े उन्होंने कहा कि बिजली पानी सड़क और स्वास्थ्य के लिए काफी बेहतर काम करने की आवश्यकता है मुझे मौका मिला तो मैं जनता के बुनियादी समस्याओं का समाधान करते हुए विकास के नए आयाम गढ़े जाएंगे मैं लोगों से अपील करता हूं के टुंडी विधानसभा क्षेत्र में एक बार सेवा करने का मौका दें अगर मैं टुंडी विधानसभा क्षेत्र के संपूर्ण विकास करने में नाकाम रहूंगा तो आने वाले 2029 के चुनाव में आपसे पुनः वोट नहीं मांगूंगा उन्होंने आगे कहा के टुंडी विधानसभा क्षेत्र



### जाति धर्म समुदाय से ऊपर उठकर अजमुल भाई सेवाभाव से करते हैं काम : जानी बाबू

का जिस प्रकार से विकास होना चाहिए नहीं किया गया है यहां के लोगों से सिर्फ वोट लिया गया उनके समस्याओं का समाधान नहीं किया गया आज भी टुंडी विधानसभा क्षेत्र के लोग पानी बिजली सड़क शिक्षा स्वास्थ्य जैसे बुनियादी समस्याओं से जूझ रहे हैं उन्होंने कहा कि मैं राजनीति को अपना धंधा नहीं समझता बल्कि मैं सेवा भाव से कार्य करने के लिए राजनीति कर रहा हूं, कुछ लोग अपना विकास अपने भाई बेटे रिश्तेदारों का विकास करने के लिए राजनीति करते हैं अगर मैं लोगों के भावनाओं के अनुरूप काम करने में असफल रहा तो पुनः आप हमें मौका ना दें मैं 2024 के विधानसभा चुनाव में टुंडी विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने का मन बना रहा हूं अगर टुंडी विधानसभा क्षेत्र के सभी आम लोगों का समर्थन प्राप्त हुआ तो निश्चित तौर पर मैं आने वाला विधानसभा चुनाव लड़ूंगा और मुझे कामयाबी भी मिलेगी मैं कभी भी एक जात एक वर्ग पर निर्भर नहीं करता जब तक सभी जात धर्म वर्ग के लोगों का समर्थन प्राप्त नहीं होगा कोई भी राजनीति सफल नहीं हो सकता इसलिए मैं सभी वर्ग समाज को साथ लेकर चलने में विश्वास रखता हूं आज अजमुल भाई ने पूर्वी टुंडी के कोटालडीह, कमारडीह, महाराजगंज, भोजुड़ीह आदि गांव का दौरा कर लोगों से संपर्क साधा और अपने पक्ष में समर्थन जुटाने का प्रयास किया। वही तोपचांची प्रखंड बिरसा फोर्स के अध्यक्ष जानी बाबू ने प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर बताया कि अजमुल भाई की लोकप्रियता दिन प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है, और लोग उन्हें मरहुम डा सबा अहमद के विकल्प के तौर पर देख रहे हैं और आने वाले विधानसभा चुनाव में उन्हें भरपूर समर्थन करने की बात कह रहे हैं।

## संक्षिप्त

### छात्रों के बीच पुस्तक का वितरण

**जमशेदपुर।** वारिस कॉलोनी प्राथमिक विद्यालय में अभिभावक शिक्षक की बैठक बुलाई गई जिसमें गर्मी की छुट्टी के बाद छात्र-छात्राओं को रोजाना स्कूल आने पर विचार विमर्श किया गया और साथ ही अभिभावकों से अनुरोध किया गया कि वह अपने बच्चों को समय पर स्कूल भेजें और स्कूल जाते समय साफ सुथरा यूनिफार्म पहन कर ही स्कूल आए इस बैठक में मुख्य अतिथि के तौर पर समाजसेवी मानगो नगर निगम के ब्रांड एंबेसडर मुख्तार आलम खान उपस्थित थे। इस बैठक में क्लास 1, 4 और 5 के 36 छात्र-छात्राओं के बीच पुस्तक का वितरण किया गया। बैठक में स्कूल की प्रधान अध्यापिका मेहर जहां, सहायक शिक्षक अनवर फातिमा, कमरुन्निसा, समूह निशा, तबस्सुम परवीन, जरीना खातून, जमरून खातून, आरिफा खातून, जहां अरा, रोशन परवीन, शहजादी बीबी, अकीरून बीबी, शकीरूं बीबी उपस्तित थे।

### 29 को शाह अहमद अलीर का चौथा वार्षिक उर्स

**जमशेदपुर।** जाकिरनगर इस्ट स्थित खानकाह शरफ मे मखदूम मिल्लत हजरत मौलाना शाह अहमद फिरदौसी र . का चौथा वार्षिक उर्स 29 जून को मनाया जाएगा । बाद नमाज फजर कुरानख्वानी, प्रात : 9 बजे चादरपोशी , 10 बजे मिलादशरीफ, 11 बजे कुल कार्यक्रम ,1 : 15 बजे नमाज जोहर तत्पश्चात लंगर आम कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा , उपरोक्त जानकारी खानकाह के सज्जादानशीं मौलाना शाह हस्सान अहमद उसमानी फिरदौसी ने दी । उन्होंने बताया कि इस अवसर पर कई उलेमा व शायर भी भाग लेंगे।

# तीन दिन से लापता 9 वर्षीय बच्ची का शव बरामद, हत्या की आशंका

## तीन बच्चों के बाप की थी बच्ची की मां पर बुरी नजर, उसी पर शक

▶ बोकारो के पेटरवार की अंगवाली उत्तरी पंचायत का मामला

**संवाददाता**

**बोकारो ।** जिले के पेटरवार थाना क्षेत्र अंतर्गत अंगवाली उत्तरी पंचायत स्थित वार्ड - 4 के टुंगरकुल्ही निवासी राजन कमार की 9 वर्षीय पुत्री नैना कुमारी का शव तीन दिन बाद मंगलवार को तेनु-बोकारो नहर में पिछरी दक्षिणी पंचायत के धधकीडीह के पास मिला। वह 22 जून से लापता थी। बच्ची के गायब होने के दूसरे दिन पेटरवार थाना पुलिस को बच्ची के पिता ने आवेदन देकर मोहल्ले के मंगल करमाली के पुत्र ज्ञान करमाली पर बच्ची को अगवा करने का आरोप लगाया था। इसमें पेटरवार पुलिस द्वारा ज्ञान करमाली को पूछताछ के लिए रविवार को ही हिरासत में लिया गया है, लेकिन उसने राज नहीं खोला था। घटना के पीछे हत्या की आशंका जताई जा रही है।

इधर, मृत बच्ची की मां जो वर्तमान में चेन्नई में पिछले एक माह से काम करने गई है, उसका कहना है कि उसके मोहल्ले का ज्ञान करमाली उससे गलत संबंध बनाने को लेकर दो-तीन साल से परेशान कर रहा था। उसने उसकी बच्ची के लापता होने के एक दिन पहले 21 जून को फोन से धमकी भी दी थी कि वह



चेन्नई से उसके पास आ जाए, नहीं तो उसे खून के आंसू बहाने पड़ेंगे। संजू ने कहा कि अलग- अलग मोबाइल नंबरों से वह उसे धमकी देता रहता था। इन नंबरों को वह पेटरवार थाने को भी भेज चुकी है। आरोपी तीन बच्चों का बाप है। मृतक की मां संजू देवी ने बताया कि वह धनबाद के कुछ लड़कियों और लड़कों के साथ काम करने के लिए चेन्नई एक महीना पहले गई हुई है। अंगवाली के ग्रामीणों ने आरोपी को फांसी का सजा देने की मांग की है। बताया जा रहा है कि बच्ची के लापता होने के बाद उसके परिजन अपनी पंचायत सहित अपने रिश्तेदारों के यहां काफी खोजबीन में लगे थे। तीन दिन तक कोई पता नहीं चला। मंगलवार की सुबह धधकीडीह नहर में एक बच्ची का शव राहगीरों ने देखा। बाद में उसकी पहचान अंगवाली से लापता बच्ची नैना कुमारी के रूप में की गई। मृतका तीन भाई बहनों में मंझली थी।

इधर, पेटरवार के थाना प्रभारी कृष्ण कुमार कुशवाहा का कहना है कि मामले को गहनता से देखा जा रहा है। मृतका की मां पर ज्ञान करमाली की बुरी नजर थी। संभव है, उसने घटना को अंजाम दिया होगा, लेकिन पुलिस हर पहलू पर जांच कर रही है। बच्ची की मौत का वास्तविक कारण पता किया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर स्थिति ओर ज्यादा स्पष्ट हो जाएगी। मृतका के पिता के आवेदन पर पूछताछ के लिए एक व्यक्ति को थाना लाया गया है। घटना में शामिल कोई भी नहीं बचेगा।

## शिविर लगाकर बताई गईं परिवहन विभाग की योजनाएं, 1996 आवेदन जमा



**संवाददाता**

**बोकारो।** उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर पेटरवार प्रखंड सह अंचल कार्यालय में परिवहन विभाग की ओर से ड्राइविंग लाइसेंस, सड़क सुरक्षा, मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना 2022, झारखंड गुड सेमेरिटन (नेक नागरिक) पॉलिसी 2020 एवं हिट एंड रन सहित अन्य संचालित योजनाओं का लाभ सुदूरवर्ती क्षेत्र के अंतिम लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 1996 लोगों ने विभिन्न योजनाओं के लाभ लेने हेतु आवेदन किया।

जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना शेजवलकर ने बताया कि 29 जून तक अलग-अलग तिथियों को सभी प्रखंडों में शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी क्रम में 26 जून को बेरमो प्रखंड में, चास प्रखंड मुख्यालय में 28 जून को एवं चंदनकियारी प्रखंड मुख्यालय में 29 जून को शिविर लगाया जाएगा। इस शिविर में ही आम जनता को सड़क पर चलने के दौरान परिवहन नियमों का अनुपालन करने, बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन का इस्तेमाल न करने, दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट लगाने, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट आदि का इस्तेमाल करने की जानकारी दी गई है। इस दौरान योजनाओं से संबंधित पोस्टर एवं पंपलेट का भी वितरण किया गया।

## सड़क पर मिट्टी का मलबा रखने से दुर्घटना की संभावना बनी



**बोकारो थर्मल ।** बोकारो थर्मल स्थित डीवीसी के नए एडीएम बिल्डिंग (प्रशासनिक भवन) के समीप स्टेशन जाने वाली मेन रोड पर मिट्टी का मलबा रख देने से दुर्घटना की संभावना बनी हुई है। मेन रोड पर मिट्टी का मलबा डाल देने से सभी प्रकार के वाहनों को आवाजाही में भी दिक्कत एवं परेशानी हो रही है। डीवीसी के एडीएम बिल्डिंग की चहारदीवारी का निर्माण कार्य करवाया जा रहा है। निर्माण कार्य के दौरान पांच से छह फीट तक के फाउंडेशन का कार्य किया जा रहा है। कार्य की वजह से जेसीबी द्वारा मिट्टी की खुदाई कर किनारे रखने की बजाय मेन रोड पर ही रख दिया गया है। वर्षा होने पर सारा मिट्टी बहकर फिसलन करेगा, जिससे परेशानी और भी बढ़ जाएगी। डीवीसी यूनियन के प्रतिनिधियों ने डीजीएम सिविल एवं डीजीएम प्रशासन से मिट्टी को किनारे रखवाने की मांग की है।

# दो वाहनों की जोरदार टक्कर, चालक की दबकर मौत

## पेटरवार में दो अलग-अलग सड़क हादसों में एक की गई जान, दो घायल

**संवाददाता**

**बोकारो ।** जिले के पेटरवार थाना क्षेत्र अंतर्गत रांची-बोकारो मुख्य मार्ग पर मंगलवार को दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि, दो लोग घायल हो गए। पहली घटना न्यू बस स्टैंड पेटरवार के समीप कृषि विज्ञान केंद्र के बगल में स्थित मोड में मंगलवार सुबह लगभग 7 बजे घटित हुई। इस दुर्घटना में मोटरसाइकिल सवार ने साइकिल सवार को जोरदार टक्कर मार दी, जिसमें दो लोग घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार बांगा निवासी सुनील कुमार महतो (22) पेटरवार गागी हॉट से सब्जी बेचकर मोटरसाइकिल संख्या (जेएच 24 जे 6346) से अपने घर लौट रहा



था। इसी दौरान साइकिल से दूध लेने जा रहे पतकी स्थित नायक टोला निवासी खिरोधर नायक से जोरदार टक्कर हो गई। घटना में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के दौरान पंचायत समिति सदस्य निरंजन महतो एवं स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पेटरवार में भर्ती किया गया। जहां चिकित्सा पदाधिकारी ज्योत्सना सिन्हा ने प्राथमिक उपचार किया एवं गंभीर स्थिति में देखते हुए दोनों घायलों को सदर अस्पताल बोकारो रेफर कर दिया। जहां खिरोधर नायक की स्थिति गंभीर बताई जा रही है।

दूसरी घटना थाना क्षेत्र के चरगी चौक में घटित हुई। इस सड़क दुर्घटना में एक चालक की वाहन में दबकर दर्दनाक मौत हो गई। घटना मंगलवार सुबह लगभग 8:30 बजे की बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार चरगी चोक में सड़क किनारे पहले से खड़ी लोहा लदा हाईवा संख्या (एनएल 01के 9376) को रामगढ़ से बोकारो की ओर जा रही चोकर लदा 709 मालवाहक वाहन संख्या ( जेएच 01सी डब्लू 3855) ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण टक्कर में 709 वाहन चालक वाहन में ही दब गया। जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई। मौके पर पहुंची पेटरवार पुलिस ने जेसीबी के माध्यम से काफी मशक्कत करने के बाद वाहन में दबे चालक को 2 घंटे बाद बाहर निकाला जा सका । चालक की पहचान रामगढ़ जिला अंतर्गत चितरपुर थाना क्षेत्र के लारी निवासी निर्मल महतो के पुत्र मंटू महतो (43) के रूप में हुई। मौके पर पहुंची पेटरवार पुलिस ने शव को कब्जे में ले कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पेटरवार ले गई, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। पेटरवार पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। मंटू महतो वाहन चलाकर अपने परिवार का भरण पोषण किया करता था। वह अपने पीछे 4 साल के छोटे बच्चे और पत्नी सहित भरापूरा परिवार बिलखता छोड़ गया।

## गरीब के घर में लगी आग, उजड़ा आशियाना

**संवाददाता**

**बोकारो।** जिले के जारंगडीह खेतको पुल स्थित बेलदार टोला में सोमवार-मंगलवार की देर रात मोमबत्ती की आग से उर्मिला देवी नामक एक महिला का आशियाना पूरी तरह जल गया। घर की मालकिन उर्मिला देवी और उसके बच्चों की जान बाल-बाल बच गई। घटना के संबंध में भुक्तभोगी उर्मिला ने बताया कि बिजली कटने के बाद उन्होंने एक मोमबत्ती जलाई थी। ज्यादा गर्मी लगने की वजह से वह और उनके बच्चे खपरैल घर के बाहर खड़े थे। अचानक घर के अंदर से अत्यधिक मात्रा में धुआं निकलने लगा। इसके बाद देखते ही देखते घर में आग लग गई। उसने मदद के लिए पड़ोसियों को आवाज दी। पीड़िता एवं पड़ोसियों द्वारा जब तक तक आग पर काबू पाया जाता, पूरा घर आग की लपटों में घिरकर



स्वाहा हो गया। इस अगलगी में उनके घर का सारा सामान जल गया और सिर से छत पूरी तरह उजड़ गया। उर्मिला देवी और उसके तीन छोटे-छोटे बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जाता है कि आर्थिक तंगी की वजह से उर्मिला का पति दूसरे राज्य में काम करने गया है। वहीं दूसरों के घरों में कामकाज करके जीविका चलाने वाली उर्मिला और उनके बच्चों का एकमात्र आशियाना अब छिन चुका है। इस घटना में पीड़ित परिवार के पास ना रहने के लिए छत है ना पहनने के लिए कपड़े और ना खाने के लिए अनाज। उर्मिला की स्थिति ऐसी हो चुकी है कि वह खुद अपने घर को नहीं बना सकती है, बल्कि दूसरों के घर में रहने के लिए उसे अन्य लोगों से मदद लेनी होगी। पड़ोसियों एवं स्थानीय लोगों ने झारखंड सरकार एवं पुलिस प्रशासन से उर्मिला देवी को मदद करने की मांग की है, ताकि एक परिवार बेघर और दर दर की ठोकर खाने से बच सके।

## वज्रपात की चपेट में आकर एक बच्चे की मौत

**जमशेदपुर ।** मंगलवार शाम अचानक मौसम ने करवट ली। इस दौरान आस-पास के क्षेत्रों में वज्रपात के साथ बारिश भी हुई. इधर, पटमदा के गोबरघुसी में वज्रपात की चपेट में आकर 12 वर्षीय कोलेन टुडू की मौत हो गई। कोलेन गोबरघुसी हाई स्कूल में सातवीं कक्षा का छात्र था। घटना के वक्त वह आंगन में खेल रहा था। इसी दौरान वज्रपात की चपेट में आकर वह गंभीर रुप से घायल हो गया। परिजनों ने आनन-फानन में एंबुलेंस की मदद से कोलेन को इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल पहुंचाया पर कोलेन ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। सूचना पाकर विमल बैठा एमजीएम अस्पताल पहुंचे और कागजी कार्यवाही पूरी करते हुए कोलेन के शव को एमजीएम अस्पताल के शव गृह में रखवा दिया।

# पांच माह बाद स्कूल बस का परिचालन शुरू

**संवाददाता**

**बोकारो थर्मल ।** बोकारो थर्मल स्थित डीएवी कथारा एवं ऊपरघाट की छात्राओं के लिए पूर्व सांसद रवींद्र कुमार पांडेय द्वारा प्रदत्त एवं डीवीसी द्वारा संचालित पांच माह से बंद स्कूल बस का परिचालन आरंभ कर दिया गया है।

स्कूल बस का परिचालन आरंभ हो जाने से डीवीसी एवं गैर डीवीसी कर्मियों के बच्चों एवं उनके अभिभावकों ने राहत की सांस ली है। नये वर्ष की शुरूआत में ही जनवरी माह से बस का परिचालन खराबी आ जाने की वजह से बंद कर दिया गया था। डीवीसी प्रबंधन फंड नहीं होने की वजह से बस की मरम्मत नहीं करवा रहा था और बस पांच माह से कथारा स्थित गैराज में ही खड़ी थी। बस मरम्मत करवाने को लेकर प्रबुद्ध लोगों ने डीवीसी के एचओपी, डीजीएम एवं मुख्यालय कोलकाता के मेंबर सेकेट्री से फरियाद की थी। मेंबर सेकेट्री जॉन मथाई के निर्देश पर स्थानीय प्रबंधन ने फंड की व्यवस्था कर बस मरम्मत का कार्य करवाया। बस की मरम्मत होने के बाद बस का परिचालन आरंभ कर दिया गया है।

### डीएवी स्वांग व केंद्रीय विद्यालय की स्कूल बस सेवा बंद



दूसरी ओर ग्रीष्मावकाश की समाप्ति के बाद स्कूलों के खुलने पर बोकारो थर्मल से डीएवी स्वांग एवं केंद्रीय विद्यालय की स्कूल बस को चालू नहीं किया गया है। बस का परिचालन बंद होने से सभी डीवीसी एवं गैर-डीवीसी के बच्चों एवं अभिभावकों को प्रतिदिन काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अभिभावकों को प्रतिदिन बच्चों को स्वांग स्कूल छोड़ना एवं लाना पड़ रहा है। बताया जाता है कि निविदा संबंधी कुछ कारणों की वजह से ही बस का परिचालन बंद है। इस संबंध में डीवीसी एचआर के सहायक प्रबंधक एस ए अशरफ ने कहा कि कुछ कारणों से बस का परिचालन बंद है। मामले का निपटारा होने पर बस का परिचालन आरंभ हो जाएगा।

# नॉर्वे की संसद में डीपीएस बोकारो को मिला इंटरनेशनल एक्सीलेंस अवार्ड

## भारत-नॉर्वे शिक्षा शिखर सम्मेलन में परिवर्तनकारी उत्कृष्टता के लिए झारखंड से अकेले पाया यह सम्मान

**संवाददाता**

**बोकारो ।** श्रीलंका, मॉरीशस, दुबई, बांग्लादेश, थाईलैंड सहित अन्य देशों के बाद दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) बोकारो ने एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी शैक्षणिक गरिमा का परचम लहराया है। विद्यालय को शिक्षा के क्षेत्र में विश्वस्तरीय नवाचार एवं मानवीय मूल्यों के साथ परिवर्तनकारी उत्कृष्टता के लिए नॉर्वे में सम्मानित किया गया है। ओस्लो स्थित नॉर्वे की संसद में आयोजित भारत-नॉर्वे अंतरराष्ट्रीय शिक्षा शिखर सम्मेलन एवं सम्मान समारोह 2024 के दौरान विद्यालय को विश्व-प्रतिष्ठित ट्रांसफॉर्मेटिव एजुकेशन एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया। नॉर्वे किंगडम के सांसद एवं शिक्षा व शोध की स्थायी समिति के सदस्य हिमांशु गुलाटी ने बतौर मुख्य अतिथि आकेरशुस (नॉर्वे) के राज्यमंत्री



ओले जैकब जोहान्सन तथा नॉर्वे किंगडम में भारत के राजदूत डॉ. अकीनो विमल की मौजूदगी में विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए एस गंगवार को यह सम्मान प्रदान किया। पूरे भारतवर्ष से 30 विद्यालयों को उक्त समारोह में सम्मानित किया गया। खास बात यह रही कि झारखंड से एकमात्र डीपीएस बोकारो ही यह सम्मान पाने वाला विद्यालय रहा।

मंगलवार को प्रातःकालीन विशेष सभा में जैसे ही इस अंतरराष्ट्रीय उपलब्धि की घोषणा हुई, पूरा विद्यालय परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। विदित हो कि इसके पूर्व भी विभिन्न देशों में डीपीएस बोकारो को शिक्षा के क्षेत्र में नवोन्मेषता, उच्च स्तरीय गुणवत्ता, पर्यावरणहित संबंधी पहलों सहित अन्य श्रेणियों में विश्व मंच पर सम्मानित किया जा चुका है। नॉर्वे में प्राप्त यह नवीनतम पुरस्कार गुणवत्तापूर्ण और भविष्योन्मुखी शिक्षा के प्रति विद्यालय की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। प्राचार्य डॉ. गंगवार के नेतृत्व में विद्यालय निरंतर शैक्षणिक और सह-शैक्षणिक क्षेत्रों में उत्कृष्टता के नए अध्याय जोड़ रहा है। नवीनतम उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्राचार्य डॉ. गंगवार ने इसके लिए सभी विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों एवं शिक्षकों सहित विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह प्रतिष्ठित सम्मान उत्कृष्टता एवं नवोन्मेषता के प्रति विद्यालय की प्रतिबद्धता को और सशक्त करता है। विद्यालय विभिन्न प्रकार की पाठ्येतर गतिविधियों, खेल, कला-संस्कृति और चरित्र-निर्माण सहित विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास को लेकर सतत प्रयत्नशील है। इस प्रकार की उपलब्धियां इन्हीं प्रयासों का परिणाम हैं। यह सम्मान हमें आगे और भी बेहतरी के साथ काम करने की प्रेरणा देता है, जिससे कि हम सभी मिलकर अपनी शैक्षणिक गरिमा को ऐसे ही बढ़ाते हुए समृद्ध समाज व राष्ट्र-निर्माण में सशक्त भूमिका निभा सकें।

### योजनाओं की धीमी रफ्तार पर नाराजगी

# डीसी के निर्देश पर अपर समाहर्ता ने की बैठक, समीक्षा में तेजी लाने का निर्देश

**संवाददाता**

**बोकारो ।** समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी ने मंगलवार को आधारभूत संरचना एवं राजस्व की समीक्षा बैठक की।

मौके पर अपर समाहर्ता ने आधारभूत संरचना एवं राजस्व की पिछली बैठक में दिए गए निदेर्शों एवं संबंधित विभाग, अंचलों द्वारा उसके अनुपालन की प्रगति की क्रमवार समीक्षा की। उन्होंने ज्यादातर मामलों में धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए सभी अंचलाधिकारियों को विभिन्न एजेंसी, कोल कंपनियों से भूमि संबंधित कार्यों के निष्पादन में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने भूमि सत्यापन, भूमि सीमांकन एवं अधिग्रहित भूमियों का दाखिल झ खारिज कार्य के निपटारे में अपेक्षित प्रगति लाने का निर्देश दिया। सभी अंचलाधिकारियों को नियमित बैठक कर एजेंसी,कोल कंपनियों से जरूरी दस्तावेज,आवेदन आदि



प्राप्त कर मामलों का निष्पादन का निर्देश दिया।बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो को भी उनके अंतर्गत आने वाले अंचलों से संबंधित मामलों की नियमित समीक्षा कर कार्य में प्रगति लाने को कहा। अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो ने पिछले दिनों बैठक कर सभी मुद्दों पर जरूरी निर्देश अंचलाधिकारियों को देने की बात कहीं। अपर समाहर्ता ने समीक्षा बैठक में कुल 86 एजेंडों पर प्रगति की समीक्षा की। जिसमें बी एंड के एरिया सीसीएल का 23 मामला, सीसीएल ढ़ोरी के 06 मामला, सीसीएल रजरप्पा का 01 मामला, सीसीएल कोटरे बसंतपुर पंचमो का 02 मामला, ट्रांसमिशन लाइन का 06 मामला, रेलवे का 03 मामला, ओएनजीसी का 28 मामला, बीएसएल का 08 मामला, डीवीसी का 04 मामला, एनएचएआई का 02 मामला, आरसीडी का 01 एवं बीसीसीएल बरोरा का 02 मामला शामिल थे। बैठक में डीपीएलआर मेनका, अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो अशोक कुमार, डीसीएलआर चास प्रभाष दत्ता, डीसीएलआर बेरमो सदानंद महतो, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार समेत सभी अंचलों के अंचलाधिकारी, तकनीकी विभागों के कार्यपालक अभियंता, विभिन्न एजेंसियों,कंपनियों के प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

# रानी दुर्गावती: जनकल्याण और शौर्य का शिखर

बलिदान दिवस पर विशेष



मुख्यमंत्री, डॉ. मोहन यादव

केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं का भरपूर लाभ जनजाति समाज को मिले, ऐसा भरसक प्रयास हम कर रहे हैं। जनजाति अस्मिता, संरक्षण और सांस्कृतिक संवर्द्धन हमारी सरकार का संकल्प है। जैसा कि मैंने पूर्व में कहा कि जनजाति समाज को सम्मान और संसाधन प्रदान करना हमारा नैतिक दायित्व है।

वह दुर्गाष्टमी का दिन था जब भारत भूमि पर एक ऐसी बेटी ने जन्म लिया, जिसके संस्कारों में एक तरफ तो करुणा और संवेदना समाहित थी, वहीं दूसरी ओर शौर्य, पराक्रम और सतीत्व रगों में दौड़ता था। आज पांच सौ वर्षों के बाद भी हम यदि इतनी श्रद्धा और गौरव के साथ वीरांगना रानी दुर्गावती का स्मरण कर रहे हैं तो वह किसी राज परिवार की प्रमुख होने के नाते नहीं, बल्कि उनके दूरगामी जनकल्याणकारी कार्यों और शौर्य की उस गाथा के कारण कर रहे हैं, जिसने भारत की नारी की वीरता को शिखरतम बिन्दु तक रेखांकित किया है।

5 अक्टूबर 1524 को कालिंजर में पैदा हुईं दुर्गावती का बलिदान 24 जून 1564 में हुआ। अर्थात 40 वर्ष की आयु में उन्होंने एक ऐसी प्रेरक परिपाटी खड़ी कर दी, जो आज भी मानवता के लिए मिसाल बनी हुई है। महारानी की वीरता की बात करें तो उन्होंने अपने छोटे से जीवन काल में लगभग 52 युद्ध लड़े और उनमें से 51 युद्धों में विजय प्राप्त? हुई। मालवा के सुल्तान बाज बहादुर से लेकर अकबर तक मुगलों के अनेक भारी आक्रमणों का मुंहतोड़ जवाब देने वाली दुर्गावती ने अपने सतीत्व की रक्षा के लिए आत्म बलिदान दिया। कोई दुश्मन उनकी देह को हाथ नहीं लगा सका। क्या अद्भुत अवतारी थीं रानी दुर्गावती कि विवाह के मात्र चार वर्ष बाद ही पति दलपत शाह की मृत्यु के कारण पूरे राजकाज का बोझ सिर पर आने के बाद भी न केवल एक वर्ष के अपने बेटे की परवरिश की बल्कि निरंतर युद्ध के मैदान में भी वीरता दिखाई।

सोलह वर्ष के शासन काल में एक ओर जहां दुर्गावती लगभग 52 बड़े युद्धों में रणचण्डीत की तरह टूटती रहीं, वहीं दूसरी ओर राज्य की जनता की खुशहाली के लिए पूरी संवेदनाओं के साथ सक्रिय रहीं। जल संरक्षण के क्षेत्र में रानी दुर्गावती के योगदान को वैश्विक मानकों में सबसे ऊपर रखा जाए तो अतिश्योक्ति नहीं होगी। अपने सहयोगियों के प्रति ऐसा असीम स्नेह करती थीं कि उनके नाम पर कई बांध, तालाब और बाबड़ि?यां बनाई। अपने सहयोगी के नाम पर निर्मित आधारताल आज भी जबलपुर में रानी के जल संरक्षण के उच्च मानकों की गाथा गौरव के साथ कह रहा है।

शौर्य या वीरता रानी दुर्गावती के व्यक्तित्व का एक पहलू था। वो एक कुशल योद्धा होने के साथ-साथ एक कुशल प्रशासक थीं और उनकी छवि एक ऐसी रानी के रूप में भी थी, जो प्रजा के कष्टों को पूरी गहराई से अनुभव करती थीं। इसीलिए गोंडवाना क्षेत्र में उन्हें उनकी वीरता और अदम्य साहस के अलावा उनके जनकल्याणकारी शासन के लिए भी याद किया जाता है। रानी दुर्गावती के शासन में नारी की सुरक्षा और सम्मान उत्कर्ष पर था। न्याय और समाज व्यवस्था के लिए हजारों गांवों में रानी के प्रतिनिधि रहते थे। प्रजा की बात रानी स्वयं सुनती थीं। पूरा कोइतूर गोंड समाज उनके निष्पक्ष न्याय के लिए उन्हे ह्लन्याय की देवीह्व के नाम से पुकारता और जानता था। रानी दुर्गावती अपने पराजित दुश्मन के साथ भी उदारता का व्यवहार करती थीं और उन्हें सम्मानपूर्वक कीमती उपहार और पुरस्कार के साथ शुभकामनाएँ देकर अपने नियंत्रण में रखती थीं। उनकी यह रणनीति हमेशा काम करती थी इसीलिए कभी भी गोंडवाना में विद्रोह के स्वर नहीं उठे।





वे जन कल्याण की जीवंत प्रतिमूर्ति थीं। गोंड साम्राज्य में बने तमाम मठ मंदिर, कुंए, तालाब, नहरें, धर्मशालाएं इसकी गवाह हैं। उनके साम्राज्य में समृद्धि ऐसी थी कि जनता स्वर्ण मुद्राओं से व्यापार करती थी। इसी समृद्धि को लूटने के लिए अकबर जैसे आक्रांताओं ने दुर्गावती के राज्य पर बार-बार आक्रमण किए। रानी ने बार-बार अकबर को शिकस्त दी, लेकिन अकबर की सेना के साथ चौथे युद्ध में वे बुरी तरह घिर गईं। उनकी आंख और गर्दन में तीर घुस गए तब उन्होंने अपने संकल्प विजय नहीं तो क्या हुआ, बलिदान तो संभव है का स्मरण करते हुए स्वयं के वक्ष में कटार घोंपकर रणभूमि में आत्म बलिदान कर दिया। रानी की चिता को रणभूमि में ही अग्नि दी गई। उसी स्थान को बरेला नाम से जानते हैं।

सच तो यह है कि आत्म अस्मिता और स्वतंत्रता के लिए दिए जाने वाले ऐसे बलिदान ही प्रतिमान गढ़ते हैं। लेकिन यह प्रतिमान प्रतिपल ध्योन में रहें तो पीढ़ियों तक राष्ट्र स्वाभिमान जाग्रत रह सकता है। दुर्भाग्य से 1947 की स्वतंत्रता के बाद भी लंबे समय तक रानी दुर्गावती जैसी वीरांगनाओं और शूरवीरों की स्मृतियों को संजोए रखने के बेहतर प्रयास नहीं हुए। मुगलों, शकों, हूणों और अंग्रेजों के विरुद्ध किए गए युद्धों की श्रंखला में हमारे वनवासी, जनजाति समाज के नायकों का अतुलनीय और अविस्मरणीय योगदान है। परन्तु सच तो यही है कि रानी दुर्गावती से लेकर महानायक बिरसा मुण्डा, शंकर शाह, रघुनाथ शाह, टंट्या मामा जैसे महानायकों के शौर्य की प्राण प्रतिष्ठा का काम हमारे विचार की सरकारों ने ही किया है। भारत में जहां जनजातीय गौरव दिवस जैसा आत्म-सम्मान प्रदान करने वाले प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का संकल्प हो अथवा जनजाति मंत्रालय के पृथक गठन का पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी का ऐतिहासिक फैसला हो, राष्ट्रीय विचार ने ही अपने उन भाई-बहनों के सम्मान और संसाधन पर ध्यान केन्द्रित किया है, जो कभी राजा थे लेकिन समय के थपेड़े में बिछड़ते और पिछड़ते चले गए।

जनजाति समाज की समृद्ध परंपराओं पर केन्द्रित करते हुए हमारी सरकारों ने अपने बंधुओं को सम्मान और संसाधान से परिपूर्ण बनाने के लिए पेसा एक्ट लागू किया। महानायकों की स्मृतियों को चिरस्थायी रखने के लिए जहां संग्रहालय बनाए जा रहे हैं, वहीं माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की पहल पर भोपाल में रेलवे स्टेशन को रानी कमलापति को समर्पित कर दिया गया है। मुझे लगता है कि जनजाति महानायकों के प्रति श्रद्धा प्रकट करने के लिए हमें अभी बहुत काम करने की आवश्यकता है। मेरी सरकार की पहली कैबिनेट बैठक रानी दुर्गावती की सुशासन नगरी जबलपुर में किए जाने का हमारा भावनात्मक आधार ही था। यह रानी दुर्गावती का 500वां जन्म शताब्दी वर्ष चल रहा है। हम इसे दूरगामी प्रेरणा पर्व के रूप में मनाने का प्रयत्न कर रहे हैं।

केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा संचालित अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं का भरपूर लाभ जनजाति समाज को मिले, ऐसा भरसक प्रयास हम कर रहे हैं। जनजाति अस्मिता, संरक्षण और सांस्कृतिक संवर्द्धन हमारी सरकार का संकल्प है। जैसा कि मैंने पूर्व में कहा कि जनजाति समाज को सम्मान और संसाधन प्रदान करना हमारा नैतिक दायित्व है। यही रानी दुर्गावती जैसी शौर्य, पराक्रम और संवेदनशीलता की प्रतिमूर्ति के श्रीचरणों में सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

(लेखक मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री हैं)

## संपादकीय

### अब कसेगी नकेल

सरकार ने पब्लिक एग्जामिनेशन (प्रिवेंशन ऑफ अनफेयर मीन्स) एक्ट, 2024 लागू कर दिया है। इस एंटी-पेपर लीक कानून के तहत पेपर लीक या उत्तर-पुस्तिका से छेड़छाड़ करने पर कम से कम तीन साल की सजा होगी जिसे दस लाख तक के जुमार्ने के साथ बढ़ा कर पांच साल तक भी किया जा सकता है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू चार महीने पहले ही लोक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) विधेयक, 2024 को मंजूरी दे चुकी थीं। इस कानून का उद्देश्य यूपीएससी, एसएससी, रेलवे, बैंकिंग भर्ती परीक्षाओं और एनटीए द्वारा आयोजित अन्य तमाम परीक्षाओं में अनुचित साधनों के प्रयोग को रोकना है। इस तरह के संगठित अपराध में शामिल लोगों पर अब न्यूनतम एक करोड़ रुपये के जुमार्ने का प्रावधान है। इस कानून से पहले राज्यों में नकल रोकने और परीक्षा में किसी भी तरह की धांधली को रोकने संबंधी कानून बनाए गए हैं। ओडिशा, आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, झारखंड, छत्तीसगढ़, राजस्थान, गुजरात और उत्तराखंड में ऐसे कानून हैं। हालांकि ये उस तरह के नतीजे देने में असफल रहे हैं, जिनके बलबूते परीक्षाओं को पारदर्शी बनाया जा सके। इस नये कानून द्वारा परीक्षा आयोजित करने वाली संस्था के प्रमुख और सदस्यों को लोक सेवक माना जाएगा ताकि उनके खिलाफ अपराध के साथ ही भ्रष्टाचार का मामला भी चलाया जा सके। विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं पर उठने वाली उंगलियों के कारण युवाओं का भरोसा लगातार टूट रहा है। बार-बार परीक्षा प्रणालियों पर संदेह और उनकी पारदर्शिता धूमिल पड़ने के चलते प्रतियोगियों में निराशा व्याप्त होती जा रही है। चूंकि अब यह संज्ञेय और गैर-जमानती अपराध की श्रेणी में आ गया है, इसलिए कोई भी पुलिस अधिकारी बगैर वारंट भी अपराधी को गिरफ्तार कर सकता है। भले ही यह फैसला लेने में सरकार ने काफी ढिलाई बरती है लेकिन देर आयद दुरुस्त आयद क्योंकि उच्च शिक्षा या नौकरी के लिए परीक्षार्थियों का समूचा भविष्य ही दांव पर लगा होता है। परीक्षाओं में धांधली होनहार युवाओं को नैतिक तौर पर बुरी तरह तोड़ देती है।

## चिंतन-मनन

### विराट सत्ता की झांकी

ईश्वर चेतना निराकार है। साकार तो उसका कलेवर भर दिखता है। ईश्वर का दृश्य स्वरूप यह विराट ब्रह्माण्ड है। अर्जुन, यशोदा, कौशल्या आदि का मन ईश्वर दर्शन के लिए व्याकुल हुआ तो उन्हें इसी रूप में दिव्य दर्शन कराये गये। इसके लिए दिव्य नेत्र दिये गये। कारण, स्थूल दृष्टि से विराट विश्व को नहीं देखा जा सकता। जिन्हें पूर्व कथानकों के अनुरूप दर्शन ही र्भक्ति भावना का सफलता का आधार दिखाई पड़ता है, उनके लिए प्रतिमा-प्रतीकों का निर्धारण किया गया है। व्यापक चेतना की सत्ता तो सभी प्राणियों में समान रूप से विद्यमान है। मात्र शरीरधारी आकार ही चाहिए तो फिर भगवान की आकृति किसी भी प्राणी के रूप में हो सकती है पर यह परिकल्पना रास नहीं आती और मनुष्य शरीर का अभ्यास होने के कारण अधिक मनभावन प्रतीत होता है। इसलिए प्रतिमाओं में मनुष्याकृति को ही प्रमुखता दी गयी है।

यों तत्त्वदर्शियों ने मछली, वाराह, नृसिंह आदि को भी भगवान के अवतार बताकर प्राणी मात्र में दिव्य सत्ता का दर्शन करने का संकेत किया है, पर वह प्रतीक सब में प्रतिष्ठत न हो सका। चित्रों, प्रतिमाओं में देवी-देवताओं के वाहन पशु-पक्षी हैं पर उन्हें सेवक भर की मान्यता मिल सकी।

यद्यपि निर्धारण कताओं का अभिप्राय यही था कि प्राणी मात्र में ईश्वर की झांकी की जाए और उनके साथ भी वैसा ही व्यवहार किया जाए जैसा दिव्य संरचना के हर घटक के साथ किया जाना उचित है। शिव का नंदी, सरस्वती का हंस, लक्ष्मी का हाथी, दुर्गा का सिंह प्रायः चित्रण में आते हैं।

जब उच्च स्तरीय संवेदना उभरती है, तो अपने ही अंतराल से भगवान का आंशिक अवतरण हुआ समझा जा सकता है। जब वे सद्भावनाएं क्रिया रूप में परिणत होने के लिए मचल पड़ें और लोभ, मोह के बंधनों से बंधने में इंकार करने लगें, तो समझना चाहिए कि दिव्य अनुकंपा का आवेश आत्म चेतना पर अपना अनुग्रह बरसाने लगा है।

शर्क्तियां सदा निराकार होती हैं। पवन का आकार कहां है? पर जब वह अंधड़ के साथ जुड़ जाता है, तो आंधी ही वायु रूप में दर्शन देती है। शब्द निराकार है पर जब जिह्वा, होंठ, कंठ आदि के माध्यम से वाणी मुखर होती है, तो उन अंगों का परिचालन वाणी का साकार स्वरूप दिखाई पड़ता है। वाद्य यंत्र भी ध्वनि के उद्गम के रूप में दृष्टिगोचर होते हैं। इसीलिए उच्च उद्देश्यों में निरत महामानवों को बहुधा अवतार की, भगवान की संज्ञा दी जाने लगती है। श्रेष्ठ भाव संवेदनाओं की तरह आदर्शवादी क्रियाकलाप दैवी अनुग्रह से गतिशील माने जाने लगते हैं।

# जलवायु को विनियमित कर सकता है वर्षावन



संजय गोस्वामी



वर्षावन विविध पारिस्थितिकी तंत्र हैं जो कई पारिस्थितिक लाभ प्रदान करते हैं, जैसे कि जलवायु को विनियमित करना, विभिन्न प्रकार के पौधों और जानवरों की प्रजातियों का समर्थन करना और आवश्यक संसाधन प्रदान करना। विश्व वर्षावन दिवस जलवायु स्थिरता, जैव विविधता, सांस्कृतिक संरक्षण और आजीविका के लिए संधारणीय और स्वस्थ वर्षावनों के महत्व को पहचानने का समय है। यह वर्षावनों के प्रति प्रशंसा दिखाने और वनों की कटाई को रोकने के लिए कार्रवाई करने का भी दिन है। वर्षावन भागीदारी द्वारा 2017 में स्थापित, विश्व वर्षावन दिवस का उद्देश्य अमेजॅन में समुदाय-आधारित परियोजनाओं के माध्यम से उष्णकटिबंधीय वर्षावनों की रक्षा और उन्हें बहाल करना है। संगठन वार्षिक विश्व वर्षावन दिवस शिखर सम्मेलन की मेजबानी करता है, जहाँ दुनिया भर के व्यक्ति और समूह वर्षावन संरक्षण की रणनीतियों पर चर्चा करने के लिए एकत्रित होते हैं। हर साल, लाखों पेड़ काटे जाते हैं, जिससे दुनिया भर में वन और वर्षावन नष्ट हो जाते हैं। 2021 में, विश्व वर्षावन दिवस शिखर सम्मेलन शुरू किया गया था, जहाँ दुनिया भर के सभी क्षेत्रों के लोग और संगठन हमारे वर्षावनों की रक्षा के लिए क्या किया जा सकता है, इस पर चर्चा करने के लिए एक साथ आएं हम न केवल इन पेड़ों को गिरा रहे हैं, बल्कि लोगों के घरों को भी नष्ट कर रहे हैं, और ऐसा करके जानवरों और कीड़ों को मार रहे हैं। यहाँ उन कारणों की सूची दी गई है कि वर्षावनों की रक्षा के लिए इस दिन को क्यों बनाया गयाः वर्षावन बहुत अधिक कार्बन जमा करते हैं, जो जलवायु विनियमन के लिए महत्वपूर्ण है। वर्षावन लाखों लोगों का घर हैं। पृथ्वी की 50% से अधिक जैव विविधता वर्षावनों में पाई जा सकती है। वर्षावन के बारे में रोचक तथ्य वर्षावन अद्भुत हैं! आपको यह समझने में मदद करने के लिए, यहाँ वर्षावनों के बारे में कुछ शीर्ष तथ्य दिए गए हैंः वर्षा की एक बूंद को वर्षावन की छतरी के ऊपर से फर्श तक पहुँचने में दस मिनट तक का समय लग सकता है। आधुनिक दवाओं में एक चौथाई तत्व वर्षावन के पौधों से आते हैं। ऑस्ट्रेलियाई वर्षावनों में 80% फूल दुनिया में कहीं और नहीं पाए जा सकते। वर्षावनों में साल में कम से कम 250 सेमी बारिश होती है। कभी-कभी, 1000 सेमी से भी ज्यादा बारिश होती है! वर्षावन दुनिया भर में तापमान को नियंत्रित करने में मदद करते हैं। अमेजॅन वर्षावन दुनिया का सबसे बड़ा वर्षावन है, यह आठ देशों में फैला हुआ है और भारत से दोगुना बड़ा है! विश्व वर्षावन दिवस 2024 मनाने और उसमें हिस्सा लेने के कई तरीके हैं, यहाँ हमारे शीर्ष सुझाव दिए गए हैंः अपने आप को और अपनी कक्षा को वर्षावनों और उनके महत्व के बारे में शिक्षित करें। लोगों को ऐसे उत्पाद खरीदने के लिए प्रोत्साहित करें जो वर्षावनों को वापस देते हैं। ऐसे उत्पाद खरीदने से बचें जिनमें पाम ऑयल हो।वर्षावनों की रक्षा करने में मदद करने वाले चैरिटी के लिए धन जुटाने के लिए एक धन उगाहने वाला कार्यक्रम आयोजित करें।ये कुछ तरीके हैं जिनसे आप विश्व वर्षावन दिवस 2024 मना सकते हैं और उसमें हिस्सा ले सकते हैं। देखें कि क्या आप इस महान कार्यक्रम में भाग लेने के किसी अन्य तरीके के बारे में सोच सकते हैं! आप विश्व वर्षावन दिवस 2024 पर बच्चों को वर्षावनों के बारे में सिखाने और हमें उन्हें क्यों संरक्षित करने की आवश्यकता है, यह सिखाने के लिए कर सकते हैं। आप यहाँ बहुत सारे वर्षावन संसाधन पा सकते हैं। बच्चों को वर्षावनों के बारे में जानने में मदद करें और इस बेहतरीन गतिविधि का उपयोग करके उनकी पठन समझ को बेहतर बनाने में उनकी मदद करें।वर्षावन पशु तथ्य के साथ बच्चों को वर्षावन में पाए जाने वाले विभिन्न जानवरों के बारे में सिखाएँ। बच्चों को यह सिखाने के लिए इस पावरपॉइंट का उपयोग करें कि उष्णकटिबंधीय वर्षावन कहाँ पाए जा सकते हैं। इसमें बच्चों को सोचने के लिए प्रेरित करने वाले बहुत सारे बेहतरीन प्रश्न शामिल करें।

# औरत को कब मिलेगा बराबरी का दर्जा



सोनम लववंशी



वह तोड़ती पत्थर, देखा मैंने उसे इलाहाबाद के पथ पर! कवि सूर्यकांत त्रिपाठी निराला ने जब यह कविता लिखी। तबसे लेकर अबतक काफी कुछ बदल गया है। जिंदगी की रफ़्तार बदल गई। लोगों के सोचने-समझने का नजरिया बदला गया। जीवन के मायने बदल गए और निःसन्देह महिलाओं के जीवन में भी काफी बदलाव आया है। आज महिलाएं आगे तो बढ़ रही हैं, लेकिन आज भी उनके रफ़्तार की गति बहुत धीमी है। तभी तो देश की आजादी के 77 वर्ष बाद भी देश की महिलाएं आर्थिक लैंगिक समानता के मामले में पिछड़ी हुई है। हालिया जारी वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की ताजा रिपोर्ट की माने तो लैंगिक समानता के मामले में भारत 146 देशों की सूची में 129 वें नंबर पर है। आज भी हमारे देश में औसतन पुरुषों को 100 रुपए कमाई के मिलते है तो महिलाओं को मात्र 39.80 पैसे मिलते है। वैसे यह दस्तूर सिर्फ भारत का नही बल्कि पूरी दुनिया का है। आखिर यह भेदभाव क्यों? हम स्त्री को सृजनकर्ता के रूप में देखते। फिर उसके द्वारा किया गया कार्य कमतर कैसे हो जाता। यह बात समझ से परे है। देखा जाए तो पुरुषों और महिलाओं में समानता का सवाल बहुत पुराना है। लेकिन, जब योग्यता, क्षमता और दक्षता में दोनों समान हों, तो सिर्फ लैंगिक कारणों से दोनों में विभेद नहीं किया जाना चाहिए! लेकिन, हर क्षेत्र में लैंगिक असमानता बरकरार है। यहां तक कि खेल संगठन में भी पुरुषों और महिलाओं में फर्क किया जाता है और ये उनको मिलने वाले वेतन, भत्तों में भी साफ नजर आता है!

वर्तमान दौर में लैंगिक समानता पर बहस छिड़ी है और इस असमानता का अर्थ महिलाओं के संघर्ष से जोड़कर देखा जाने लगा। जबकि, लैंगिक समानता का सीधा सा अर्थ है कि महिला और पुरुषों को हर क्षेत्र में बराबरी के अवसर मिले। उन्हें न केवल समान वेतन मिले, बल्कि राजनीतिक, सामाजिक आर्थिक क्षेत्रों में भी समानता के भाव से देखा जाए। पर, विडंबना देखिए कि हम बात तो समता और समानता की करते है, लेकिन आज भी महिलाओं को उस नजरिए से नहीं देखा जाता। यहां तक कि उन्हें काम पाने के लिए भी कड़े संघर्ष करने पड़ते हैं। जबकि कमाई के मामले में महिलाएं आज भी बहुत पिछड़ी हुई है। पिछड़ेपन की सबसे बड़ी वजह महिलाओं को उनके काम का उचित पारिश्रमिक नहीं मिलना है। भारत में जिस कार्य के लिए पुरुष को 100 रुपए मिलते है महिलाओं को उसी काम के लिए महज 52 रुपए ही मिलते है। जबकि आर्थिक लैंगिक समानता की सूची में बीते वर्ष 127 वें स्थान पर थे लेकिन अब फि सलकर 129 वें स्थान पर पहुंच गए है। यही स्थिति रही तो वर्ष 2047 तक विकसित देशों की श्रेणी में आने के हमारे लक्ष्य को आर्थिक लैंगिक असमानता बाधक बन सकती है।

आज भी हमारे देश में बडे संवैधानिक पद हो, या उद्योग जगत महिलाओं की संख्या पुरुषों के मुकाबले कम ही नजर आती है। यह सामाजिक व्यवस्था की कमजोरी कहे चाहे प्रशासनिक संस्था की लाचारी और बेबसी। लेकिन दोनों ही परिस्थितियों में महिलाओं को पुरुषों के मुकाबले कमतर ही आंका जाता है। महिलाएं ही हैं जो घर और समाज को बेहतर ढंग से चला सकती हैं। फिर क्यों उस महिला को समाज में कमतर आंका जाता है उसे उचित सम्मान की दृष्टि से नहीं देखा जाता है। उसके द्वारा किए काम का सही मूल्य नहीं दिया जाता। आज पुरुष प्रधान समाज के साथ-साथ महिलाओं को भी इस दिशा में सोचना होगा। इससे इतर अपनी बेहतरी के लिए आगे आना होगा। तभी नए उभरते भारत में महिलाएं भी अपनी बेहतर सामाजिक आर्थिक स्थिति बना सकती है। वरना पितृसत्तात्मक समाज का क्या है, वह तो कोई नई बेड़ियां महिलाओं के पैरों में डालकर उसे नए भारत में भी कठपुतली ही समझेगा, क्योंकि उसकी फितरत में यह सदियों से रहा है। वह सिर्फ बात समानता की कर सकता, लेकिन अमल करने की बारी आने पर उसका पौरुष जाग उठता है। जो उसके बदलाव करने की सोच पर अड़ंगे डाल देता है। तभी तो वर्तमान समय में भी राजनीति में महिलाओं की भागीदारी 15 प्रतिशत से आगे नहीं बढ़ पाई है।

चेर नामक एक दार्शनिक का मानना था कि महिलाएं समाज की सच्ची शिल्पका होती है। ऐसे में आधुनिकता के दौर में महिलाओं को समाज के अभिन्न अंग के रूप में क्यों स्वीकार नही किया जा रहा है। आज भी महिलाओं को सिर्फ भोग विलास की वस्तु ही समझा जा रहा है। स्त्री पुरूष दोनों एक ही सिक्के के दो पहलू है किसी एक के न होने से दूसरे की कल्पना करना असंभव है। महिलाएं पुरुषों से कम नहीं हैं, उनको भी समान हक है जीवन जीने का ,आजाद रहने का , और उचित वेतन पाने का फिर यह भेदभाव क्यों? इस पर आज समाज के हर वर्ग को जागरूक होने की आवश्यकता है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में महिलाओं को उचित स्थान मिले जिसकी वह हकदार हैं। मत बनाइए उन्हें देवीस्वरूपा। मत कहिए जगत जननी लेकिन एक सामाजिक प्राणी होने के वो सभी अधिकार तो दिए ही जा सकते है। जो एक समाज में रहने वाले हर प्राणी के लिए जरूरी है। ऐसे में जब संविधान निमार्ता डॉक्टर अंबेडकर महिलाओं की उन्नति के प्रबल पक्षधर थे और उनका मानना था कि किसी भी समाज का मूल्यांकन इस बात से किया जा सकता है कि उस समाज में महिलाओं की स्थिति क्या है। फिर क्यों नहीं मानते अंबेडकर की बात। क्यों नहीं मानते हम उनके विचार। निकलिए बाहर दोमुंहे चरित्र से। जिसमें एक ओर संविधान की जय जयकार करते और दूसरी ओर उसी संविधान की अच्छी बातों पर भी अमल नहीं करते। बेहतर और नया भारत नियमों पर चलकर ही बनेगा। सिर्फ बातों से नहीं। समाज में रहने वाला हर प्राणी बराबर है। सभी का समान अधिकार और कर्तव्य। यह भावना जब तक विकसित नहीं होगी असमानता और अवन्नति की राह हमारा पीछा नहीं छोड़ेगी। यह हम जितना जल्दी समझ जाएं, वहीं बेहतर होगा।



# गर्मी के मौसम में ऑफिस के लिए बेस्ट रहेंगे ये सलवार-सूट

**स्टाइलिश दिखने के लिए आपको बॉडी टाइप के हिसाब से ही सूट के डिजाइन को चुनना चाहिए। इसके लिए आप सेलेब्रिटी के लुक्स को री-क्रिएट करें।**

सलवार-सूट पहनना हम सभी को पसंद होता है। वहीं इसमें आपको कई तरह के डिजाइन देखने को मिल जाएंगे। बदलते फैशन के दौर में आपको और खासकर गर्मी के मौसम में हम स्किन फ्रेंडली फैब्रिक और डिजाइन के कपड़े ही पहनना पसंद करते हैं।ज्यादातर ऑफिस जाने के लिए हम सिंपल और मिनिमल डिजाइन के कपड़े ही पहनना पसंद करते हैं। तो आइये आज हम आपको दिखाने वाले हैं ऑफिस में पहनने के लिए सलवार-सूट के कुछ खास डिजाइंस। साथ ही, बताएंगे इन लुक्स को आकर्षक बनाने के कुछ आसान टिप्स

## ए-लाइन सूट

खासकर प्लस साइज इस तरह की स्ट्रैट फिटिंग वाले सलवार-सूट को पहनना सबसे ज्यादा पसंद करते हैं। ऐसा इसलिए यह आपकी बॉडी को फ्लेयर के साथ परफेक्ट और स्लिम लुक देने में सहायता करते हैं। बदलते दौर में इस तरह में आजकल घुटने तक और फ्लोर लेंथ सूट को पसंद किया जा रहा है।

## लूज डिजाइन सूट

आजकल पाकिस्तानी स्टाइल लूज डिजाइन के सलवार-कमीज काफी चलन में हैं। इसमें आपको धोती व एंकल लेंथ वाली पैन्ट्स के साथ में कई डिजाइन के सूट देखने को मिल जाएंगे। आजकल की बात करें तो इसमें आलिया कट और नायरा कट सूट के डिजाइन को काफी पसंद किया जा रहा है।

## अंगरखा डिजाइन सूट

फैंसी लुक पाना चाहती हैं तो इस तरह के फ्रंट डोरी यानी अंगरखा डिजाइन के सूट को वार्डरोब में शामिल कर सकती हैं। इस तरह के सूट में आजकल फ्लोर टच लेंथ को काफी ज्यादा सराहा जा रहा है। वहीं डोरी को हैवी और फैंसी लुक देने के लिए आप इसमें लटकन भी लगवा सकती हैं।




# बैंक से जुड़े किसी भी काम को आसानी से निपटाने के लिए कर सकते हैं इन तरीकों का इस्तेमाल

**AePS, आधार नंबर और फिंगरप्रिंट या आईरिस स्कैन की मदद से वेरिफिकेशन करके, माइक्रो-एटीएम से वित्तीय लेनदेन करने की सुविधा देता है। इससे बैंक से जुड़े किसी भी काम को आसानी से निपटा सकते हैं।**

बैंक से जुड़े किसी भी काम कराने के लिए कई बार हमें लंबी लाइनों में लगना पड़ता है। लेकिन क्या आप जानते हैं, बिना लाइन में खड़े हुए भी आप बैंक से जुड़े किसी भी काम को सिर्फ आधार कार्ड के जरिए कर सकते हैं।

## आधार इनेबल्ड पेमेंट सिस्टम = बैंकों की लंबी लाइन से मिलेगी आजादी

नेशनल पेमेंट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया द्वारा शुरू किया गया आधार इनेबल्ड पेमेंट सिस्टम देश में वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने और बैंकिंग सेवाओं तक पहुंच को आसान बनाने में अहम भूमिका निभा रहा है। यह ग्रामीण और क्षेत्रीय क्षेत्रों में खास तौर से फायदेमंद है, जहां बैंक शाखाएं कम हैं और लोगों को बुनियादी बैंकिंग कार्यों के लिए लंबी लाइन खड़ी करनी पड़ती हैं। यह एक डिजिटल लेन-देन प्रणाली है, जो आधार प्रमाणीकरण का इस्तेमाल करके वित्तीय लेन-देन की सुविधा देती है। AePS, आधार नंबर और फिंगरप्रिंट या आईरिस स्कैन की मदद से वेरिफ़िकेशन करके, माइक्रो एटीएम से वित्तीय लेनदेन करने की सुविधा देता है।

## AePS क्या है?

AePS एक बैंक-आधारित मॉडल है, जो आधार कार्ड और बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन का इस्तेमाल करके कस्टमर को अलग-अलग बैंकिंग लेनदेन करने की सुविधा देता है। इसका मतलब है कि आपको बैंक शाखा में जाने या एटीएम का इस्तेमाल करने की जरूरत नहीं है। आप किसी भी AePS-सक्षम कियोस्क या माइक्रो एटीएम पर जाकर लेनदेन कर सकते हैं।

## AePS की खासियत

- यह आधार कार्डधारकों को आसानी से लेनदेन शुरू करने और खत्म करने की सुविधा देता है।
- यह बैंकों को अपने शाखा नेटवर्क से बाहर के ग्राहकों तक वित्तीय सेवाएं पहुंचाने में मदद करता है।
- यह वंचित क्षेत्रों में बुनियादी बैंकिंग सेवाओं की पहुंच बढ़ाने में मददगार है।
- यह सरकारी हकदारियों, जैसे कि मनरेगा, सामाजिक सुरक्षा पेंशन और विकलांग वृद्धावस्था पेंशन का वितरण भी करता है।

## इस्तेमाल कैसे करें

- AePS का इस्तेमाल करने के लिए, सबसे पहले अपने बैंक खाते को आधार नंबर से लिंक करें। फिर, अपने बैंक से संपर्क करके बताएं कि आप AePS का इस्तेमाल करना चाहते हैं। भुगतानकर्ता या लाभार्थी के पास AePS होना जरूरी नहीं है।
- किसी भी AePS-सक्षम कियोस्क या माइक्रो एटीएम पर जाएं। अपना आधार कार्ड दर्ज करें। अपनी बायोमेट्रिक जानकारी (आमतौर पर फिंगरप्रिंट या आईरिस स्कैन) प्रदान करें। लेनदेन का प्रकार चुनें (जैसे नकद निकासी, फंड ट्रांसफर)। जरूरी जानकारी दर्ज करें (जैसे राशि, प्राप्तकर्ता का अकाउंट नंबर)। लेनदेन की पुष्टि करें।

## क्या है लाभ

- आधार कार्ड धारक अपने आधार-सक्षम बैंक खाते तक पहुंच सकते हैं।
- शेष राशि की जांच की जा सकती है।
- नकद निकासी की जा सकती है।
- पैसे ट्रांसफर किए जा सकते हैं।
- जमा किए जा सकते हैं।
- विदेश में पैसा भेजा जा सकता है।
- बैंक से जुड़े दूसरे काम किए जा सकते हैं।
- किसी भी बैंक के बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट के जरिए पीओएस (माइक्रो एटीएम) पर ऑनलाइन लेन-देन किए जा सकते हैं।
- कैशलेस भुगतान और पैसे के लेनदेन को बढ़ावा मिलता है।
- AePS भारत में वित्तीय दर को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभा रहा है। यह ग्रामीण और क्षेत्रीय क्षेत्रों के लोगों को बैंकिंग सेवाओं तक आसान पहुंच प्रदान कर रहा है और उन्हें बैंक शाखाओं पर अपनी निर्भरता कम करने में मदद कर रहा है। इसके जरिए, आधार ऑथेंटिकेशन के जरिए पेमेंट किया जा सकता है।

## AePS के जरिए ये काम किए जा सकते हैं

नकद जमा, नकद निकासी, बैलेंस पूछताछ, मिनी स्टेटमेंट, आधार से आधार फंड ट्रांसफर।





# प्रोडक्ट डिफेक्टिव निकलने पर भी हो सकता है स्कैम इन बातों का रखें ध्यान

**ऑनलाइन शॉपिंग बढ़ने के साथ-साथ, खराब प्रोडक्ट या गलत प्रोडक्ट मिलने पर रिफंड या रिप्लेसमेंट के नाम पर स्कैम होने का खतरा भी बढ़ गया है। इन बातों का ध्यान रखें।**

अगर आप ऑनलाइन शॉपिंग के बाद डिलिवर हुए डिफेक्टिव प्रोडक्ट का कंपनी के कस्टमर केयर से कंप्लेंट कर के सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हैं। या फिर सोशल मीडिया पर कंपनी को टैग कर के स्टोरी लगाते हैं, तो सावधान हो जाइए, आपके साथ स्कैम हो सकता है। असल में जब कोई कस्टमर सोशल मीडिया पर ऐसी कोई पोस्ट करता है तो स्कैमर्स सोशल मीडिया का इस्तेमाल कर के आपके साथ धोखाधड़ी को अंजाम देते हैं। ऑनलाइन शॉपिंग में तेजी से बढ़ोतरी के साथ, फ्रॉड के मामले भी बढ़ रहे हैं। प्रोडक्ट डिफेक्टिव यानी फॉल्टी प्रोडक्ट के रिफंड के नाम पर भी स्कैम हो रहे हैं, इसके लिए स्कैमर्स सोशल मीडिया का इस्तेमाल करते हैं। ये स्कैमर्स, फेक ब्रांड कस्टमर बनकर लोगों से बात करते हैं। फिर, ग्राहक को प्रोडक्ट के रिफंड के नाम पर मैसेज पर लिंक भेजते हैं। इस लिंक में ग्राहक से बैंक डिटेल्स भरवाई जाती हैं और फिर अकाउंट खाली कर दिया जाता है।

**रिफंड और रिकवरी घोटालों से बचने के लिए, इन बातों का ध्यान रखें -**

गाइडलाइन के मुताबिक कभी भी बैंक ट्रांजैक्शन की डिटेल सोशल मीडिया पर नहीं डालनी चाहिए। इसके अलावा ब्रांड के ही कस्टमर केयर या हेल्पलाइन नंबर पर ही कंप्लेंट करें।

- अगर कंप्लेंट करने पर भी कार्रवाई न हो तो, कंज्यूमर फोरम में शिकायत करें।
- ऐसी किसी भी कार्रवाई के लिए मामले का निवारण न हो जाने तक कस्टमर और कंपनी के बीच बात रखें, गोपनीयता बनाए रखने से स्कैम होने का डर कम हो जाता है।
- अपनी खोई हुई रकम से ज्यादा रकम का रिफंड चेक न जमा करें।
- कुछ घोटालेबाज कहेंगे कि उन्होंने चेक भुनाने, बकाया राशि अपने पास रखने और बाकी रकम लौटाने में गड़बड़ी की है। इससे अक्सर घोटाला हो सकता है।
- किसी बैंक को यह पता लगाने में कई हफ्ते लग सकते हैं कि उसके द्वारा क्लीयर किया गया चेक नकली था।
- इस बीच, अगर आप घोटालेबाज को पैसे लौटाते हैं, तो बैंक आपसे वह पैसा चुकाना चाहेगा।

**इनकम टैक्स रिफंड के नाम पर भी स्कैम होते हैं। ऐसे में, इन बातों का ध्यान रखें**

- अनचाहे मैसेज
- अर्जेंट रिक्वेस्ट
- संदिग्ध लिंक
- निजी जानकारी के लिए रिक्वेस्ट
- सोर्स को वेरीफाई करें
- पर्सनल डिटेल्स साझा करने से बचें
- सेफ प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल करें

## ऑनलाइन शॉपिंग में सुरक्षित खरीदारी

- केवल पहचानें वेबसाइटों और विक्रेताओं से खरीदारी करें।
- खरीदने से पहले उत्पाद समीक्षाएं और रेटिंग जरूर पढ़ें।
- क्रेडिट कार्ड या डेबिट कार्ड का इस्तेमाल करते समय, इस बात का ध्यान रखें कि वेबसाइट HTTPS सुरक्षित है।
- अपनी निजी जानकारी शेयर करने में सावधानी बरतें, किसी भी विक्रेता के साथ अपनी बैंक अकाउंट जानकारी या अन्य जानकारी शेयर करने से पहले सावधान रहें।
- अगर कोई ऑफर या छूट बहुत अच्छी लगती है, तो कई बार यह सच नहीं भी होता है।
- अपने बैंक स्टेटमेंट और क्रेडिट कार्ड स्टेटमेंट को नियमित तौर पर जांचें और किसी भी अनऑथराइज्ड लेनदेन की रिपोर्ट करें।



# बच्चों का ब्रेन शार्प के लिए अभी से कराएं ये एक्टिविटी

## फ्यूचर संवारने में मिलेगी मदद

हर माता-पिता अपने बच्चे को पढ़ाई-लिखाई में होशियार होने के साथ-साथ उन्हें हर क्षेत्र में आगे बढ़ते देखना चाहते हैं। बच्चों को फ्यूचर के लिए हमेशा तैयार और ऊंचे पोजीशन पर देखने के लिए जरूरी है कि बचपन से ही उन्हें सही गाइडेंस मिले। सिर्फ खेल-कूद या फिजिकली ही नहीं बल्कि जीवन के हर पड़ाव पर आने वाली मुश्किलों से लड़ने के लिए भी बच्चों को मेंटली मजबूत होना चाहिए। इसके लिए बेहद जरूरी है कि पैरेंट्स टीनएज से ही अपने बच्चों में कुछ एक्टिविटीज की आदत डालें, जिससे वह अपने लक्ष्य पर बेहतर तरीके से फोकस करने में सक्षम हो सके। ऐसा करने से फ्यूचर में सफलता प्राप्त करने की संभावना काफी हद तक बढ़ जाती है। तो चलिए जानते हैं कि पैरेंट्स को बच्चों में वो कौन सी आदत डालनी चाहिए, ताकि उन्हें फ्यूचर के लिए तैयार होने में मदद मिल सके।

### रोजाना योग की आदत

बच्चों को रोजाना कुछ यागासन या मेडिटेशन आदि करवाते रहना चाहिए। इससे न केवल फिजिकली बल्कि मेंटली स्ट्रॉन्ग होने में भी मदद मिलेगी। इसके अलावा उनमें बचपन से ही एरोबिक्स एक्टिविटी करने की आदत डलवाएं। यह बच्चे को लाइफटाइम के लिए हेल्दी बनाए रखने में मदद करता है।

### ब्रेन एक्सरसाइज

बच्चों की मेमोरी शार्प करने के लिए जरूरी है कि आप उन्हें ब्रेन एक्सरसाइज करवाते रहें। इसके लिए मार्केट में मिलने वाले गेम जैसे प्रॉब्लम सॉल्विंग पजल, सुडोकु का इस्तेमाल करवाएं। इससे बच्चे में क्रिएटिविटी क्षमता बढ़ेगी। साथ ही, आपका बच्चा मुसीबत आने पर प्रॉब्लम का सॉल्यूशन भी आसानी से ढूंढ पाएगा।

### टीम वर्क की आदत

टीम वर्क में काम करना हर व्यक्ति को आना चाहिए। तभी जीवन में सफलता मिलती है। सिर्फ खुद से मतलब रखने वालों को कभी भी सोशल बिहेवियर के बारे में समझ नहीं आता है। इसलिए जरूरी है कि बचपन से ही बच्चों में टीम वर्क की आदत डाल देनी चाहिए।

## बच्चों में स्किल भी है जरूरी

आज की तारीख में स्किल की बहुत डिमांड है। सिर्फ किताबी कीड़ा होने से अब जीवन में आगे बढ़ पाना मुश्किल हो गया है। ऐसे में जरूरी है कि बच्चों के इंटरेस्ट के अनुसार, उन्हें कोई न कोई स्किल जरूर होनी चाहिए। फिर चाहे वह कुकिंग की स्किल हो या फिर म्यूजिक या डांसिंग की। बच्चे में कोई न कोई स्किल की आदत जरूर होनी चाहिए।

# इंटर की छात्रा की गला काटकर हत्या, ऑनर किलिंग का संदेह

प्रतिनिधि, शेरघाटी (गया)।



शेरघाटी के बनियाडीह गांव में धारदार हथियार से इंटर की छात्रा की गला काटकर हत्या कर दी गयी। हत्या की खबर के बाद गांव एवं आसपास के क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। मृतक छात्रा की पहचान पूजा कुमारी के रूप में हुई है। वह प्रोजेक्ट कन्या इंटर विद्यालय शेरघाटी में पढ़ाई करती थी। परिजन के अनुसार, पूजा घर के एक कमरे में अपने भाई के साथ सोयी हुई थी। इसी दौरान निर्ममता पूर्वक गला काटकर उसकी हत्या कर की गयी है। मृतका की मां मुनिया देवी ने पुलिस को बताया कि मेरी बेटी घर के एक कमरे में अपने छोटे भाई के साथ सोयी हुई थी।

**ऑनर किलिंग का संदेह :** इस घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। उन्होंने बताया कि शव को देखने के बाद प्रथम दृष्टया हत्या संदेहास्पद प्रतीत होता है। उन्होंने बताया कि घर में पूरा परिवार सोया हुआ था। आखिर कैसे कोई बाहर का व्यक्ति आकर हत्या कर चल जायेगा और किसी को पता नहीं चलेगा। उन्होंने बताया कि यह ऑनर किलिंग का मामला प्रतीत हो रहा है। युवती के माता-पिता के बयान सुनने के बाद लगता है कि प्रेम-प्रसंग के कारण घर में ही उसकी हत्या की गयी है।

## संक्षिप्त

### करेंट की चपेट में आने से मुखिया की गयी जान



**सीवान।** हसनपुरा प्रखंड के मंद्रापाली गांव व पकड़ी पंचायत के मुखिया प्रभुनाथ यादव (48) की मंगलवार की अपराह्न दो बजे करेंट लगने से मौत हो गईयी मुखिया सुबह से घर के अहाते में ट्रैक्टर से मिट्टी डलवा रहे थे। मिट्टी भरवाने के दौरान ट्रैक्टर से बिजली का तार टूट गया। तार को पास के अमरूद के पेड़ के डाल में लपेटकर पुनः जोड़ने के लिए लाइन मिस्त्री को आने का प्रतीक्षा करते हुए नंगे पांव कुदाल से मिट्टी समतलकर रहे थे। इसी दौरान अमरुद के पेड़ के पास खड़ा होकर आराम करने लगे। टूटे तार से अमरुद के पेड़ में विद्युत प्रवाह था।जैसे ही पेड़ के संपर्क में आये करेंट लग गया। उसके बाद आनन फानन में इलाज के लिए दरौंदा स्थित निजी क्लिनिक ले गए। जहां स्थिति गंभीर होने पर चिकित्सकों ने सीवान सदर अस्पताल रेफर कर दिया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

### बथान में सोये हुए वृद्ध को मारी गोली

**हाजीपुर।** गंगाब्रिज थाना क्षेत्र के नवादा कलां गांव में सोमवार की रात बदमाशों ने सोये अवस्था में एक वृद्ध को गोली मार दी। घायल वृद्ध को इलाज के लिए हाजीपुर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां से उसे पीएमसीएच रेफर कर दिया। पीएमसीएच में ऑपरेशन के दौरान वृद्ध की मौत हो गयी। मृतक 70 वर्षीय राम इकवाल सिंह नवादा कलां गांव के रहने वाले थे। घटना का कारण आपसी विवाद बताया जा रहा है। वृद्ध की मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। इस संबंध में थानाध्यक्ष अभिषेक त्रिपाठी ने बताया कि पूर्व के आपसी विवाद में गोली मारने की बात सामने आयी है। परिजनों ने भी तक आवेदन नहीं दिया है।

### करंट की चपेट में आने से किसान की मौत

**राजपुर (बक्सर)।** थाना क्षेत्र के सागरा बधार में धारा प्रवाहित तार की चपेट में आने से सोनपा गांव निवासी 55 वर्षीय किसान सिपाही कुशवाहा की दर्दनाक मौत हो गयी। इनको बचाने के लिए गये जलीलपुर निवासी किसान शिवशंकर राय भी बुरी तरह से झुलस गये। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार किसान अपने खेत पर धान के बिचड़े में खाद का छिड़काव कर वापस घर लौट रहे थे। उनके खेत से कुछ ही दूरी पर किसान अजीत राय नीलगाय व अन्य जानवरों से सुरक्षा के लिए अपने धान के बिचड़े की रखवाली के लिए धारा प्रवाहित तार बिछा रखा था। खेत की मेड़ से गुजरते वक्त सिपाही कुशवाहा का पैर फिसलकर उनके संपर्क में आ गया।

### कलेक्शन एजेंट से ढाई लाख रुपये की लूट

**हाजीपुर।** काजीपुर थाना क्षेत्र के दौलतपुर चांदी गांव के पास लालगंज बाजार से कलेक्शन कर लौट रहे हिंदुस्तान लीवर के कलेक्शन एजेंट से हथियार के बल पर बाइक सवार बदमाशों ने ढाई लाख रुपए लूट लिया। घटना के बाद मौके पर जुटे लोगों के सहयोग से पीड़ित एजेंट ने घटना की सूचना काजीपुर थाना की पुलिस को दी।

## दोहरे हत्याकांड में आरोपित महिला नक्सली रानी कोड़ा गिरफ्तार



**लखीसराय।** जिले के चानन थाना क्षेत्र के मननपुर बस्ती में वर्ष अगस्त 2019 में नक्सलियों द्वारा किये गये दोहरे हत्याकांड की आरोपी नक्सली रानी देवी उर्फ रानी कोड़ा को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। रानी देवी कांड संख्या 119/19 सहित सात अलग-अलग नक्सली कांडों की अभियुक्त बतायी जा रही है। उसकी वर्ष 2017 से ही पुलिस को तलाश थी। हालांकि रानी कोड़ा के पति सह गोबरदाहा निवासी विशुनदेव कोड़ा को पुलिस ने दो वर्ष पूर्व में ही गिरफ्तार कर जेल भेजा दिया था। वह जमानत पर है। रानी कोड़ा की गिरफ्तारी के बाद मंगलवार की दोपहर एसपी पंकज कुमार ने अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि उन्हें प्राप्त सूचना के आधार पर उनके निर्देशन में एसपी अभियान मोती लाल के नेतृत्व में एक टीम का गठन कर चानन थाना क्षेत्र में छापेमारी अभियान चलाया गया। एसएसबी बन्नूबगीचा के निरीक्षक विसपाल लाल तथा चीता 29 बसुआचक, चानन थानाध्यक्ष रविंद्र प्रसाद, पीएसआइ पूजा कुमारी सहित पुलिस बल द्वारा चानन थाना क्षेत्र के बासकुंड, महुलिया, गोरबदाहा कोड़ासी, पंचभूर, गोरधोवा, जगुआजोर, कुंदर आदि जंगली क्षेत्रों में संयुक्त रूप से छापेमारी की गयी।

## संजीव मुखिया की गिरफ्तारी पर पटना सेशन कोर्ट ने लगा रखी है रोक

संवाददाता,पटना

नीट यूजी पेपर लीक कांड के आरोपित संजीव मुखिया पटना सेशन कोर्ट से नो कोहसिव आदेश मिला हुआ है। इसके तहत संजीव की गिरफ्तारी पर अगले आदेश तक के लिए रोक लगी है।

उसके खिलाफ पांच मई को पटना के शास्त्रीनगर थाने में नीट यूजी पेपर लीक मामले में एफआइआर दर्ज हुई थी। इसके एक माह बाद पांच जून को संजीव मुखिया ने पटना के एडीजी पांच की कोर्ट से नो कोहसिव आदेश प्राप्त कर लिया था।

इस आदेश के बाद उसकी गिरफ्तारी नहीं की जा सकती है। आदेश में साफतौर पर कहा गया है कि शास्त्रीनगर में नीट मामले को लेकर दर्ज एफआइआर में भी उसकी गिरफ्तारी नहीं की जा सकती है।

### दो जमानत याचिका वापस, दो और 15 जुलाई को सुनवाई

**पटना।** नीट-यूजी मामले के जेल में बंद अभियुक्तों की पटना के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजेंद्र कुमार सिन्हा की अदालत में लंबित आठ जमानत याचिकाओं में से दो की जमानत याचिका मंगलवार वापस ले ली गयी है। बाकी बचे छह अभियुक्तों की जमानत याचिकाओं पर सुनवाई के लिए दो जुलाई की तिथि तय की गयी है। वहीं, इस मामले में अभियुक्त बनाये गये संजीव कुमार की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई के लिए 15 जुलाई 2024 की तिथि तय है। इसी अदालत ने इस अभियुक्त का नाम प्राथमिकी में नहीं होने के कारण केस डायरी और आपराधिक इतिहास पेश किये जाने तक उसके खिलाफ उत्पीड़न कार्रवाई किये जाने पर रोक लगा दी थी।

## 24 घंटे के बाद गिरेगा दिन का पारा, उमस से मिलेगी राहत

**पटना।** बिहार में अगले 24 घंटे तक दिन के तापमान में कोई बदलाव की संभावना नहीं हैं, लेकिन 24 घंटे बाद राज्य के सभी जिलों में दिन के तापमान में तीन से चार डिग्री तक गिरावट होगी। मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक उत्तर-पश्चिम के रास्ते बिहार के ऊपर से एक टर्फ लाइन गुजर रही हैं। इस कारण बुधवार को उत्तर बिहार में कई स्थानों पर हल्की से भारी बारिश और दक्षिण बिहार में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। दक्षिण-पूर्व में भागलपुर, मुंगेर, खगड़िया, बांका सहित दक्षिण मध्य बिहार के पटना, गया, नालंदा, शेखपुरा, नवादा, बेगूसराय, लखीसराय, जहानाबाद में हल्की बारिश बुधवार को भी होंगी, लेकिन दिन में लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत नहीं मिलेगी। वहीं मंगलवार को औरंगाबाद का अधिकतम तापमान 41।5 डिग्री व अरवल का 40 डिग्री दर्ज किया गया है।

## विभिन्न इलाकों में ठनके की चपेट में आने से छह की मौत, मवेशी झुलसे

**पटना।** ठनके की चपेट में आने से मंगलवार को मुंगेर में तीन, जमुई में एक, पूर्वी चंपारण व पश्चिम चंपारण में एक की मौत हो गयी। बरियारपुर के भेलवा टोला निवासी वृद्ध दिनेश सिंह, संग्रामपुर प्रखंड क्षेत्र में खपड़ा गांव निवासी बौनु यादव तथा कटियारी पंचायत निवासी कपिल यादव के घर में आग लग गयी। कपिल यादव वज्रपात की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौत हो गयी। टेटियाबंबर प्रखंड के पतघाघर निवासी डिलो यादव के पुत्र बोनू यादव बहियार में भैंस चरा रहा था। इसी दौरान ठनका गिरा और वह उसकी चपेट में आ गया। इधर, ठनके से संग्रामपुर प्रखंड के कुंडी गांव के बहियार में खेतों में चारा खा रहे छोटू यादव की दो गाय और एक बछड़े की मौत हो गयी। इधर, जमुई के सिमुलतला थाना क्षेत्र के कनौदी गांव में ठनके से सात वर्षीय बच्चे की मौत फैजान अंसारी की मौत हो गयी। वहीं, पश्चिम चंपारण के सिकटा में ठनके से मायके आयी महिला की मौत हो गयीऔर सात वर्षीया बच्ची झुलस गयी। घटना कंगली थाना क्षेत्र के सेनवरिया गांव की है। शिकारपुर थाने के राजपुर मठिया बरही टोला निवासी मंतोष साह की पत्नी ममता देवी की मौत हुई है। रक्सौल सहदेवा निवासी धर्मदेव साह की सात वर्षीय पुत्री मंदना कुमारी जख्मी हुई है।

इधर, पूर्वी चंपारण के तुरकौलिया की चरगाहा पंचायत में वार्ड नंबर दो के एक बच्चे की ठनका से मौत हो गयी है। अंकुश कुमार (10) छोटेलाल साह का पुत्र था। जानकारी के अनुसार मंगलवार को खेत मे धान रोपनी होनी थी। उसके पिता धान का बिचड़ा मजदूरों से उखड़वा रहे थे। अंकुश अपने पिता को खाना खाने के लिए खेत में बुलाने गया था। वहां से घर आ रहा था। इसी दौरान ठनका गिर गया। इससे उसकी मौत हो गयी।

### नहर में स्नान करने गये किशोर की डूबने से गयी जान

**सरायगढ़ (सुपौल)।** प्रखंड क्षेत्र स्थित लौकहा पंचायत के गोपालपुर गांव के वार्ड नंबर चार में सोमवार की दोपहर में नहर में नहाने के दौरान 13 वर्षीय किशोर की डूबने से मौत हो गयी। गोपालपुर गांव के वार्ड नंबर चार निवासी राजेंद्र यादव का 13 वर्षीय पुत्र अभिषेक कुमार गांव के ही अन्य बच्चों के साथ उपशाखा नहर में स्नान करने गया था। इसी दौरान पैर फिसलने से गहरे पानी में चले जाने के कारण अभिषेक कुमार डूब गया। अन्य बच्चों ने इसकी जानकारी ग्रामीणों को दी। ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद नहर से अभिषेक कुमार के लाश को बरामद किया।

## पेज एक का शेष

### हजारीबाग में पांच...

घटना की जानकारी पाकर चौपारण पुलिस मौके पर पहुंची। जहां एक शव गाड़ी के नीचे दबे होने की बात कही जा रही है। पुलिस मौके पर बचाव कार्य में जुटी हुई है। बता दें कि घटना में दो अन्य लोग भी घायल हैं। दोनों को एनएचएआई की एंबुलेंस से चौपारण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया है।

दोनों की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय ने बताया कि सड़क हादसे की सूचना मिली थी। इसके बाद पुलिस दल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। जहां जिला प्रशासन की ओर से बचाव कार्य चल रहा है। सभी घायलों को उचित इलाज मिले इसकी व्यवस्था की गयी है। साथ ही नियमानुसार सहायता भी दी जाएगी।

### भाकपा माओवादी...

रांची की अदालत में स्पेशल केस नंबर 25/2002 (पी), पालकोट थाना कांड संख्या 05/2002 चल रहा था। 11 फरवरी 2002 को गुमला जिले के पालकोट थाने की पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि माओवादी संगठन (एमसीसी) का सक्रिय सदस्य पालकोट बाजार में लेवी मांगने आया है। इसी सूचना का सनहा दर्ज कर पालकोट पुलिस पालकोट बाजार में लगभग 3.30 बजे पहुंची और तिलकमान साहू को पालकोट पुलिस ने पकड़ लिया था। उसकी तलाशी ली गयी, तो उसके पास से लेवी की रकम बरामद की गयी थी।

**तिलकमान साहू की निशानदेही पर एक और नक्सली अरेस्ट :** पुलिस ने तिलकमान साहू की निशानदेही पर मुरूमकेला गांव से एक अन्य माओवादी सदस्य शंकर लोहरा को गिरफ्तार कर लिया। तिलकमान साहू ने पुलिस को बताया था कि वह माओवादियों के लिए लेवी वसूलता है। वह माओवादी संगठन से जुड़ा हुआ है। इस मामले में अभियोजन पक्ष की तरफ से 17 साक्षियों का परीक्षण कराया गया और कुछ दस्तावेजी प्रमाण भी पेश किए गए।

**पोटा अधिनियम-2002 के तहत अदालत सुनायी सजा :** बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता मारवाड़ी साहू ने अदालत में पक्ष रखा था। अभियोजन पक्ष की तरफ से विशेष लोक अभियोजक बीएन शर्मा ने बहस किया था। न्यायायुक्त ने आरोपी तिलकमान साहू को पोटा अधिनियम-2002 की धारा-3(5) के प्रावधान के तहत दोषी पाते हुए सजा सुनायी।

### सीबीआई ने विशेष...

इसी अदालत ने इस अभियुक्त का नाम प्राथमिकी में नहीं होने के कारण केस डायरी और आपराधिक इतिहास पेश किये जाने तक उसके खिलाफ उत्पीड़न करवाई किये जाने पर रोक लगा दी थी।

केंद्र सरकार के आदेश के बाद सीबीआई ने इस मामले में पटना के शास्त्री नगर थाना में दर्ज प्राथमिकी संख्या 358/2024 के आधार पर अपनी प्राथमिकी आरसी 224 /2024 दिनांक 23 जून 2024 को भारतीय दंड विधान की धारा 120 बी, 406, 407 ,408 और 409 के तहत दर्ज की है और मामले का अनुसंधान अपने हाथ में ले लिया है।

**ऐसे खुला था मामला :** बता दें कि, नीट यूजी परीक्षा 2024 की परीक्षा 5 मई 2024 को पूरे देश में एक साथ आयोजित की गयी थी। पटना के विभिन्न विद्यालयों में भी परीक्षा केंद्र बनाये गये थे। इसी दौरान पटना के शास्त्री नगर थानाध्यक्ष अमर कुमार ने उक्त परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक होने के आरोप में एक प्राथमिकी भारतीय दंड विधान की धारा 407,408,409 और 120 बी के तहत शास्त्री नगर थाना कांड संख्या 358/2024 के रूप में स्व लिखित बयान के आधार पर दर्ज करायी थी। दर्ज की गयी प्राथमिकी में कहा गया है कि परीक्षा के दौरान यह गुप्त सूचना मिली कि कुछ लोग उक्त परीक्षा में कदाचार के लिए परीक्षा केंद्रों के आसपास घूम रहे हैं। उस सूचना पर थाना अध्यक्ष ने एक वाहन को रोककर उसकी जांच की और तीन लोगों को गिरफ्तार किया एवं उनके पास से आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद किये और गिरफ्तार किए गए एक अभियुक्त की निशानदेही पर पटना के बिहार राज्य विद्युत बोर्ड कॉलोनी स्थित डीएवी स्कूल के परीक्षा केंद्र से एक परीक्षार्थी आयुष राज को भी गिरफ्तार किया गया। आरोप के अनुसार गिरफ्तार किये गये अभियुक्तों ने खुलासा किया कि उक्त परीक्षा के प्रश्न पत्र 4-5 मई 2024 की रात्रि में कई छात्रों को दिये गये और उन्हें उनके उत्तर रटाये गये।

**अब तक 13 को गिरफ्तार कर भेजा गया है जेल :** इस मामले में शास्त्री नगर थाने की पुलिस ने अभी तक कुल 13 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है जिसमें पटना के दानापुर का निवासी आयुष राज, रोहतास निवासी बिट्टू कुमार, दानापुर निवासी अखिलेश कुमार, समस्तीपुर निवासी सिकंदर यादवेंदु, पटना के नेपाली नगर निवासी आशुतोष कुमार, पटना के ही एकंगरसराय क्षेत्र निवासी रोशन कुमार, गया जिले का नीतीश कुमार, समस्तीपुर का अनुराग यादव, रांची का अभिषेक कुमार, गया के बाराचट्टी क्षेत्र का निवासी शिवनंदन कुमार, रांची का अवधेश कुमार, पटना का अमित आनंद और समस्तीपुर की एक महिला रानी कुमारी शामिल हैं।

### रातू थाना का...

वादी द्वारा दिये गये आवेदन का विधिवत सत्यापन ब्यूरो के पुलिस निरीक्षक द्वारा किया गया। वादी द्वारा 70 हजार रुपये ही देने में सक्षम होने की बात कही गयी। इस पर आरोपी सब इंस्पेदक्टरर सत्येन्द्र सिंह द्वारा सहमति देते हुए प्रथम किस्त के रूप में 35 हजार रुपये देने की बात कही गयी। आवेदन का विधिवत सत्यापन के बाद मामला को सत्य पाते हुए वादी के लिखित आवेदन एवं सत्यापनकर्ता के सत्यापन प्रतिवेदन के आधार पर ब्यूरो ने 24 जून, 2024 को मामला पंजीकृत किया। प्राथमिकी अभियुक्त सत्येन्द्र सिंह को भ्रष्टासचार निरोधक ब्यूरो, रांची की टीम ने 35 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ 25 जून, 2024 को रातू रांची से गिरफ्तार किया। अग्रतर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### आज 48 साल बाद...

यदि वह बुधवार को हुए मतदान में जीत जाते हैं, तो दो दशक से अधिक समय में वह इस पद पर दोबारा आसीन होने वाले पहले व्यक्ति होंगे। वहीं इंडिया गठबंधन ने ओम बिरला के खिलाफ के सुरेश को मैदान में उतारा है। के सुरेश का पूरा नाम कोडिकुनिल सुरेश है। वो कांग्रेस के सांसद हैं। के सुरेश ने मंगलवार को स्पीकर पद के लिए विपक्ष की ओर से नामांकन दाखिल किया है।

**कई घटनाओं के लिए सुर्खियों में रहा है कार्यकाल :** 17वीं लोकसभा में ओम बिरला का कार्यकाल काफी सुर्खियों में रहा। उनके अध्यक्ष रहने के दौरान तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा को सदन से निष्कासित किया गया। इसके अलावा बहुत सारे सांसदों को सदन से निलंबित किए जाने के कारण भी उनका कार्यकाल सुर्खियों में रहा था। सत्रहवीं लोकसभा के दौरान ही 2023 में नयी संसद का उद्घाटन हुआ और नये लोकसभा कक्ष में बिरला ने अध्यक्ष के रूप में निचले सदन की कार्यवाही का संचालन किया।

**कई अहम कामों का गवाह बना ओम बिरला का कार्यकाल :** ओम बिरला का पिछला कार्यकाल कई मायनों से अहम रहा था। उनके कार्यकाल के दौरान संसद में अनुच्छेद 370 को खत्म किया गया। इसके अलावा नागरिकता संशोधन कानून लागू होने, तीन आपराधिक कानून लागू होने समेत कई और अहम विधायी कामकाज हुए।

बता दें, बिरला के लिए कोटा जन्मभूमि और कर्मभूमि दोनों रही है। उन्होंने स्कूली शिक्षा कोटा के गुमानपुरा राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय से की और उसके बाद बाद राजस्थान विश्वविद्यालय से बी कॉम तथा एम कॉम किया।

### इंडिया गठबंधन में...

कांग्रेस ने पहले सुरेश को प्रोटेम स्पीकर बनाए जाने को लेकर भी काफी जोर दिया था।

दोपहर को के सुरेश ने नामांकन दाखिल किया था। इसके बाद टीएमसी नेताओं ने कहा कि कांग्रेस ने फैसला लेने और ऐलान करने से पहले उनसे सलाह नहीं ली। इन सब के बाद अब यह सवाल खड़ा हो गया है कि क्या टीएमसी बुधवार को के सुरेश के लिए वोट करेगी। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी पर हमला बोलते हुए टीएमसी के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि हमने पश्चिम बंगाल में अपने दम पर 29 सीटें जीतीं। हम उस समय इंडिया अलायंस का हिस्सा नहीं थे। इसलिए राहुल गांधी को हमसे सलाह लिए बिना एलान नहीं करना चाहिए था। हम आपके फैसले के बाद लाइन में आने के लिए यहां नहीं हैं।

### अनशन पर...

जब हमने पोर्टेबल मशीन से उनका शुगर लेवल चेक किया, तो लेवल 36 निकला। डॉक्टर जांच कर रहे हैं और उसके बाद ही वे कोई सुझाव देंगे।'

आप सांसद संजय सिंह ने कहा, 'उनका ब्लड शुगर लेवल 43 तक तक पहुंच गया है। उनकी तबीयत बिगड़ गई है। डॉक्टरों ने कहा कि अगर उन्हें अस्तपाल में भर्ती नहीं कराया गया, तो हालत और बिगड़ सकती है। आतिशी ने पिछले पांच दिनों से कुछ भी नहीं खाया है। उनका शुगर लेवल गिर गया है, कीटोन बढ़ रहा है और ब्लड प्रेशर कम हो रहा है। वह अपने लिए नहीं लड़ रही हैं, वह दिल्ली के लोगों के लिए, पानी के लिए लड़ रही हैं।'

**आतिशी का वजन 2.2 किलो घटा :** आतिशी का चार दिन बाद 2.2 किलो वजन कम हो गया। डॉक्टरों ने उन्हें अस्पताल में भर्ती होने की सलाह दी है। सोमवार को लोकनायक अस्पताल के डॉक्टरों ने आतिशी के स्वास्थ्य की जांच की। जांच के बाद डॉक्टरों ने बताया कि मंत्री का वजन कम हो रहा है। उनकी स्थिति खराब है और उन्हें अस्पताल में भर्ती होना चाहिए, लेकिन मंत्री ने अनशन खत्म करने से मना कर दिया था। मालूम हो कि 21 जून से जल मंत्री आतिशी दिल्लीवालों को हरियाणा से उनके हक का पानी दिलवाने के लिए अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठी हैं। डॉक्टरों ने बताया कि 21 जून को अनशन पर बैठने से पहले उनका वजन 65.8 किलो था। अनशन के चौथे दिन घटकर 63.6 किलो पर पहुंच गया है। चार दिन में ब्लड शुगर लेवल में 28 यूनिट की गिरावट आई है। उनका ब्लड प्रेशर लेवल भी कम हुआ है। डॉक्टरों ने इसे खतरनाक बताया है। इसके अलावा मंत्री का यूरिन कीटोन स्तर बढ़ रहा है।

### शपथ लेने के बाद...

महताब ने कहा, ''मैंने पहले भी कहा है कि कृपया शपथ के मूलपाठ के अलावा किसी और चीज का जिक्र करने से बचें। इसका पालन किया जाना चाहिए।'' ओवैसी ने इस बयान को लेकर बाद में पत्रकारों से कहा, "जो मैंने कहा वो आपके सामने है। सब बोल रहे हैं। क्या नहीं बोले। ये किसके खिलाफ है आखिर। बताइए संविधान का कौन सा प्रोविजन है। जो लोग विरोध करते हैं, उनका काम ही वही है। छोड़िए, अब क्या कर सकते हैं।"

**भाजपा नेताओं ने घेरा :** केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने कहा, "आज एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने संसद में जय फिलिस्तीन का जो नारा दिया है, वह बिल्कुल गलत है। यह सदन के नियम के खिलाफ है। ये भारत में रहकर भारत माता को जय नहीं बोलते... लोगों को समझना चाहिए कि ये देश में रहकर असंवैधानिक कार्य करते हैं।"

वहीं, संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि फलस्तीन या किसी और देश से हमारी कोई दुश्मनी नहीं है। शपथग्रहण के दौरान ऐसे किसी देश के लिए नारे लगाना नियमों में है या नहीं, ये हमें देखना पड़ेगा।

### अरबों रुपये के...

**5000 करोड़ से ज्यादा का घोटाला आया सामने :** मामले का खुलासा तब हुआ था, जब जमशेदपुर की जीएसटी इंटेलिजेंस की टीम ने जांच की। जांच में पाया कि जमशेदपुर में कई ऐसी कंपनियां हैं, जिनमें फर्जी तरीके से लेनदेन किया जा रहा है। जांच के क्रम में पाया गया कि 100 से ज्यादा कंपनियां ऐसी हैं, जिनमें फर्जी तरीके से लेनदेन हो रहा है। अब तक इन कंपनियों में तीन हजार करोड़ से ज्यादा के लेनदेन सामने आए हैं।

जमशेदपुर में ही 150 करोड़ रुपये से ज्यादा का जीएसटी घोटाला सामने आया है। इसके बाद एक टीम का गठन किया गया, जिसमें सीनियर इंटेलिजेंस ऑफिसर रौशन कुमार मिश्रा, इंटेलिजेंस ऑफिसर दिनेश कुमार, राजीव रंजन और राजेश कुमार शामिल थे।

सूत्रों की मानें, तो अब तक गिरफ्तार विक्की भालोटिया, शिवदौड़ा, अमित गुप्ता और सुमित गुप्ता ने 5000 करोड़ से ज्यादा का जीएसटी घोटाला किया है। वहीं बबलू ने 300 करोड़ से ज्यादा का जीएसटी घोटाला किया है। बबलू इनपुट टैक्स क्रेडिट के जरिए जीएसटी घोटाले को अंजाम देता था। बबलू जायसवाल लघु उद्योग भारती के सरायकेला-खरसावां जिलाध्यक्ष भी है।

### गरीब और वंचित...

जिसका मकसद गरीब और वंचित परिवारों को किफायती दर पर गैस सिलेंडर देना है, ताकि वे इसका नियमित इस्तेमाल कर सकें।

**नया हरा राशन कार्ड जारी करने की प्रक्रिया शुरू करें :** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना का दायरा बढ़ाने की पहल करें। इसके तहत हरा राशन कार्ड जारी करने का जो निर्धारित लक्ष्य है, उसमें बढ़ोतरी की जाए। नए लाभुकों को इस योजना से जोड़ने की दिशा में शीघ्रता से कदम उठाएं।

**मुख्यमंत्री सपोर्ट योजना के स्वरूप में हो बदलाव :** मुख्यमंत्री ने कहा कि दो पहिया वाहनों के लिए पेट्रोल क्रय पर अनुदान हेतु मुख्यमंत्री सपोर्ट योजना योजना की शुरुआत हुई थी। लेकिन, इस योजना का बेहतर परिणाम देखने को नहीं मिला है। ऐसे में इस योजना का ज्यादा से ज्यादा लाभुक लाभ लेने के लिए आगे आएं, इसके गाइडलाइन और स्वरूप में बदलाव लाने की जरूरत है। अधिकारियों को मुख्यमंत्री ने इस योजना के गाइडलाइन को सरल बनाने का निर्देश दिया, ताकि यह योजना सार्थक साबित हो।

**दाल भात केंद्रों को सुदृढ़ करें :** मुख्यमंत्री ने कहा कि गरीबों को मात्र पांच रुपये में एक वक्त का भोजन उपलब्ध कराने के लिए शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में कई दाल भात केंद्र संचालित हैं। उन्होंने इन दाल- भात केंद्रों को सुदृढ़ बनाने की जरूरत पर जोर दिया और कहा कि इसे साफ-स्वच्छ और सुंदर रखने के लिए समुचित कदम उठाए जाएं। राज्य सरकार का प्रयास है कि ज्यादा से ज्यादा गरीब लोग इन केंद्रों में भोजन कर सकें।

**धोती/लूंगी और साड़ी को पैकेट बनाकर लाभुकों को दें :** मुख्यमंत्री ने कहा कि सोना -सोबरन धोती -साड़ी वितरण योजना के तहत दिए जाने वाले धोती /लूंगी और साड़ी की क्वालिटी अच्छी होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे लाभुकों को धोती /लूंगी और साड़ी को पैकेट में उपलब्ध कराएं। बैठक में मुख्य सचिव एल खियांग्ते, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव अरवा राजकमल, विभाग के सचिव अमिताभ कौशल, ओएसडी सतीश चंद्र चौधरी, संयुक्त सचिव दीपक कुमार, जेएसएफसी के प्रबंध निदेशक सत्येंद्र कुमार, निदेशक खाद्य उपभोक्ता मामले दिलीप तिर्की और नियंत्रक विधिक माप तौल विज्ञान कृष्ण चंद्र चौधरी आदि मौजूद थे।

### आयुष्मान कार्ड से...

उन्होंने कहा कि यहां स्वास्थ्य कर्मियों की नियमित उपस्थिति होनी चाहिए। इसके साथ स्वास्थ्य उप केंद्र के बाहर नोटिस बोर्ड लगाया जाए, जिसमें संबंधित स्वास्थ्य कर्मी का नाम और मोबाइल नंबर अंकित हो, ताकि जरूरत पड़ने पर कोई भी ग्रामीण उससे संपर्क कर सके।

**नर्सिंग स्कूलों और कॉलेज की क्षमता बढ़ाएं :** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के सभी सरकारी नर्सिंग स्कूल और कॉलेज में विद्यार्थियों की जो वर्तमान क्षमता है, उसे बढ़ाया जाए। इसके साथ इन नर्सिंग स्कूल और कॉलेजों में जो विद्यार्थी नर्सिंग की पढ़ाई कर रहे हैं, उन्हें छात्रवृत्ति योजना का लाभ मिलना चाहिए । इसके साथ इन विद्यार्थियों के बेहतर प्लेसमेंट की भी व्यवस्था सुनिश्चित करें।

**पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज खोला जाए :** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर और मजबूत बनाने के लिए मेडिकल कॉलेजों की संख्या बढ़ाने की जरूरत है। इस दिशा में पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज खोलने के लिए निवेशकों को आमंत्रित करने की दिशा में स्वास्थ्य विभाग कदम उठाए। निवेशकों को या भरोसा दिलाएं कि मेडिकल कॉलेज खोलने के लिए उन्हें सरकार की ओर से सभी जरूरी सहयोग किया जाएगा।

**बैठक में सीएस समेत ये भी मौजूद :** इस बैठक में मुख्य सचिव एल खियांग्ते, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह, झारखंड मेडिकल एंड हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट एंड प्रोक्योरमेंट कॉरपोरेशन के एमडी अबू इमरान, एनएचएम के अभियान निदेशक आलोक त्रिवेदी, स्वास्थ्य सेवाओं के निदेशक प्रमुख डॉ सीके शाही और निदेशक औषधि श्रीमती ऋतु सहाय समेत स्वास्थ्य विभाग के कई अधिकारी उपस्थित रहे।

#### कई और अहम निर्देश

- सभी अस्पतालों में एक ही भवन में ओपीडी और चिकित्सा जांच की सुविधा उपलब्ध हो।
- सभी स्वास्थ्य उप केंद्र और अन्य अस्पतालों में बाउंड्री वॉल का निर्माण के साथ परिसर में पौधरोपण किया जाए।
- अस्पतालों में डायलिसिस यूनिटों की संख्या में बढ़ोतरी की जाए।
- रांची सदर अस्पताल में एमआरआई मशीन की उपलब्धता सुनिश्चित करें।
- अस्पतालों के आधारभूत संरचना की मरम्मत, पेयजल शौचालय और बिजली की व्यवस्था, प्रसव कक्ष, चिकित्सीय उपकरण और दवा की व्यवस्था होनी चाहिए।
- वैसे स्वास्थ्य केंद्र और अस्पताल जहां आईसीयू बेड की व्यवस्था नहीं है, वहां आईसीयू बेड तथा टेली आईसीयू इनेबल्ड केयर क्रिटिकल केयर यूनिट को शुरू करने की पहल हो।
- 108 एंबुलेंस सेवा का संचालन बेहतर तरीके से हो।

## पोर्श कार दुर्घटना पर बॉम्बे हाईकोर्ट का बड़ा फैसला, किशोर आरोपी को दी जमानत

मुंबई । बॉम्बे हाईकोर्ट ने आरोपी किशोर को पर्यवेक्षण गृह से रिहा करने का आदेश दिया। 19 मई की सुबह शराब के नशे में 17 वर्षीय लड़के ने अपनी पोर्श कार से दो बाइक सवार सॉफ्टवेयर इंजीनियरों को बुरी तरह कुचल दिया। हादसे के एक महीने बाद जस्टिस भारती डांगरे और मंजूषा देशपांडे की बेंच ने राहत देकर कहा कि हालांकि हादसा दुर्भाग्यपूर्ण था, लेकिन नाबालिग को ऑब्जर्वेशन होम में नहीं रखा जा सकता। कोर्ट ने किशोर न्याय बोर्ड को किशोर को रिहा करने का आदेश दिया है। चूंकि नाबालिग के माता-पिता और दादा फिलहाल सलाखों के पीछे हैं, इसकारण किशोर की कस्टडी उसकी मौसी को दी गई है। कारोबारी विशाल अग्रवाल के बेटे किशोर को शुरुआत में किशोर न्याय बोर्ड (जेजेबी) ने 300 शब्दों का निबंध लिखने की शर्त के साथ जमानत दी थी। इस निर्णय से जनता में भारी आक्रोश फैल गया। इसके बाद, पुलिस ने समीक्षा का अनुरोध किया, और जेजेबी ने लड़के को एक अवलोकन गृह में भेज दिया। अधिकारी नाबालिग पर वयस्क की तरह मुकदमा चलाने के लिए काम कर रहे हैं।

## अमेठी में आकाशीय बिजली गिरने से दो युवकों की मौत

अमेठी । उत्तर प्रदेश के अमेठी जिले के एक गांव में आकाशीय बिजली गिरने से दो युवकों की झुलसकर मौत हुई है। पुलिस के अनुसार लोरिकपुर गांव में मंगलवार को आकाशीय बिजली गिरने से यह घटना हुई। उन?होंने बताया कि थाना क्षेत्र के सुब्बा पांडेय का पुरवा निवासी मुकेश पासी (28) और लोरिक पुर निवासी रंजीत कुमार (25) आम के बाग में आम के लिए गए थे। उन्होंने बताया कि मुकेश और रंजीत मौसेरे भाई थे जो बाग में आकाशीय बिजली गिरने से उसकी चपेट में आ गए और दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर विधिक कार्यवाही की जा रही हैं।

## नागपुर हवाई अड्डे को 24 घंटे में दूसरी बार बम होने की झूठी धमकी मिली

नागपुर । डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को मंगलवार तड़के 24 घंटे में दूसरी बार बम की धमकी मिली, लेकिन तलाशी के दौरान कुछ भी नहीं मिला। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। हवाई अड्डे के अधिकारी ने बताया कि आधी रात के कुछ देर बाद शौचालय में बम होने का ईमेल मिला था। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को सोमवार सुबह भी इसी तरह का धमकी भरा ईमेल मिला था। अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा एजेंसियों ने हवाई अड्डे पर तलाशी ली पर कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। देश के जिन 40 से अधिक हवाई अड्डों को 18 जून को बम होने की झूठी धमकी मिली थी उनमें नागपुर हवाई अड्डा भी शामिल था। इसे इसी तरह की धमकी अप्रैल में भी मिली थी जो बाद में झूठी निकली।

## लुटेरी दुल्हन निकली एचआईवी संक्रमित, गांव में मचा हड़कम्प

**पांच लोगों के साथ मना चुकी है सुहागरात, जेल जाने के बाद किया खुलासा**

मुजफ्फरनगर। यूपी के जनपद मुजफ्फरनगर में एक अजीब और गरीब मामला सामने आया है। जहां झूठ बोलकर शादी करने और सुहागरात मनाने के बाद नकली जेवर लेकर भागने वाली एक दुल्हन एचआईवी संक्रमित पाई गई। मामले का खुलासा होने पर ससुराल पक्ष में हड़कंप मच गया है और लोग जांच कराने में जुट गए हैं। दरअसल मुजफ्फरनगर के तितावी क्षेत्र के खेड़ी दूधाधारी गांव के रहने वाले बादल के बेटे कविन्द्र ने शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके बाद 6 मई को थाना पुलिस ने लुटेरी दुल्हन समेत 7 महिला और पुरुषों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। कविंद्र का आरोप था कि इन लोगों ने निक्की नाम की महिला से उसकी शादी कराई। उसके बाद दुल्हन उसके घर से नकदी और जेवर लेकर भाग गई थी। कविंद्र की शिकायत पर पुलिस ने लुटेरी दुल्हन समेत पांच महिलाओं समेत सात लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पुलिस को जांच में पता चला कि आरोपी दुल्हन ने कविंदर से शादी करने से पहले चार और अन्य लोगों से शादी की थी। वहीं आरोपी दुल्हन के जेल जाने के डेढ़ महीने के बाद बताया कि वह एचआईवी पीड़ित है। जेल अधीक्षक ने जेल में बंद आरोपी दुल्हन का मेडिकल कराया तो मामला सामने आ गया। मामले का खुलासे होने के बाद जनपद में हड़कंप मचा गया। अब सब लोग अपनी मेडिकल जांच कराने अस्पताल पहुंच रहे हैं। पुलिस जांच में सामने आया कि महिला अब तक पांच शादियां कर चुकी है। सुहागरात के बाद वो घर से नकदी और जेवर लेकर फरार हो जाती थी।

## लव मैरिज के लिए बने कानून, नहीं बना तो करेंगे आंदोलन, हरियाणा की खाप पंचायतों ने दी केंद्र सरकार को चेतावनी

चंडीगढ़। हरियाणा के खाप पंचायत ने केंद्र की मोदी सरकार से मांग की है कि लव मैरिज को लेकर एक कानून बनाया जाए और इसमें मां-बाप से सहमति लेने को अनिवार्य किया जाए। इसके अलावा लिव-इन-रिलेशनशिप को खत्म किया जाए। खाप ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर सरकार उनकी बात नहीं सुनती है तो वे विरोध प्रदर्शन शुरू कर देंगे। कांडेला, माजरा, नौ गामा, बिनैन, कलवा तापा और थुवा काप ने ये मांगें सरकार के सामने रखी हैं। खाप का कहना है कि केंद्र सरकार दोनों मामलों को लेकर कानून नहीं बनाती है तो विपक्ष भी लोकसभा में ये मांग उठाए। माजरा खाप के प्रवक्ता ने कहा कि लव मैरेज या फिर कोर्ट मैरेज पर हमें आपत्ति नहीं है लेकिन इसके लिए मां-बाप की इजाजत लेना जरूरी है। उन्होंने कहा कि जब एक पिता अपनी बेटी को पालकर बड़ा करता है और इसके बाद वह लव के चक्कर में भाग जाती है तो बहुत दुख होता है। इसलिए केंद्र सरकार को इसको लेकर कानून बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि शादी की उम्र सीमा को भी कम किया जाना चाहिए। सरकार को लड़कियों की शादी की उम्र घटाकर 16 साल कर देनी चाहिए। माजरा खाप के गुरविंदर सिंह संधू ने कहा कि 24 खाप पंचायतों की मांग है कि लिव इन रिलेशनशिप ने समाज में गंदगी फैला दी है और इसे गैरकानूनी घोषित किया जाना चाहिए। बता दें कि हरियाणा में अकसर ऑनर किलिंग के मामले सामने आते हैं। हाल ही में हांसी में एक प्रेमी जोड़े की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। दो महीने पहले ही उन्होंने लव मैरेज की थी।

## राशन ना बांटने से नाराज लोगों ने महिला डीलर को चप्पलों की माला पहना गांव में घुमाया

दुमका। झारखंड के दुमका में एक शर्मनाक घटना घटी। यहां एक गांव के लोगों ने एक सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) की महिला डीलर को चप्पलों की माला पहनाकर गांव में घुमाया गया। डीलर पर आरोप लगाया है कि वह कई महीनों से राशन का वितरण नहीं कर रहा था।

पुलिस के मुताबिक घटना दुमका जिले के गोपोकांदर थाना क्षेत्र के मधुबन गांव में की है। गांव वालों का आरोप है कि महिला पीडीएस डीलर कई महीनों से राशन नहीं बांट रही थी। गुस्साए लोगों ने डीलर को चप्पलों की माला पहनाकर गांव में घुमाया। गांव वालों के मुताबिक पिछले चार महीने से पीडीएस के जरिए मिलने वाला राशन नहीं दिया जा रहा था।

गोपोकांदर थाना प्रभारी रंजीत मंडल ने बताया कि विरोध प्रदर्शन के तहत गोविंदपुर-साहेबगंज राज्य राजमार्ग को आधे घंटे से अधिक समय तक जाम रखा गया। उन्होंने बताया कि लाभार्थियों को राशन बांटने का आश्वासन देकर विरोध प्रदर्शन खत्म करवाया और जाम हटाकर यातायात चालू करवाया गया।

बीडीओ गौतम मोदी ने बताया कि जांच में पता चला है कि डीलर ने मई में सिर्फ 60 फीसदी और जून में सात फीसदी राशन बांटा था। जिला आपूर्ति पदाधिकारी विशाल कुमार ने बताया कि उन्होंने बीडीओ को 25 जून को राशन वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। हाल ही में चप्पल पहनाकर सड़क पर घुमाने का एक मामला यूपी के कौशांबी में भी सामने आया था। यहां एक शख्स ने महिला से फोन पर अश्लील बातें की थी, जिसे लोगों ने पकड़कर जूते-चप्पलों की माला पहनाई और पीट-पीटकर पूरे गांव में घुमाया था।

# पंडित नेहरू के बाद लगातार तीसरी बार पीएम पद की शपथ लेने वाले दूसरे नेता बने मोदी



**नई दिल्ली (एजेंसी)**। पीएम नरेंद्र मोदी ने लगातार तीसरी बार देश की सत्ता संभालते ही देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की बराबरी कर ली है। उन्हें वाराणसी की जनता ने लगातार तीसरी बार लोकसभा में पहुँचाया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बहुत ही कम उम्र में अपना घर छोड़ दिया था। स्टेशन पर चाय बेचने वाले से लेकर प्रधानमंत्री बनने तक का सफर उनके लिए आसान नहीं था। मोदी एक करिश्माई और प्रभावशाली नेता हैं जिन्होंने देश के राजनीतिक परिदृश्य पर एक अमिट छाप छोड़ी है। संघ के साथ कार्य करते हुए मोदी ने विभिन्न सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लिया। उन्होंने देशभर में संघ की विचारधारा और कार्यों का प्रचार किया। इस दौरान उन्होंने अनेक कठिनाइयों का सामना किया, लेकिन अपने अदम्य साहस और संकल्प से वे संघ में एक महत्वपूर्ण स्थान बनाने में सफल रहे।

नरेंद्र मोदी का जन्म 17 सितंबर 1950 को मेहसाणा जिले के वडनगर नामक एक छोटे से कस्बे में हुआ था, जो पहले बॉम्बे में था लेकिन अब गुजरात में है। वे भारत के वर्तमान प्रधानमंत्री हैं और आगामी 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का प्रतिनिधित्व करने वाले सबसे उपयुक्त प्रधानमंत्री उम्मीदवारों में से एक थे। बचपन से ही उन्हें कई कठिनाइयों और बाधाओं का सामना करना पड़ा, लेकिन उन्होंने अपने चरित्र और साहस की ताकत से सभी चुनौतियों को अवसरों में बदल दिया। यह विशेष रूप से तब देखने को मिला जब उन्होंने उच्च शिक्षा के लिए कॉलेज और विश्वविद्यालय में प्रवेश लिया, जहाँ उनका रास्ता जीवन की कठोर वास्तविकताओं और दर्दनाक परिश्रम से भरा था। लेकिन एक सच्चे सिपाही की तरह उन्होंने जीवन की इस लड़ाई में सभी गोलियों का सामना किया। एक बार जब वह आगे बढ़ जाता है तो वह कभी पीछे मुड़कर नहीं देखता।

वह पढ़ाई छोड़ने या हारने से इनकार करता है। यह उसके जीवन की प्रतिबद्धता ही थी, जिसने उसे राजनीति विज्ञान में स्नातकोत्तर की पढ़ाई पूरी करने में सक्षम बनाया। उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के साथ काम करना शुरू किया, जो भारत के सामाजिक और सांस्कृतिक विकास पर केंद्रित एक सामाजिक-सांस्कृतिक संगठन है, जिसने उनमें निस्वार्थता, सामाजिक जिम्मेदारी, समर्पण और राष्ट्रवाद की भावना को जन्म दिया। नरेन्द्र मोदी ने आरएसएस के साथ अपने कार्यकाल में विभिन्न अवसरों पर कई महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाईं, जिनमें 1974 का भ्रष्टाचार विरोधी नवनिर्माण आंदोलन और 19 महीने (जून 1975 से जनवरी 1977) की कष्टदायक सेवा अवधि शामिल है, जब 'आपातकाल' के दौरान भारतीय नागरिकों के मौलिक अधिकारों का गला घोंटा गया था।

मोदी ने लोकतंत्र की सच्ची भावना का मार्ग दिखाते हुए पूरे कालखंड में गुप्त अभियानों का मार्गदर्शन करके तथा तत्कालीन केंद्र सरकार के फासीवादी तरीकों के खिलाफ आध्यात्मिक लड़ाई लड़कर लोकतंत्र की बुनियादी बातों को जीवित रखा। 1987 में वे भाजपा में शामिल हो गए और मुख्यधारा की राजनीति में प्रवेश किया। महज एक साल के भीतर ही उन्हें भाजपा की गुजरात इकाई के महासचिव के पद पर पदोन्नत कर दिया गया। इस समय तक वे पार्टी में एक बेहद कुशल संगठनकर्ता के रूप में ख्याति प्राप्त कर चुके थे। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को सही इरादे से तैयार करने का चुनौतीपूर्ण कार्य किया जिसके बाद पार्टी को राजनीतिक लाभ मिलना शुरू हुआ और अप्रैल 1990 में केंद्र में गठबंधन सरकार बनी। हालांकि यह साझेदारी ज्यादा दिनों तक नहीं चली और कुछ ही महीनों में टूट गई, लेकिन भाजपा ने गुजरात पर पकड़ बना ली और 1995 में अपने दम पर दो तिहाई बहुमत के साथ सत्ता में आई। तब से भाजपा गुजरात की निर्देशक है। 1998 में उन्हें भाजपा के महासचिव (संगठन) के रूप में पदोन्नत किया गया, इस पद पर वे अक्टूबर 2001 तक रहे, जब उन्हें गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में गुजरात राज्य का नेतृत्व करने के लिए चुना गया, जो भारत के सबसे समृद्ध और प्रगतिशील राज्यों में से एक है।

## विकीलीक्स संस्थापक जूलियन असांजे ब्रिटिश जेल से हुए रिहा

**लंदन**। विकीलीक्स संस्थापक जूलियन असांजे को ब्रिटिश जेल से रिहा कर दिया गया। विकीलीक्स ने सोमवार शाम लंदन के स्टैनस्टेड हवाई अड्डे पर जूलियन असांजे के फ्लाइट में सवार होने का वीडियो सोशल मीडिया पर साझा किया है। लंदन के समाचार पत्र द गार्जियन ने अपनी रिपोर्ट में इस घटनाक्रम की विस्तार से चर्चा की है। सोमवार रात जारी अदालती दस्तावेजों के अनुसार, 52 वर्षीय असांजे अमेरिकी अदालत में अपनी आजादी के बदले में सैन्य रहस्यों को उजागर करने का दोष स्वीकार करने के लिए सहमत हो गए हैं। अमेरिकी के मारियाना द्वीप समूह की अदालत में दायर किए गए दस्तावेज के अनुसार, असांजे राष्ट्रीय रक्षा जानकारी प्राप्त करने और प्रसारित करने की साजिश के एक भी मामले में दोषी ठहराए जाएंगे।

**◻ अमेरिका से समझौते में जासूसी और इराक युद्ध की जानकारी लीक करने की बात स्वीकारी**

विकीलीक्स ने मंगलवार सुबह ब्रिटिश समयानुसार सूचित किया है कि 'जूलियन असांजे आजाद हैं' और उन्होंने ब्रिटेन छोड़ दिया है। उनके अमेरिकी क्षेत्र में स्थानीय समयानुसार बुधवार सुबह पहुंचने का अनुमान है।जूलियन असांजे पर जासूसी के 17 आरोप और लगभग 15 साल पहले उनकी वेबसाइट पर अमेरिकी दस्तावेजों के प्रकाशन को लेकर कंप्यूटर के दुरुपयोग का एक आरोप था। ऑस्ट्रेलियाई मूल के असांजे ने सात साल तक लंदन में इक्वाडोर के दूतावास में शरण लेने के बाद पिछले पांच साल ब्रिटेन की जेल में बिताए। अमेरिकी अधिकारी चाहते थे कि असांजे को विकीलीक्स पर हजारों गोपनीय दस्तावेजों को प्रकाशित करके कथित तौर पर लोगों का जीवन खतरे में डालने के लिए मुकदमे का सामना करना पड़े, जबकि बचाव पक्ष के वकीलों ने दलील दी कि असांजे के खिलाफ मामला राजनीति से प्रेरित है।असांजे को 62 महीने की जेल की सजा सुनाई जाएगी, जो ब्रिटेन की जेल में बिताई गई पांच साल की सजा के आधार पर पूरी मानी जाएगी।

## सशस्त्र बलों का आधुनिकीकरण समय की मांग, वायुसेना प्रमुख वीआर चौधरी ने कही बड़ी बात



**नई दिल्ली (एजेंसी)**। वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने मंगलवार को कहा कि समकालीन सुरक्षा परिदृश्य सीमा विवाद और आतंकवाद से लेकर साइबर खतरों और क्षेत्रीय अस्थिरता तक 'बहुआयामी चुनौतियां' प्रस्तुत करता है और भारत को इन 'अशांत समय' से निपटने के लिए अपने सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण में निवेश करना चाहिए। यहां एक सेमिनार में मुख्य भाषण देते हुए वायुसेना प्रमुख ने यह भी कहा कि आधुनिक युद्ध की विशेषता तेजी से तकनीकी प्रगति, असममित खतरे और भू-राजनीतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक संदर्भों की व्यापक समझ की आवश्यकता है।

उनकी टिप्पणी दुनिया के कुछ क्षेत्रों में देखे जा रहे संघर्षों के साथ विकसित हो रही भू-राजनीति की पृष्ठभूमि के बीच आई है। तीसरे युद्ध और एयरोस्पेस रणनीति कार्यक्रम की समाप्ति को चिह्नित करने के लिए सुब्रतो पार्क में वायु सेना सभागार में भारतीय वायु सेना, कॉलेज ऑफ एयर वारफेयर और सेंटर फॉर एयर पावर स्टडीज द्वारा सेमिनार की मेजबानी की गई थी। आईएएफ शेफ ने कहा कि इस कार्यक्रम ने हमें विद्वान योद्धाओं की परिभाषा को परिष्कृत करने में सक्षम बनाया है।

एयर चीफ मार्शल ने कहा कि इस बहुआयामी परिदृश्य के लिए ऐसे सैन्य कर्मियों की आवश्यकता है जो न केवल युद्ध में कुशल हों बल्कि अपने कार्यों के व्यापक निहितार्थों की गहरी समझ भी रखते हों। इसलिए, मेरी राय में एक विद्वान योद्धा एक सैन्य पेशेवर है जो आज के 'तेजी से जटिल और गतिशील सुरक्षा वातावरण' में युद्ध कौशल के साथ बौद्धिक कौशल को जोड़ता है।

## बीजेपी-कांग्रेस दोनों संविधान को कर रहे खत्म, बचाने का कर रहे नाटक

**–बसपा सुप्रीमो मायावती ने संवाददाता सम्मेलन में लगाए आरोप**



**लखनऊ (एजेंसी)**। आज आपातकाल की बरसी है और बीजेपी संविधान को लेकर कांग्रेस को निशाना बना रही है तो वहीं इंडिया गठबंधन मोदी सरकार पर आरोप लगा रहा है कि बीजेपी संविधान खत्म करना चाहती है। दोनों ही एक दूसरे पर आरोप लगाते हुए खुद को संविधान और लोकतंत्र का सबसे बड़ा रक्षक होने का दावा कर रहे हैं लेकिन इस बीच बहुजन समाजपार्टी की मुखिया मायावती ने एनडीए और इंडिया गठबंधन पर आरोल लगाया है कि ये दोनों मिलकर संविधान को धीरे-धीरे खत्म कर रहे हैं। लखनऊ में संवाददाता सम्मेलन में मायावती बीजेपी और कांग्रेस पर बरसीं।

संसद में विपक्षी सांसदों द्वारा सत्ता पक्ष को संविधान की प्रतियां दिखाये जाने के मुद्दे पर मायावती ने कहा कि ये दोनों ही पार्टियां एक ही थाली के चट्टे-बट्टे हैं। मायावती ने आरोप लगाया कि इन दोनों ने ही संविधान को जातिवादी, सांप्रदायिक और पूंजीवादी बना दिया है। मायावती ने यह भी आरोप लगाया है कि सत्तापक्ष और विपक्ष की आपस में मिलीभगत है और जबरदस्ती संविधान बचाने का नाटक कर रहे हैं।

मायावती ने आरोप लगाया है कि दोनों ही अपने राजनीतिक स्वार्थ पूरे करने के लिए भारतीय संविधान के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं जो उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि बीजेपी और कांग्रेस ने मिलकर संविधान में इतने संशोधन कर दिये कि अब ये समतामूलक और धर्मनिरपेक्ष नहीं बल्कि पूंजीवादी, जातिवादी और सांप्रदायिक संविधान बनकर रह गया है। मायावती ने आगे कहा कि ये दोनों ही पार्टियां आरक्षण समाप्त करना चाहती हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि यह दोनों पार्टियां एससी, एसटी और आदिवासी वर्ग को संविधान का लाभ नहीं देना चाहती हैं।

## अब यूपी की तरह मुंबई में भी चलेगा बुलडोजर, महाराष्ट्र सीएम ने दिए निर्देश

**–एक पब में युवाओं को नशीला पदार्थों का सेवन करते वीडियो वायरल होने के बाद शिंदे सरकार एक्शन में**

**मुंबई, (एजेंसी)**। यूपी में योगी के बुलडोजर चलाने के बाद अब महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे भी योगी की तरह एक्शन मूड में आ गए हैं। सीएम शिंदे ने शहर में अवैध रुप से चल रहे पब और बार के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के लिए पुणे पुलिस आयुक्त को फोन पर आदेश दिया। यह आदेश एक वीडियो वायरन होने के बाद आया इस वीडियो में पुणे के एक पब में युवाओं को नशीली दवाओं जैसे पदार्थों का सेवन करते हुए दिखाया गया।

सीएम शिंदे ने पुणे के पुलिस आयुक्त अमितेश कुमार को नशीले पदार्थों से जुड़ी अवैध संरचनाओं पर बुलडोजर चलाने और पुणे को नशा मुक्त शहर बनाने के लिए तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। शिंदे ने अधिकारियों को दवा विक्रेताओं के खिलाफ कार्रवाई शुरू करने और निर्माण नियमों का उल्लंघन करने वाले अवैध पब और संरचनाओं को ध्वस्त करने का निर्देश दिया है।

पुणे शहर में नशीले पदार्थ की बिक्री हो रही है, यह बात सामने आने पर सीएम शिंदे ने पुलिस आयुक्त अमितेश कुमार को निर्देश दिए कि पुणे शहर के गैरक़ानूनी पब पर सख्त कार्रवाई करें और नशीले पदार्थ विक्रेताओं पर नए से कड़ी कार्रवाई शुरू करें। इस संदर्भ के अवैध निर्माण कार्यों पर बुलडोजर चलाकर कड़ी कार्रवाई करें। पुणे शहर को नशीले पदार्थ से मुक्त शहर बनाने के लिए जो जरुरी हो वह सभी तरीके अपनाए जाने के निर्देश दिए गए हैं।

पुणे में एक बार में नशीली दवाओं के इस्तेमाल को दिखाने वाले एक वीडियो सामने आने के बाद 8 लोगों को गिरफ्तार किया गया और बाद में पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। घटना के सिलसिले में चार पुलिस कर्मियों को भी निलंबित किया गया है।

## योगी का कांग्रेस पर हमला... चेहरा बदला है नीयत नहीं

**–आपातकाल का विरोध करने वाले सत्ता के लिए कांग्रेस की गोदी में बैठे**



**लखनऊ (एजेंसी)**। समाजवादी पार्टी (सपा) का नाम लिए बिना निशाना साधकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 50 वर्ष पहले कांग्रेस सरकार द्वारा देश पर लागू किए गए आपातकाल का विरोध करने वाले आज सत्ता के लालच में उसी कांग्रेस की गोद में जाकर बैठे हैं, इन्हें देश की जनता कभी माफ नहीं करेगी।

आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर सीएम योगी ने कहा कि 25 जून 1975 को तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने आपातकाल लागू कर संविधान का गला घोंटा था। इसके पहले भी देश की आजादी के बाद कांग्रेस ने संविधान में जबरन संशोधन कर कश्मीर में धारा 370 लागू कराई थी जो देश की एकता और अखंडता के लिए गंभीर खतरा बन गई थी।

सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस के लिए लोकतांत्रिक प्रणाली और संविधान का मखौल उड़ाना कोई नई बात नहीं है। उनके नेताओं को जब मौका मिलता है, तब देश में नहीं बल्कि विदेशी में जाकर संविधान पर सवाल खड़े करते रहे है। कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने पिछले वर्षों में सरेआम संसद में एक विधेयक की प्रतियां जला कर लोकतंत्र का अपमान किया था।

योगी ने कहा कि संविधान का बार बार अपमान करने वाली कांग्रेस का आज सिर्फ चेहरा बदला है, मगर चरित्र वहीं है। वहीं सत्ता के लालच में इमरजेंसी का विरोध करने वाले राजनेताओं द्वारा खड़े किए गए दल कांग्रेस की गोद में जाकर बैठ गए हैं। यह पूरा देश देख रहा है और जनता इस माफ करने वाली नहीं है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बंगाल और केरल सहित आज जहां जहां भी कांग्रेस अथवा उसके सहयोगी दलों की सरकार है,वहां खुलेआम लोकतंत्र का गला घोंटा जा रहा है, जबकि दूसरी ओर कांग्रेस और उसके सहयोगी संविधान की दुहाई देकर संसद की कार्यवाही को बाधित करने का प्रयास कर रहे है जो लोकतंत्र और संविधान का सरासर अपमान है।

## दरवाजे खुले हैं, भतीजे अजित के खेमे के विधायकों को वापस लेने पर बोले शरद पवार



**मुंबई (एजेंसी)**। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी)-सपा प्रमुख शरद पवार ने मंगलवार को संकेत दिया कि उनकी पार्टी के दरवाजे उन विधायकों के लिए खुले हैं, जो भतीजे अजीत पवार के खेमे में चले गए, जिससे पार्टी में विभाजन हुआ। मीडिया से बात करते हुए एनसीपी के दिग्गज नेता ने कहा कि जो विधायक संगठन को मजबूत करने में मदद करेंगे या पार्टी की छवि को नुकसान नहीं पहुंचाएंगे, उन्हें लिया जाएगा। पवार ने कहा कि जो लोग पार्टी को कमजोर करना चाहते हैं उन्हें शामिल नहीं किया जाएगा। लेकिन उन नेताओं को लिया जाएगा जो संगठन को मजबूत करने में मदद करेंगे और पार्टी की छवि को नुकसान नहीं पहुंचाएंगे।

उन्होंने कहा कि हालांकि, यह भी पार्टी (एनसीपी-एसपी) नेताओं और कार्यकर्ताओं से बात करने के बाद ही होगा। शरद पवार ने स्पष्ट किया कि उनके भतीजे, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार का राकांपा में वापस स्वागत नहीं किया जाएगा। अजीत का गुट वर्तमान में सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन के साथ जुड़ा हुआ है, जिसमें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना शामिल है। जुलाई 2023 में एनसीपी विभाजित हो गई जब अजित पवार और कई विधायक भाजपा-शिवसेना सरकार में शामिल हो गए। फरवरी में, भारत के चुनाव आयोग ने अजीत पवार के गुट को असली एनसीपी के रूप में मान्यता दी और इसे प्रतिष्ठित 'घड़ी' प्रतीक आवंटित किया।

2024 के आम चुनावों में अजीत पवार के गुट के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद शरद पवार के खेमे में संभावित वापसी की अटकलें तेज हो गई हैं। अजित पवार की राकांपा ने महाराष्ट्र में लड़ी गई चार सीटों में से केवल एक सीट हासिल की, जबकि शरद पवार की राकांपा ने दस सीटों पर लड़ी गई सीटों में से आठ पर जीत हासिल की।


# अनंत की शादी का निमंत्रण लेकर बाबा विश्वनाश के दरबार पहुंचीं नीता अंबानी

**–चाट का लिया मजा, गंगा आरती में शामिल**

**वाराणसी (एजेंसी)**। रिलायंस फाउंडेशन की चेयरमैन नीता अंबानी ने कहा कि मैं अनंत और राधिका की शादी का निमंत्रण लेकर बाबा विश्वनाथ के दरबार आई। उन्होंने बाबा विश्वनाथ के चरणों में अपने बेटे की शादी का निमंत्रण कार्ड अर्पित कर सुख-सौभाग्य, सुखद दांपत्य जीवन उज्ज्वल भविष्य की कामना की। बाबा विश्वनाथ के मंदिर में प्रवेश से पहले उन्होंने स्वर्ण शिखर को प्रणाम किया। इसके बाद मंदिर के गर्भगृह में पहुंचकर नीता अंबानी ने बाबा विश्वनाथ के चरणों में दो शादी के कार्ड अर्पित किए। एक कार्ड मुकेश अंबानी की ओर से और दूसरा कार्ड राधिका मर्चेंट की ओर से अर्पित किया।

इसके बाद उन्होंने विधि-विधान से बाबा विश्वनाथ का पूजन कर बेटे अनंत व बहू राधिका के लिए आशीर्वाद मांगा। मंदिर के अर्चक श्रीकांत मिश्र और डॉ. राजेश पाठक ने षोडशोपचार पूजन करवाया। नीता ने श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के साथ ही माता अन्नपूर्णा और मां विशालाक्षी के मंदिर में भी विवाह का कार्ड भिजवाया। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन के बाद नीता अंबानी ने श्रद्धालुओं से भी मुलाकात की। दर्शन के लिए कतार में खड़े श्रद्धालुओं ने जब हर-हर महादेव का जयघोष किया, तब नीता अंबानी ने भी हाथ उठाकर हर-हर महादेव का जयघोष करके अभिवादन स्वीकार किया। इसके पूर्व मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा सहित कई अधिकारियों ने नीता अंबानी का स्वागत किया। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन करने के बाद नीता अंबानी दशाश्वमेध घाट की गंगा आरती में शामिल हुईं। गंगा आरती देख वह भावविभोर नजर आईं। 20 मिनट तक गंगा आरती देखने के दौरान नीता अंबानी दोनों हाथ जोड़े, आंखें बंद कर आरती के मंत्रों को सुन रही थीं। यह दूसरा मौका था जब वह दशाश्वमेध घाट पर होने वाली मां गंगा की आरती में शामिल हुईं। गंगा सेवा निधि कार्यालय में ट्रस्टी एवं कोषाध्यक्ष आशीष तिवारी, सचिव सुरजीत सिंह, सचिव हनुमान यादव ने अंगवस्त्रम, मोमेंटो और स्फटिक की माला व प्रसाद देकर स्वागत किया। संस्था के पदाधिकारियों ने नीता अंबानी को आगामी देव दीपावली महोत्सव में शामिल होने का निमंत्रण भी दिया। नीता अंबानी ने आमंत्रण पर अपनी सहमति जाहिर की। इस दौरान डिजाइनर मनीष मल्होत्रा भी मौजूद थे।

अपनी धार्मिक यात्रा के दौरान नीता अंबानी ने श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के लिए 1.51 करोड़ का दान दिया। उन्होंने मंडलायुक्त शर्मा को चेक सौंपा। इसके साथ ही नीता अंबानी ने अन्नपूर्णा मंदिर के लिए भी एक करोड़ रुपये का चेक दिया।



काशी विश्वनाथ मंदिर से निकलने के बाद नीता अंबानी ने कहा कि काफी अच्छा लगा। कई साल बाद बनारस आना हुआ। दस साल में काशी का काफी विकास नजर आ रहा है। कॉरिडोर हो या नमो घाट हर जगह बदलाव दिख रहा है। स्वच्छता में भी काफी बदलाव आया है। इस मौके पर नीता अंबानी ने बनारसी चाट का स्वाद भी चखा। नीता अंबानी का चाट की दुकान पर जाना और सामान्य तरीके से चाट का आनंद लेना लोगों के लिए एक आकर्षण का केंद्र बन गया। उनके सामान्य व्यवहार से दुकान के मालिक और वहां मौजूद अन्य लोगों में खुश दिखाई दिए। नीता अंबानी के साथ बॉलीवुड के मशहूर फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा भी मंदिर पहुंचे। संभावना है कि नीता अंबानी बेटे और बहू के लिए बनारसी परिधानों की खरीददारी करेंगी।

## मेरे विकेटों का काफी श्रेय बुमराह को जाता है, कुलदीप चैंपियन स्पिनर : अर्शदीप




**जॉर्जटाउन (एजेंसी)।** तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने कहा कि जसप्रीत बुमराह की सटीक गेंदबाजी से बाकी भारतीय गेंदबाजों को बेहद दबाव के हालात में भी विकेट लेने का मौका मिल जाता है। अर्शदीप अब तक टी20 विश्व कप में 11.86 की औसत और 7.41 की इकॉनॉमी रेट से 15 विकेट ले चुके हैं। दूसरी ओर बुमराह ने 11 विकेट लिए हैं लेकिन उनका इकॉनॉमी रेट 4.08 ही रहा है। अर्शदीप ने कहा, 'मुझे लगता है कि काफी श्रेय जसप्रीत को जाता है क्योंकि वह बल्लेबाजों पर काफी दबाव बनाते हैं। वह तीन या चार रन ही एक ओवर में देते हैं। उन्होंने कहा, 'ऐसे में मुझे सिर्फ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होता है और विकेट लेने के कई मौके मिल जाते हैं। वे मेरे खिलाफ अधिक जोखिम लेने लगते हैं और फिर विकेट मिलने के मौके बन जाते हैं। इसलिए इसका ज्यादा श्रेय जसप्रीत को जाता है।%

स्पिनर कुलदीप यादव तीन मैचों में सात विकेट ले चुके हैं। उनके बारे में अर्शदीप ने कहा, 'कुलदीप चैम्पियन स्पिनर है। उसे जब भी मौका मिलता है, वह विकेट लेता है। वह टीम का अहम खिलाड़ी है और उम्मीद है कि वह आगे और भी विकेट लेगा। इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल के बारे में उन्होंने कहा, 'इस समय मैं कुछ अपेक्षा नहीं कर रहा हूं। हालात देखकर समझेंगे कि अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कैसे कर सकते हैं।

## भारत की पुरुष और महिला तीरंदाजी टीमों ने हासिल किया ओलंपिक कोटा



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत ने सोमवार को विश्व तीरंदाजी की नवीनतम रैंकिंग के आधार पर पेरिस ओलंपिक के लिए तीरंदाजी में पुरुष और महिला टीम कोटा हासिल कर लिया। भारत ने पुरुष और महिला दोनों वर्गों में क्वालिफिकेशन हासिल करने में नाकाम रहे देशों की रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल कर टीम कोटा पक्का किया। भारत इस तरह से पेरिस में सभी पांच पदक स्पर्धाओं (पुरुष और महिला टीम, व्यक्तिगत और मिश्रित श्रेणियों) में प्रतिस्पर्धा करने का पात्र होगा। पुरुष वर्ग में रैंकिंग के आधार पर भारत और चीन ने कोटा हासिल किया, जबकि महिला वर्ग में भारत के अलावा इंडोनेशिया कोटा हासिल करने वाला दूसरा देश रहा।

# यूं रिटायर हुए ऑस्ट्रेलिया के ओपनर डेविड वार्नर

**न गार्ड ऑफ ऑनर, न स्टैंडिंग ओवेशन, अद्भुत करियर का शर्मनाक अंत...**

**न्यूयार्क (एजेंसी)।** कहते हैं शुरुआत भले ही खराब हो, लेकिन अंत शानदार होना चाहिए। हालांकि, यह बात क्रिकेट वर्ल्ड पर लंबे समय तक राज करने वाले महान ऑस्ट्रेलियाई ओपनर डेविड वॉर्नर इस बात से वंचित रह गए। उनका 15 साल के अंतरराष्टीय क्रिकेट करियर उस समय समाप्त हो गया जब सेंट विंसेंट में अफगानिस्तान ने बांग्लादेश को हराकर ऑस्ट्रेलिया को टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल से बाहर कर दिया। अपने चाहने वालों के बीच हमबुल नाम से मशहूर वॉर्नर ने अपना आखिरी मैच भारत के खिलाफ गयाना में खेला और वह सिर्फ 6 रन बनाकर आउट हो गए थे।




**वनडे वर्ल्ड कप 2023 के बाद ही किया था ऐलान** – उन्होंने नवंबर में भारत पर विश्व कप के फाइनल में जीत के साथ अपना अंतिम वनडे खेला और जनवरी में पाकिस्तान के खिलाफ अपना अंतिम टेस्ट खेला। साथ ही उन्होंने ऐलान कर दिया था कि यह टी20 विश्व कप उनका अंतिम टूर्नामेंट होगा। उन्होंने अगले साल की चैंपियंस ट्रॉफी के लिए वापसी का दरवाजा भी खुला रखा है। हालांकि, ऐसा होता संभव नहीं लग रहा है। उनका टी20 विश्व कप बहुत अच्छा नहीं रहा था।

**भारत के खिलाफ उनका अंतिम प्रदर्शन एक एंटी-क्लाइमेक्स था** – इंटरनेशनल क्रिकेट करियर के आखिरी मैच में उन्होंने छह गेंदों पर छह रन बनाए, जबकि अर्शदीप सिंह की गेंद पर स्लिप में सूर्यकुमार यादव ने एक अच्छा लो कैच लपका। उन्होंने हताशा में अपने दाहिने हाथ से अपने बल्ले पर मुक्का मारा, फिर सिर झुकाकर मैदान से बाहर चले गए। उन्हें नहीं पता था कि यह उनका आखिरी मैच होगा। न उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया और न ही स्टैंडिंग ओवेशन था। किसी को उम्मीद नहीं थी कि अफगानिस्तान खेल कर देगा।

**मैच के बाद विराट कोहली से करते दिखे थे बात** – खेल के बाद उन्हें डेरेन सैमी क्रिकेट ग्राउंड के आउटफील्ड पर विराट कोहली से बात करते हुए देखा गया और जोश हेजलवुड ने कहा कि वॉर्नर को उनके साथियों द्वारा विदाई देने का समय अफगानिस्तान के बांग्लादेश के खिलाफ देर से खेले जाने वाले खेल के परिणाम पर निर्भर करेगा। हालांकि उन्होंने पहले ही वनडे और टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी थी, लेकिन 2024 का टी20 विश्व कप उनका आखिरी विश्व कप था। हालांकि, वॉर्नर 2025 चैंपियन ट्रॉफी के लिए अपने देश की सेवाओं की आवश्यकता होने पर उपलब्ध रहेंगे।

**ऐसा रहा डेविड वॉर्नर का इंटरनेशनल करियर** – डेविड वॉर्नर ने 112 टेस्ट करियर में 44.60 की औसत से 8,786 रन बनाए हैं, जिसमें 70.19 का स्ट्राइक रेट है। इसके अलावा वनडे में उन्होंने 161 मैचों में 6,932 रन बनाए हैं। ऑस्ट्रेलिया के महानतम क्रिकेटरों में से एक के संन्यास लेने के साथ ही एक अध्याय समाप्त हो गया।

## अख्तर ने की रोहित की तारीफ कहा- काश वह आज 150 रन बनाते

**ग्रोस आइलेट (एजेंसी)।** पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर शोएब अख्तर ने भारतीय कप्तान रोहित शर्मा की तारीफ की और कहा कि 37 वर्षीय रोहित शर्मा ने मौजूदा टी20 विश्व कप 2024 के सुपर आठ मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शानदार खेल दिखाया। रोहित ने 224.39 की स्ट्राइक रेट से 41 गेंदों पर 92 रन बनाए। उन्होंने क्रीज पर अपने समय के दौरान 7 चौके और 8 छक्के लगाए। भारतीय कप्तान दुर्भाग्यशाली रहे कि 12वें ओवर में मिशेल स्टार्क की गेंद पर आउट होने के बाद सिर्फ आठ रन से शतक से चूक गए। अख्तर ने कहा कि भारतीय कप्तान ने मैच की पहली पारी में वही किया जो उन्हें करना चाहिए था और उन्होंने कहा कि वह रोहित को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 150 रन बनाते देखना चाहते थे। अख्तर ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किए गए एक वीडियो में कहा, वनडे विश्व कप फाइनल में ऑस्ट्रेलिया से हार के बाद भारत जिस अवसाद से गुजर रहा था, वह जुनून में बदल गया है। भारत ऑस्ट्रेलिया को हराना चाहता था। रोहित शर्मा ने वही किया जो उन्हें करना चाहिए था। उन्होंने शानदार इरादे से खेला, जिस तरह से स्टार्क ने उन्हें आउट किया। काश वह आज 150 रन बनाते।




गौर हो कि टी20 विश्व कप 2024 के सेमीफाइनल में टीम इंडिया की एंट्री कंफर्म हो गई है। सेंट लुसिया के मैदान पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सुपर 8 के तहत खेले गए मुकाबले में टीम इंडिया को 24 रन से विजयी मिली। रोहित शर्मा ने 41 गेंदों पर 92, सूर्यकुमार यादव ने 31, शिवम दुबे ने 28 और हार्दिक पांड्या ने 27 रन बनाकर स्कोर 205 तक पहुंचाया था। जवाब में खेलने उतरी ऑस्ट्रेलिया टीम की ओर से ट्रेविस हेड ने 76 तो मिचेल मार्श ने 37 रन जरूर बनाए लेकिन वह टीम को जीत नहीं दिला पाए। ऑस्ट्रेलिया ने 7 विकेट खोकर 181 रन ही बनाए और 24 रन से मुकाबला गंवा दिया।

# शाबाश पठान... विदेश मंत्री का राशिद खान को वीडियो कॉल, स्वागत की गजब तैयारी

**काबुल (एजेंसी)।** भले ही टी20 वर्ल्ड कप 2024 की चैंपियन कोई भी टीम बने। लेकिन इसको याद अफगानिस्तान के दमदार प्रदर्शन के लिए किया जाएगा। किस तरह इस टीम ने अपने सामने बड़ी-बड़ी टीमों को घुटनों पर ला दिया। एक ही टूर्नामेंट में पहले न्यूजीलैंड और फिर ऑस्ट्रेलिया को हराकर इतिहास रच दिया। इसी के साथ सेमीफाइनल में भी पहली बार अपनी जगह बनाई। राशिद खान की कप्तानी वाली इस अफगानी टीम की जितनी तारीफ की जाए उतनी कम। अफगानिस्तान ने अपने आखिरी सुपर 8 के मुकाबले में बांग्लादेश को 8 रन से हराकर सेमीफाइनल का टिकट कटाया। पूरा क्रिकेट जगत इस वक्त अफगानिस्तान को





सेमीफाइनल में पहुंचने की बधाई दे रहा है। ऐसे में अफगानिस्तान के विदेश मंत्री ने भी अपनी टीम को खूब मुबारकबाद दी।

**सेमीफाइनल में पहुंचने की मुबारकबाद भी दी** – राशिद खान एंड कंपनी के इतिहास रचने के बाद अफगानिस्तान के विदेश मंत्री मवलवी आमिर खान ने टीम के कप्तान यानी राशिद खान से वीडियो कॉल पर बातचीत की। वह राशिद से पश्तो भाषा में बात कर रहे थे। उनके बात करने के तरीके से लग रहा था कि वह टीम के प्रदर्शन से काफी ज्यादा खुश हैं। विदेश मंत्री मवलवी आमिर खान ने राशिद खान और उनकी टीम को सेमीफाइनल में पहुंचने की मुबारकबाद भी दी।

**अफगानिस्तान ने बांग्लादेश को रोमांचक मैच में हराया** – बांग्लादेश के खिलाफ करो या मरो के मुक ाबले में राशिद खान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में अफगानिस्तान ने 5 विकेट पर 115 रन बनाए। रहमानुल्लाह गुरबाज ने टीम के लिए सर्वाधिक 43 रन की पारी खेली। हालांकि अफगानिस्तान की पारी के बाद मैच में बारिश हो गई, जिसके चलते बांग्लादेश की पारी से एक ओवर काटा गया और उनको 19 ओवर में 114 रन का टारगेट मिला। 114 रन के टारगेट का पीछा करते हुए बांग्लादेश की बल्लेबाजी पूरी तरह से फ्लॉप हो गई और वह 17.5 ओवर में 105 रन पर ऑल आउट हो गए। अफगानिस्तान के लिए राशिद खान और नवीन उल हक ने 4-4 विकेट लिए। वहीं 1-1 विकेट फजलहक फारूकी और गुलबदीन नईब को भी मिला।

# रोहित शर्मा ने की बाबर आजम के रिकॉर्ड की बराबरी, बतौर कप्तान जीते सबसे ज्यादा मैच

**आस्ट्रेलिया पर शानदार जीत**

**ग्रोस आइलेट (सेंट लूसिया) (एजेंसी)।** स्टार भारतीय बल्लेबाज और कप्तान रोहित शर्मा ने टी20 क्रिकेट में कप्तान के तौर पर सबसे ज्यादा जीत के मामले में बाबर आजम के उल्लेखनीय रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। रोहित शर्मा ने डेरेन सैमी नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में टी20 विश्व कप 2024 के सुपर आठ मैच में ऑस्ट्रेलिया पर भारत की 24 रन की जीत के बाद यह उपलब्धि हासिल की।

फिलहाल रोहित शर्मा ने टी20 प्रारूप में 60 मैच खेलकर भारत को 48 जीत दिलाई हैं। इस बीच पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने 85 मैचों में मेन इन ग्रीन का नेतृत्व




किया और 48 जीत हासिल करने में सफल रहे। युगांडा के कप्तान ब्रायन मसाबा 20 ओवर के प्रारूप में अपनी टीम को 45 जीत दिलाने के बाद लिस्ट में तीसरे स्थान पर हैं।

मैच की बात करें तो सेंट लुसिया के मैदान पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सुपर 8 के तहत खेले गए मुकाबले में टीम इंडिया को 24 रन से विजयी मिली। रोहित शर्मा ने 41 गेंदों पर 92, सूर्यकुमार यादव ने 31, शिवम दुबे ने 28 और हार्दिक पांड्या ने 27 रन बनाकर स्कोर 205 तक पहुंचाया था। जवाब में खेलने उतरी ऑस्ट्रेलिया टीम की ओर से ट्रेविस हेड ने 76 तो मिचेल मार्श ने 37 रन जरूर बनाए लेकिन वह टीम को जीत नहीं दिला पाए। ऑस्ट्रेलिया ने 7 विकेट खोकर 181 रन ही बनाए और 24 रन से मुकाबला गंवा दिया।

## ऑस्ट्रेलिया पर जीत के बाद बोले भारतीय टीम के कप्तान : मायने नहीं रखता अर्धशतक या शतक

**ग्रोस आइलेट (सेंट लूसिया) (एजेंसी)।** वह संभवत~ रिकॉर्ड तोड़ शतक बनाने से चूक गए लेकिन भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के लिए निजी उपलब्धियां मायने नहीं रखती और उनका एकमात्र लक्ष्य गेंदबाजों को मैदान के चारों ओर शॉट लगाकर उन पर दबाव बनाना था। रोहित ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सुपर आठ चरण के आखिरी मैच में 41 गेंद में सात चौकों और आठ छक्कों से 92 रन की आक्रामक पारी खेली जिससे भारत ने पांच विकेट पर 205 रन का मौजूदा टूर्नामेंट का अपना सर्वोच्च स्कोर बनाकर 24 रन से जीत दर्ज की।

टी20 विश्व कप में सबसे तेज शतक का रिकॉर्ड वेस्टइंडीज के क्रिस गेल के नाम है जिन्होंने 2016 में 47 गेंदों में तिहरा अंक छुआ था। रोहित इस रिकॉर्ड को तोड़ने के बिल्कुल करीब थे। मैच के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए रोहित ने कहा कि वह बस उसी अंदाज में बल्लेबाजी करना चाहते थे जैसे अब तक करते आए हैं। रोहित ने मैच के बाद कहा, 'जब आप खुले दिमाग से खेलते हैं और सिर्फ एक शॉट के बारे में नहीं सोचते तो आप मैदान के सभी हिस्सों में रन बना सकते हैं। यह एक अच्छा विकेट था और आप शॉट खेलने के लिए खुद को तैयार करना चाहते हैं। मैं पिछले कुछ वर्षों से ऐसा करने की कोशिश कर रहा हूं और मुझे खुशी है कि आज यह संभव हो पाया।

उन्होंने कहा, 'अर्धशतक और शतक मायने नहीं रखते, मैं बस उसी अंदाज से बल्लेबाजी करना चाहता था जैसे करता आया हूं। आप बड़ा स्कोर बनाना चाहते हैं।

# आस्कर या एमी, गुलबदिन नायब के मैच के दौरान मैदान पर गिरने पर मचा बवाल

**किंग्सटाउन (एजेंसी)।** बांग्लादेश के खिलाफ टी20 विश्व कप सुपर आठ चरण के आखिरी मैच में अफगानिस्तान के कोच जोनाथन ट्रॉट ने अपने खिलाड़ियों को धीमे खेलने का इशारा किया और फिर गुलबदिन नायब नाटकीय




ढंग से कमर के बल गिर गए जिससे पूर्व क्रिकेटरों ने सवाल उठाया है कि क्या वह वाकई तकलीफ में थे। स्लिप में फील्डिंग कर रहे नायब ने 12वें ओवर में ऐंठन की शिकायत की।

इससे पहले ट्रॉट को अपने खिलाड़ियों को खेल की गति धीमी करने का इशारा करते कैमरे पर देखा गया था चूंकि बारिश के कारण खलल पड़ने पर डकवर्थ लुईस प्रणाली से उनकी टीम आगे चल रही थी। मैच में कई बार बारिश के कारण बाधा पड़ी। उस समय बांग्लादेश सात विकेट पर 81 रन बना चुकी थी और 19 ओवर में 114 रन के संशोधित लक्ष्य से दो रन पीछे थी। अफगानिस्तान ने आठ रन से जीत दर्ज करके पहली बार विश्व कप सेमीफाइनल में जगह बनाई।


साइमन डाउल ने कमेंट्री करते समय कहा, 'कोच संदेश दे रहे हैं कि धीमे हो जाओ और अचानक पहली स्लिप में खड़ा खिलाड़ी बिना वजह गिर जाता है। यह अस्वीकार्य है। जिम्बाब्वे के कमेंटेटर पॉमी एम्बांग्वा ने कहा, 'आस्कर या एमी' नायब को उपचार दिया गया और तेज गेंदबाज नवीनुल हक उन्हें मैदान से बाहर ले गए। इसके बाद फिर बारिश शुरू हो गई और खिलाड़ी डगआउट में चले गए। थोड़ी देर बाद खेल बहाल हुआ। नायब 13वें ओवर में मैदान पर लौट आये और 15वें ओवर में तंजीम हसन का विकेट भी लिया।

भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने एक्स पर लिखा, 'गुलबदिन नायब को रेडकार्ड। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने लिखा, 'क्रिकेट की भावना जीवित है। यह देखकर अच्छा लगा कि क्रिकेट के इतिहास में गुलबदिन पहले क्रिकेटर बन गए जिन्होंने गिरने के 25 मिनट बाद आकर विकेट भी लिए। न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर और कमेंटेटर इयान स्मिथ ने लिखा, 'पिछले छह महीने से मैं घुटनों के दर्द से परेशान हूं। अब मैच के बाद मैं सीधे गुलबदिन नायब के डॉक्टर के पास जाऊंगा। वह इस समय दुनिया का आठवां अजूबा है।

# जिद की जीत : अफगानिस्तान के उस सपने की कहानी जिसके पूरा होते ही आंखों से झर-झर गिरने लगे पानी!

**किंग्सटाउन (एजेंसी)।** विषमता से सफलता के सफर में अपने क्रिकेट इतिहास का सबसे सुनहरा पन्ना लिखते हुए अफगानिस्तान ने टी20 विश्व कप सुपर आठ चरण के मैच में डकवर्थ लुईस प्रणाली से बांग्लादेश को 8 विकेट से हराकर पहली बार सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। जैसे ही नवीनुल हक ने 18वें ओवर की चौथी गेंद पर तस्कीन अहमद का विकेट लिया, उनके साथी खिलाड़ियों से लेकर स्टेडियम में मौजूद समर्थकों तक की आंखें भर आई। कैरेबियाई सरजमीं से काबुल तक क्रिकेटप्रेमियों को भावविभोर करने वाली इस उपलब्धि का कयास क्रिकेट पंडित भी नहीं लगा सके थे।

बांग्लादेश को 11वें ओवर में सफलता मिली जब जदरान (29 गेंद में 18 रन) ने हुसैन की गेंद पर अपना विकेट गंवाया। विकेट से मिल रही मदद का पूरा फायदा उठाते हुए बांग्लादेश के गेंदबाजों ने रनगति बढ़ने नहीं दी। तस्कीन अहमद ने गुरबाज के सामने एक मैडन ओवर डाला जिसके बाद शाकिब अल हसन ने अगले ओवर में तीन ही रन दिए। गुरबाज ने 14वें ओवर में दो चौके समेत 13 रन निकाले। मुस्ताफिजूर रहमान और हुसैन ने दस गेंद के भीतर तीन विकेट निकालकर अफगानिस्तान के बड़ा स्कोर बनाने के मंसूबों पर पानी फेर दिया। कप्तान राशिद ने आखिरी ओवर में दो छक्के लगाकर टीम को 100 रन के पार पहुंचाया।







**युद्ध की विभीषिका झेलने वाले देश का दुनियाभर में जश्न** – राजनीतिक अस्थिरता, युद्ध की विभीषिका झेलने वाले देश की ऐसी टीम ने यह कारनामा कर दिखाया जिसके पास अभ्यास के लिए खुद का मैदान तक नहीं है। इस रोमांचक मुकाबले में पासा पल पल बदलता रहा लेकिन आखिर में बाजी राशिद खान के रणबांकुरों के नाम रही जिन्होंने इस जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया जैसे दिग्गज का टूर्नामेंट से बोरिया बिस्तर भी बांध दिया। अब सेमीफाइनल में 27 जून को अफगानिस्तान का सामना दक्षिण अफ्रीका से और भारत की टक्कर इंग्लैंड से होगी। इससे पहले बांग्लादेश के गेंदबाजों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अफगानिस्तान को पांच विकेट पर 115 रन पर रोक दिया।

**मैच में पल-पल बदलता रहा रोमांच** – लेग स्पिनर रिशाद हुसैन ने 26 रन देकर तीन विकेट चटकाए। शानदार फॉर्म में चल रहे सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज भी खुलकर नहीं खेल पाए और 43 रन बनाने के लिए 55 गेंदें खेल डाली। जवाब में अफगानिस्तान ने बांग्लादेश को 17.5 ओवर में 105 रन पर आउट कर दिया। राशिद खान ने 23 रन देकर और तेज गेंदबाज नवीनुल हक ने 26 रन देकर चार चार विकेट लिए। बांग्लादेश के लिए लिटन दास (नाबाद 54) अकेले किला लड़ाते रहे। बारिश के कारण खेल कई बार रूका। अफगानिस्तान ने अब तक बल्लेबाजी और गेंदबाजी में अपनी सलामी जोड़ी के दम पर जीत दर्ज की है और आज भी कहानी वही रही। गुरबाज और इब्राहिम जदरान ने 59 रन की साझेदारी की तो फजलहक फारूकी और नवीनुल ने नयी गेंद से विकेट लिए।

**कप्तान चला है सीना तान, राशिद का जबरदस्त रिकॉर्ड** – शुरुआती विकेट लेने के आदी फारूकी ने तंजीद हसन को दूसरे ही ओवर में पवेलियन भेजा। इसके बाद नवीनुल ने नजमुल हुसैन शांतो और शाकिब अल हसन के कीमती विकेट लिए। बांग्लादेश का स्कोर उस समय तीन विकेट पर 31 रन था जब बारिश के कारण खेल रूका। खेल बहाल होने पर पावरप्ले के छह ओवर में उसने तीन विकेट पर 46 रन बना लिए थे। ऐसे में राशिद ने गेंद संभाली और लगातार ओवरों में विकेट लिए। उन्होंने लगातार दो विकेट लेकर टी20 क्रिकेट में सबसे तेजी से 150 विकेट पूरे करके न्यूजीलैंड के टिम साउदी को पछाड़ा। एक बार फिर बारिश से खलल पड़ा जब बांग्लादेश डकवर्थ लुईस प्रणाली के आधार पर पीछे थी।

**नवीन उल हक ने कर दिया सराबोर** – ऐसे में अफगानिस्तान के हरफनमौला गुलबदिन नैब अचानक ऐंठन के कारण गिर पड़े जिसे खेल में विलंब करने का शिगूफा माना जा रहा है। उधर खेल बहाल होने पर लिटन ने स्क्वेयर लेग में चौका लगाकर अर्धशतक पूरा किया। नवीनुल ने बांग्लादेश के 9वें और 10वें नंबर के बल्लेबाजों को पवेलियन भेजकर कैरेबियाई धरती से काबुल तक अपने प्रशंसकों को जश्न में सराबोर कर दिया। इससे पहले बल्लेबाजी करते हुए अफगानिस्तान के खिलाड़ी खुलकर खेल नहीं पा रहे थे।

# मादक पदार्थमन कर रोकथाम ले होवी ढेइरे कार्जक्रम

- मानव श्रृंखला, मैराथन आउर साईकिल रैली कर होवी आयोजन
- मोरहाबादी मैदान में चलेक वाला तैयारीमन कर भी लेलयं जायजा
- आइज बिहाने 5 बजे से मोरहाबादी में कराय सकीला रजिस्ट्रेसन

सोनू सपरवार, रांची

मादक पदार्थमन कर रोकथाम ले राइज अस्तरीय जागरुकता कार्जक्रम के लेइ के बैठकी 25 जून के आयोजित करल गेलक। इकर अध्यछता रांची उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा करलयं। उपायुक्त कार्यालय कछ में आयोजित बैठकी में अनुमंडल पदाधिकारी सदर, रांची उत्कर्ष कुमार, अपर जिला दंडाधिकारी (बिधि-बेवस्था) राजेश्वरनाथ आलोक, जिला नजारत उपसमाहर्त्ता सुदेश कुमार, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी श्रीमती उर्वशी पाण्डेय, जिला समाज कल्यान पदाधिकारी श्रीमती सुरभि सिंह, जिला खेल पदाधिकारी शिवेन्द्र कुमार आउर अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहयं।



उपायुक्त कार्जक्रम के लेइ के मोरहाबादी मैदान में करल जायेक वाला तैयारीमन कर जानकारी लेते संबंधित पदाधिकारीमन के जरुरी दिसा-निरदेस देलयं। कार्जक्रम कर दौरान नसा कर बिरुद्ध आयोजित करल जायेक वाला बिभिन्न गतिबिधिमन कर संबंध में उपायुक्त जरुरी तैयारी के समय से सुनिश्चित करेक ले कहलयं।कार्जक्रम कर तैयारीमन कर जायजा लेवेक ले उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा मोरहाबादी मैदान भी पहुंचलयं। बेहतर बेवस्था ले उपायुक्त कर द्वारा संबंधित पदाधिकारीमन के उचित आउर जरुरी दिसा-निरदेस देल गेलक। मोरहाबादी मैदान में आयोजित कार्जक्रम में नसा कर बिरुद्ध जन जागरुकता ले मानव श्रृंखला, मैराथन आउर साईकिल रैली कर आयोजन करल गेलक। मैराथन आउर साईकिल रैली ले कइल बिहान 5 बजे से कार्जक्रम अस्थल में इच्छुक बेक्ति आपन रजिस्ट्रेसन कराय सकयंना।

## राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से मिललयं बिरसा कृषि विश्वविद्यालय कर कुलपति



रांची। राज्यपाल-सह-झारखंड कर बिस्वबिद्यालयमन कर कुलाधिपति सीपी राधाकृष्णन से बिरसा कृषि विश्वविद्यालय कर कुलपति डॉ एससी दूबे राजभवन में 25 जून के भेंट करलयं। डॉ दूबे राज्यपाल के बिस्वबिद्यालय कर बिभिन्न सैछनिक व परसासनिक गतिबिधिमन से अवगत करुवालयं। उनके विवि कर 44वां स्थापना दिवस समारोह में आमंत्रित करलयं।

## सेल कर निदेसक एमटीआई अकादमिक डैसबोर्ड कर करलयं उद्घाटन




रांची। सेल ज्ञान उत्सव 2024 कर दूसर दिन 'एचआर- शिक्षण एवं विकास' कॉन्क्लेव कर सुरुआत 25 जून, 2024 के एलएंडडी में भविस कर फोकस उपरे पैनल चर्चा कर संगे होलक। इकर में ग्राहक बिक्री निदेसक (सॉफ्ट स्किल्स) सुमित रुद्र आउर मुध कार्यकारी, सिमुलानिस रमन तलवार सिछन आउर बिकास में एआई, मेटावर्स आदि जइसन उभरत प्रौद्योगिकीमन कर उपयोग में प्रस्तुति देलयं।

उद्योग बिसेसग्यमन कर द्वारा स्टेट ऑफ द क्राफ्ट-एलएंडडी में सर्वोत्तम प्रथामन उपरे एक गो पैनल चर्चा भी आयोजित करल गेलक। भानु शर्मा (अध्यछ आउर बैसविक प्रमुख, एचआर आउर आईटी, टेगा इंडस्ट्रीज लिमिटेड) आउर रवींद्र के सिंह (प्रमुख परसिछन (आरएम), एलएंडडी, एचआरएम, टाटा स्टील लिमिटेड) एलएंडडी में उद्योग कर सर्वोत्तम प्रथामन के साझा करलयं।

सेल कर निदेसक (कार्मिक) केके सिंह एमटीआई अकादमिक डैसबोर्ड कर उद्घाटन करलयं। नवा सिरा से तैयार करल गेल यूट्यूब चैनल लर्निंग@सेल के फिर से समर्पित करलयं। एमटीआई कर आंतरिक पत्रिका ग्रोथ कर स्थापना दिवस बिसेस संस्करन जार अनावरन करलयं। सेल कर निदेसक (कार्मिक) कर संगे एलएंडडी के अगला अस्तर में लेइ जायेक कर तरीका उपरे एक गो ओपन हाउस बातचीत भी आयोजित करल गेलक, जहां निदेसक एलएंडडी के आउर बेसी प्रभावसाली बनायेक उपरे बहुमूल्य जानकारी साझा करलयं।

आखरी में निदेसक (कार्मिक) एमटीआई कर प्रमुख संजय धर कर उपस्थिति में सउब पैनलिस्ट आउर बक्तामन के स्मृति चिन्ह देइ के सम्मानित करलयं। सम्मेलन कर समापन एमटीआई कर महाप्रबंधक प्रभारी (अकादमिक) अतनु मुखर्जी कर द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव कर संगे होलक। एमटीआई का द्वारा आपन स्थापना दिवस समारोह में सांस्कृतिक संध्या कर भी आयोजन करल गेलक। इकर में कर्मचारीमन, उनकर परिवार कर सदस्यमन, अनुबंध कर्मचारीमन संगीत, नाटक, स्किट आदि में आपन प्रतिभा कर परदरसन करलयं।

## ओडीएफ प्लस कर सर्टिफिकेसन देवेक में तेजी लानेक उपरे बल

- उप विकास आयुक्त जिला जल एवं स्वच्छता समिति कर बैठकी करलयं

पलामू। उप विकास आयुक्त सह जिला जल एवं स्वच्छता समिति कर नोडल पदाधिकारी रवि आनंद समाहरनालय सभागार में मंगलवार के जल जीवन मिसन एवं स्वच्छ भारत मिशन टू अंतर्गत करल जायेक वाला काम कर कर समीछा करलयं। ई दौरान ऊ स्वच्छ भारत मिसन टू अंतर्गत बित्तीय बछर 2024-25 ले जिला में निर्धारित लछ कर बिरुद्ध प्रगति कर जानकारी लेलयं। ग्राम अस्तर में स्वछता/ ठोस आउर तरल कचरा परबंधन कर क्रियान्वयन ले ग्राम कार्ज जोजना तैयार करेक से संबंधित समीछा करलयं।

बैठकी में फाइव स्टार श्रेनी में गांव के ओडीएफ प्लस घोसित करेक ले लेइ के माहवार लछ कर निर्धारन व प्रगति उपरे भी चर्चा करल गेलक। ई दौरान ओडीएफ प्लस कर सर्टिफिकेसन देवेक में गति लानेक उपरे बल देवल गेलक। इकर अतरिक्त बेक्तिगत सौचालय निरमान, गोबरधन, सामुदायिक स्वछता केंद्र, कचरा प्लास्टिक प्रबंधन संगे आउरों बिंदुमन उपरे बिस्तारपूर्वक समीछ कइर के बिभिन्न निर्नय लेवल गेलक।



बैठकी में स्वास्थ्य बिभाग कर दन से सउब पीएचसी अस्तर में एक-एक गो समुदायिक सौचालय निरमान के जरुरी बताल गेलक। मौका में सिबिल सर्जन डॉ अनिल कुमार, विद्युत बिभाग कर कार्यपालक अभियंता शंभूनाथ चौधरी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार, पेयजल एवं स्वच्छता बिभाग कर कार्यपालक अभियंता, पंचायती राज पदाधिकारी समिति अन्य उपस्थित रहयं।

## भूमि व राजस्व संबंधित बिसेस लोक अदालत 29 जून के




रांची। झारखंड उच्च न्यायालय कर न्यायामूर्ति-सह-कार्यपालक अध्यछ (झालसा) सुजित नारायण प्रसाद कर दिसानिरदेस आउर न्यायायुक्त-सह-अध्यछ (डालसा, रांची) कर मार्गदरसन में बिसेस लोक अदालत के लेइ के कैंप रांची जिला कर 22 ठो अंचल कार्जालय में लगाल गेलक। सउब कैंप में अंचल कर सीओ, कर्मचारी आउर पीएलवी उपस्थित रहयं। सीसीएल में भी कैंप लगाल गेलक, जेकर में एजेसी-1 राजीव रंजन, अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीस राजेश कुमार सिंह, डालसा सचिव कमलेश बेहरा, सीसीएल कर पदाधिकारी उपस्थित रहयं।

कैंप लगाएक कर मुध उद्देस राजस्व, भूमि अधिग्रहन, बिस्थापन, मुआवजा आउर इकर से संबंधित आउर मामला कर त्वरित निसपादन करेक हय। बिसेस लोक अदालत कर सफल आयोजन ले प्री-लोक अदालत कर बैठकी 24 जून से सुरू होए जाए हे, जे 28 जून, 2024 तक चली। सीसीएल में बैठकी कर दौरान एजेसी-1 कहलयं कि सउब सरकारी संस्थान जे भूमि आउर राजस्व से संबंधित हयं, उनकर वादमन के पहिले से हे चिन्हित करल जाए हे। नोटिस भेजल जात हे। बेसी-से-बेसी नोटिस कर तामिला करुवायेक ले भी निरदेस देलयं, ताकि बिसेस लोक अदालत में बेसी से बेसी वादमन कर त्वरित निस्पादन करल जाए सके। अतिरिक्ति प्रधान न्यायाधीस राजेश कुमार सिंह उपस्थित पदाधिकारीमन के समन्वय स्थापित कइर के बेसी से बेसी वादमन कर निस्तारन उपरे जोर देलयं। ऊ कहलयं कि संबंधित बिभागमन में बिसेस लोक अदालत से संबंधित पोस्टर, बैनर लगाय के अदमीमन के जागरूक करयं। ई जानकारी डालसा सचिव देलयं।

### सीसीएल आउर अंचल कार्जालय में लागलक डालसा कर कैंप

## नागपुरी - कविता

# गाचा

रामदेव बड़ाईक



कांचा उमेर में, चसका लाइग गेलक, हंड़ीया - दारु में,'गाचा' लाइग गेलक।

आयो - आबाक, दुआ लाइग गेलक,
समय सिरे सादी, बिहा होई गेलक।

दुई धांव रिजल्ट, खराब होई गेलक,
पढ़ाई-लिखाई हों,खतम होई गेलक।।

नोकरी-चाकरीक, बेरा सिराय गेलक,
मजदूरी करते, जिनगी गुदइर गेलक।

देखते - देखते , बुढ़ापा आय गेलक,
रोग - दुख बेमारी, सभे धइर लेलक।।

सोचल सपना तो,साकार होई गेलक,
इस्क - मोहब्बत, पेयार होई गेलक।।

कांचा उमेर में, चसका लाइग गेलक,
हंड़ीया - दारु में,'गाचा' लाइग गेलक।


मुद्रक व प्रकाशक **नीलम सिंह** द्वारा झारखंड वनिता उद्योग एसएचजी के लिए श्याम नगर, गांधी नगर सीसीएल कॉलोनी डीएवी गांधी नगर स्कूल के पीछे, थाना-गोंदा, जिला-रांची, राज्य झारखंड-834008 से प्रकाशित एवं शिवा साईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड रातू, काठीटांड़ टेंडर बगीचा के नजदीक, एचपी पेट्रोल पंप, पोस्ट व थाना रातू, रांची, झारखंड-835222 में स्थित प्रिंटिंग प्रेस में मुद्रित। आरएनआई पंजीयन संख्या. **JHABIL/2023/86791**, **संपादक** : नीलम सिंह, **प्रबंध संपादक :** कृशन गोपालका, **सलाहकार संपादक :** रतन लाल अग्रवाल। फोन नंबरः 8210640230, 9934166306, **ईमेल आइडीः** jharkhandwanitaudyog@gmail.com